सुप्रभात
रांची, रविवार
30.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी-नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 346



14 न्यायाधीश खुद को देवता नहीं समझें : सीजेआइ

1 जुलाई 2024 से देश में लागू होने वाले नए कानूनी प्रावधानों को जानें

## सजग नागरिक बनें

# न्याय की नई परिभाषा





श्री चम्पाई सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

आप कहीं से भी किसी भी थाने में जाकर FIR दर्ज करवा सकते हैं, वहां से संबंधित थाने में इसे भेज दिया जाएगा। आप ऑनलाइन या ई-मेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं।

प्राथमिकी के बाद **अनुसंधान में क्या प्रगति हुई है, इसकी जानकारी जांच अधिकारी को पीड़ित या सूचक को देनी होगी।** पहले थाने में जाकर जानकारी लेनी पड़ती थी।

**संगठित अपराध, झपटमारी और मॉब लिंचिंग को भी नए अपराध में शामिल किया गया है।** छोटे अपराधों के लिए सीधे जेल की जगह आरोपी से सामाजिक/सामुदायिक सेवा करने का भी दण्ड दिया जा सकता है।

पहले जहां अपराध के बाद केवल दण्ड आधारित न्याय व्यवस्था थी, वहीं **अब दण्ड की जगह न्याय व्यवस्था पर जोर है** यानी दण्ड ही केवल ना हो, यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो कि पीड़ित को न्याय भी मिले।

18 साल से कम आयु की महिला के साथ **सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को मृत्युदण्ड भी दिया जा सकता है।** जबकि 18 साल से अधिक आयु की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अपराधियों को 20 साल से आजीवन कारावास तक की सजा दी जा सकती है।

नए कानूनी प्रावधानों के अनुसार, **महिला से विवाह करने के झूठे वचन देकर शारीरिक संबंध बनाने के दोषी के लिए अब 10 वर्ष तक की सजा है।** दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल रिपोर्ट अब चिकित्सक को 7 दिन के भीतर देने होंगे।

नए कानूनी प्रावधानों में बालक (child) को परिभाषित किया गया है जो IPC में नहीं था। **महिला एवं बालकों के विरुद्ध अपराध को लिंग तटस्थ (Gender Neutral) बना दिया गया है, इसमें उभयलिंगी (Transgender) को भी सम्मलित किया गया है।**

इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के व्यापक इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, इसमें **ऑडियो-वीडियो संसाधनों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।**

समन, तामिला का सबूत, दस्तावेजी समन के लिए इलेक्ट्रॉनिक सूचना माध्यम का प्रयोग एवं **साक्ष्य केवल लिखित नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक साधनों जैसे: ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग कर रखा जा सकेगा।**

तलाशी या जब्ती की प्रक्रिया में **ऑडियो-वीडियो संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।** इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख या रिकॉर्ड को विधिक दस्तावेज के रूप में मान्यता होगी।

फोरेंसिक जांचकर्ता को **अपराध स्थल पर जाकर साक्ष्य संकलन करने की बाध्यता होगी।** चिकित्सक अभियुक्त का जैविक परीक्षण कर चिकित्सीय साक्ष्य एकत्रित करेंगे।

नए कानूनी प्रावधानों के तहत अब **कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया सम्पन्न करने की व्यवस्था है।**

**आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) लागू होंगे... ये कानून भारतीय दंड संहिता (IPC), दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर लागू होंगे।**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 328214 (IPRD) 24-25

# तबादला का अजब-गजब खेल: स्वास्थ्य विभाग से मृत लिपिक का ट्रांसफर, भेजे गये जेएसएससी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नियुक्तियों की झड़ी लगने जा रही है। इसी उदेश्य से सीएम चंपाई सोरेन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को मजबूत करने में जुट गये हैं। यही कारण है कि कार्मिक विभाग की तरफ से आठ कनीय सचिवालय सहायकों का तबादला कर्मचारी चयन आयोग में किया गया है लेकिन कार्मिक ने जो आठ कनीय सहायकों का तबादला किया है, उनमें से एक की मौत महीनों पहले हो चुकी है। उनका नाम शशि रंजन है। तबादले वाली लिस्ट में उनका नंबर पांचवें स्थान पर है। स्वास्थ्य विभाग और कार्मिक विभाग के कई कर्मियों से इस बाबत चर्चा की गयी। सभी ने बताया कि शशि रंजन जो स्वास्थ्य विभाग में कनीय सचिवालय सहायक के पद पर कार्यरत थे, उनका निधन महीनों पहले ही हो चुका है। ऐसे में भला शशि रंजन के मृत होने के बाद विभाग तबादला कैसे कर सकता है? तबादले का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद से ही सचिवालय कर्मियों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे लेकर तरह-तरह की बातें हो रही है।

# राज्य के सरकारी सेवकों को देना होगा संपत्ति का ब्योरा

## जमा करनी होगी पांच साल की परफॉरमेंस रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार के सभी सरकारी सेवकों (ग्रुप डी को छोड़कर) को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देना होगा। कार्मिक विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सरकारी सेवकों को एचआरएमएस पोर्टल के जरिए 15 जुलाई तक संपत्ति का ब्योरा जमा करना अनिवार्य है। इसके साथ-साथ पांच साल की परफॉरमेंस रिपोर्ट भी जमा करनी होगी। वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को वर्ष- 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 का परफॉरमेंस स्व मूल्यांकन प्रतिवेदन जमा करना होगा। इसमें प्रतिवेदक पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून रखी गयी है, जबकि समीक्षी पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 10 जुलाई और स्वीकरण पदाधिकारियों के स्तर से ऑनलाइन मूल्यांकन की अंतिम तिथि 20 जुलाई रखी गयी है।

### नहीं देने पर प्रमोशन से हो जायेंगे वंचित

सरकारी सेवकों और राज्य सेवा के अफसरों द्वारा तय समय सीमा पर रिपोर्ट जमा नहीं करने पर राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले आर्थिक लाभ से वे वंचित हो जायेंगे। साथ ही प्रमोशन में भी पेंच फंस सकता है। मिली जानकारी के अनुसार सरकार के इस आदेश के बाद सरकारी सेवक और राज्य सेवा के अफसर एचआरएमएस पोर्टल पर विवरण जमा करने में लगे हुए हैं। बताते चलें कि राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी अधिकारियों को प्रत्येक तीन साल पर यह ब्योरा जमा करना होता है लेकिन कई अधिकारियों ने राज्य सरकार को अपनी संपत्ति के बारे में कोई सूचना पिछले कुछ वर्षों से नहीं दी है।

## चैंबर ने सीएम से अपराध नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाने का किया आग्रह

# आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : चंपई सोरेन

कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध, अपराध नियंत्रण को लेकर डीजी को दिये गये हैं सख्त निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स तथा सोना- चांदी व्यवसायी समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। चैंबर ने मुख्यमंत्री को राजधानी रांची में हो रही लूट, छिनतई एवं डकैती जैसी आपराधिक घटनाओं से अवगत कराते हुए उसे नियंत्रित करने के लिए समुचित कदम उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक को अपराध नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश दे दिए गए हैं। उन्हें घटित आपराधिक घटनाओं का खुलासा कर उसमें संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार विधि-व्यवस्था को हर हाल में बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गप्तानी, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया और रोहित पोद्दार, पूर्व अध्यक्ष कुणाल आजमानी तथा सोना-चांदी व्यवसायी समिति के डॉ दिलीप सोनी, रवि कुमार पिंटू और जितेंद्र कुमार वर्मा शामिल थे।

## पोटका विधायक ने जन-समस्याओं के शीघ्र निराकरण का किया आग्रह



**रांची।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने शनिवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। संजीव सरदार ने पोटका विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से सीएम को अवगत कराया और इन समस्याओं के निराकरण का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूर्वी सिंहभूम जिले में सर्वेक्षण के आधार पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के संवर्द्धकरण के लिए चिन्हित विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के मास्टर चयन प्रक्रिया में आ रही विसंगतियों को भी दूर करने का भी आग्रह किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पोटका विधानसभा को सभी समस्याओं का निदान किये जाने का भरोसा दिया।

### आजसू के हल्ला बोल कार्यक्रम का चौथा दिन, कार्यकर्ताओं ने कहा

# नौकरशाह और जेएमएम गठबंधन सरकार की मनमानी चरम पर, हर योजना में गड़बड़ी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और सत्ता-सिस्टम की मनमानी के खिलाफ चौथे दिन भी हल्ला बोल कार्यक्रम जारी रखा। अलग-अलग जगहों पर कार्यकर्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की और पब्लिक के काम को लेकर सरकार का ध्यान खींचा। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा है कि सबसे ज्यादा प्रखंड और अंचल कार्यालयों में नौकरशाही-बिचौलिया गठजोड़ के चलते आम आदमी को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अफसरों ने हर काम के लिए रेट फिक्स कर रखा है। अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है और यह योजना बाबूगीरी की भेंट चढ़ रही है। छात्रों को जाति, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अफसरों तथा कर्मचारियों के सामने चिरौरी करनी पड़ती है।

सामाजिक सुरक्षा की तमाम योजनाओं में अनियमितता व्याप्त है। न समय पर राशन मिलता है और न ही जरूरतमंदों को पेंशन। सरकार की किसी भी योजना पर पकड़ नहीं है और सब कुछ झूठे वादे, कोरी घोषणाएं की होड़ मची है। आजसू कार्यकताओं ने कहा है कि जो सरकार लोगों को पीने का पानी तक मुहैया कराने में विफल है, वह झारखंड का हितैषी होने के दावे करती रही है। लूट और करप्शन का पैसी नीचे से ऊपर तक बंट रहा है और आम आदमी अपने हक अधिकार के लिए पिस रहा है।

हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत देवघर जिला के प्रखंड मनोहरपुर, प. सिंहभूम के प्रखंड खुटपानी, गुमला जिला के प्रखंड चैनपुर, धनबाद जिला के प्रखंड बलियापुर समेत कई प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले खूंटी सांसद समेत कई विधायक

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक इरफान अंसारी, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप और विधायक भूषण बाड़ा ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और उसके समाधान की दिशा में त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर शबाना खातून, शशि भूषण राय और मौलाना मदनी साहब भी मौजूद थे।

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम हेमंत और कल्पना सोरेन से मिले

**रांची।** जेल से बाहर आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का स्वागत करने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम भी श्री सोरेन के आवास पहुंचे और उनका स्वागत किया। इस मौके पर श्री सोरेन की धर्मपत्नी और गांडेय विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थिति थीं। इस मौके पर श्री आलम ने कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है और भारतीय संविधान ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि निर्दोष के साथ कभी अन्याय नहीं होगा। श्री आलम ने श्रीमति सोरेन का भी साधुवाद किया कि पति के जेल जाने के बाद भी उन्होंने मजबूती के साथ सांप्रदायिक ताकतों का डटकर मुकाबला किया।

### पूर्व मंत्री आलमगीर के ओएसडी संजीव की बेल पर अब 6 जुलाई को ईडी कोर्ट में सुनवाई

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 जुलाई की तिथि निर्धारित की। बताते चलें कि संजीव लाल ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। संजीव लाल के सहायक जहांगीर के घर से ईडी ने 35.23 करोड़ कैश बरामद किये थे। वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से एजेंसी ने तीन करोड़ बरामद किये थे।

### बिजली खरीद पर अतिरिक्त 260 करोड़ का सालाना बोझ


# 35 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा 200 यूनिट फ्री बिजली का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य वासियों को जल्द ही 200 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम से अधिसूचना जारी होते ही व्यवस्था लागू कर दी जायेगी। इसके लिए जेबीवीएनएल की तैयारी पूरी हो गयी है। वहीं, बीते शुक्रवार हुए कैबिनेट की बैठक में भी राज्य सरकार ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी है।

झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो 200 यूनिट फ्री बिजली व्यवस्था लागू होने से लाभुकों की संख्या बढ़ जायेगी। इसके तहत लगभग 35 से 40 लाख उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। इसके साथ ही जेबीवीएनएल पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा जो सालाना लगभग 260 करोड़ रुपए होगा। फिलहाल राज्य सरकार की ओर से 18 लाख उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त दी जा रही है। ऐसे में आने वाले समय में नयी व्यवस्था लागू होने से उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ जायेगी।

राज्य सरकार का इस योजना पर करीब तीन हजार करोड़ रुपये तक खर्च आयेगा। जबकि सिर्फ बिजली खरीद पर 260 करोड़ तक खर्च किया जायेगा। ऐसे में 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने पर राज्य सरकार की ओर से जेबीवीएनएल को सब्सिडी उपलब्ध करायेगी। फिलहाल 125 यूनिट मुफ्त बिजली के लिए जेबीवीएनएल राज्य सरकार 175 करोड़ सब्सिडी प्रति महीने दे रही है। ऐसे में 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने पर सब्सिडी राशि बढ़ायी जायेगी।



इस योजना का लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जो प्रति महीने 200 यूनिट बिजली उपभोग करेंगे। इससे अधिक बिजली उपभोग करने पर 6.65 प्रति यूनिट बिजली ली जायेगी। राज्य में इस समय कुल 58 लाख बिजली के उपभोक्ता हैं। इनमें 35 से 40 लाख उपभोक्ता 200 यूनिट फ्री बिजली के दायरे में आ जायेंगे।

इस योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ता को झारखंड का निवासी होना चाहिए, जो उपभोक्ता प्रति माह 200 यूनिट या उसे कम बिजली की खपत करते है, केवल वही योजना का लाभ उठा सकते हैं, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता योजना के लिए पात्र हैं। योजना का लाभ लेने के लिये अलग से किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिन लाभार्थियों के द्वारा प्रति माह बिजली की खपत 200 यूनिट या उसे कम होती है, उनका बिजली का बिल शून्य आयेगा। पर यदि 200 यूनिट से अधिक खपत होती है तो उन्हें बिजली बिल का भुगतान करना होगा।

# तीन इंजीनियरों को तीन-तीन साल कैद

### 25 साल पुराना अलकतरा घोटाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सड़क निर्माण विभाग के इंजीनियरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से लाखों रुपये की सरकारी राशि का गबन करने से जुड़े 25 साल पुराने मामले में रांची सीबीआई कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। अलकतरा घोटाले के नाम से चर्चित इस मामले में कोर्ट ने तीन इंजीनियरों को तीन-तीन साल की सजा सुनवाई है। साथ ही अदालत ने ट्रायल फेस कर रहे तीनों आरोपियों जूनियर इंजीनियर विवेकानंद चौधरी, कुमार विजय शंकर (दोनों सेवानिवृत्त) और बिनोद कुमार मंडल पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। तीनों पर आरईओ वर्क्स डिविजन रांची में पदस्थापित रहते हुए पद का दुरुपयोग करते हुए आपराधिक षड्यंत्र के तहत लाखों रुपये के सरकारी राशि का गबन करने का आरोप है।

**1992 से 1997 तक जारी रहा अलकतरा घोटाला :** अलकतरा घोटाला साल 1992-93 से लेकर 1997 तक जारी रहा। घोटाला की जानकारी मिलने के बाद इसकी जांच सीबीआई से करायी गयी। सीबीआई ने इस मामले में छह दिसंबर 1999 को प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोपियों ने 12 अलग-अलग सड़कों की मरम्मत का कार्य दिखाकर अलकतरा की मांग की और सड़कों की मरम्मत किये बिना अलकतरा के लिए आवंटित राशि की निकासी कर ली। सीबीआई के मुताबिक, लगभग 1500 मिट्रिक टन अलकतरा आईओसीएल से ट्रांसपोर्टर के माध्यम से आरोपियों ने प्राप्त किया। अलकतरा लाने वाले को ट्रांसपोर्टर चालान भी दिया लेकिन स्टॉक रजिस्टर में प्राप्ति से काफी कम मात्रा दिखायी गयी। इस गबन को छिपाने के लिए जनवरी 1997 में एक फर्जी अकाउंट तैयार किया गया था। इस अकाउंट में न ही आपूर्ति आदेश और न ही ट्रक नंबर अंकित था।

# राज्य सरकार ने नौ अधिकारी बदले संदीप कुमार बने नये खेल निदेशक

शब्बीर अहमद पलामू, गिरजा शंकर बोकारो और इश्तियाक बनाये गये पाकुड़ जिले के डीडीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने नौ अफसरों का तबदला किया है। इससे संबंधित नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक खेलकूद, पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग के नये निदेशक बोकारो के डीडीसी संदीप कुमार को बनाया गया है। वहीं सुशांत गौरव का पदस्थापन किसी भी विभाग में नहीं किया गया है। बताते चलें कि सुशांत गौरव उद्योग विभाग के निदेशक के अतिरिक्त प्रभार पर भी हैं।

### कौन अधिकारी कहां गए

बोकारो डीडीसी संदीप कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक खेलकूद, पर्यटन कला संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

संयुक्त सचिव झारखंड लोक सेवा आयोग इश्तियाक अहमद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक डीडीसी पाकुड़ के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

संयुक्त सचिव अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग के मो. शब्बीर अहमद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक डीडीसी पलामू के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

संयुक्त सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के गिरिजा शंकर प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक डीडीसी बोकारो के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिमरिया (चतरा) के बिनोद प्रजापति को सेवा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड, रांची से वापस लेते हुए अगले आदेश तक अवर सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखंड के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

अवर सचिव, योजना एवं विकास विभाग के रवि प्रकाश को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपने वेतनमान में अपर नगर आयुक्त आदित्यपुर नगर निगम के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के अनंत कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

अपर समाहर्ता साहिबगंज के पद पर पदस्थापित राज महेश्वरम को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर समाहर्ता, गढ़वा के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी, पदमा (हजारीबाग) के पद पर पदस्थापित मृत्युंजय कुमार की सेवा ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रांची से वापस लेते हुए अगले आदेश तक कार्यपालक दंडाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

# टेंडर घोटाला में मंत्री आलमगीर समेत 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेंडर घोटाला मामले मे मंत्री आलमगीर आलम समेत 9 आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि 12 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई है। अब इनकी अगली पेशी 12 जुलाई को होगी। मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल एवं सहायक जहांगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम समेत सभी 9 आरोपियों की पेशी वीसी से पीएमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को हुई। मालूम हो कि टेंडर घोटाला मामले में ईडी की पहली कार्रवाई 21 फरवरी 2023 को की थी। ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद वीरेंद्र राम के करीबी और सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वीरेंद्र राम को रिमांड पर लेकर हुई ईडी की पूछताछ में टेंडर कमीशन में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। इसी आधार पर ईडी ने 6 मई 2024 को इंजीनियर ठेकदार और मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी। उस छापेमारी में संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से 37 करोड़ से अधिक कैश ईडी ने बरामद किया था। छह मई को संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को पूछताछ के बाद 7 मई को ईडी ने दोनों को गिरफ्तार किया था और दोनों से पूछताछ की थी। इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम को दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई को ईडी ने गिरफ्तार किया था और पूछताछ की गई थी। 30 मई को आलमगीर आलम को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## सांगठनिक दौरे पर रांची पहुंचे असम के सीएम, जनजाति समाज से जुड़े पार्टी के नेताओं से उनके आवास पर मिले

# जन भावनाओं के अनुरूप हो घोषणा पत्र तो आरोप पत्र में गठबंधन सरकार की नाकामियों को करें उजागर: हिमंता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्व शरमा शनिवार को एक दिवसीय सांगठनिक दौरे पर रांची पहुंचे। श्री विश्व शरमा ने आज जनजाति समाज से जुड़े पार्टी के नेताओं से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री विश्व शरमा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, दुमका लोकसभा की प्रत्याशी रही सीता सोरेन, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव के घर पहुंचे। श्री विश्व शरमा ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित घोषणा पत्र समिति, आरोप पत्र समिति, टॉकिंग पॉइंट्स समिति की संयुक्त बैठक एवं युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, सांसद बीडी राम, सीपी सिंह, विरंची नारायण, अनंत ओझा, केदार हाजरा, नवीन जायसवाल, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, गीता कोड़ा, शशांक राज, रविनाथ किशोर, आरती सिंह सहित युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे।



**आरोपों से घिरी है राज्य सरकार**

हिमंत विश्व शरमा ने कहा विधानसभा चुनाव झारखंड की दशा और दिशा तय करेगा। झारखंड निर्णायक मोड़ पर है। राज्य की जनता लूट, भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी से निजात चाहती है। राज्य की जेएमएम गठबंधन सरकार आरोपों से घिरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जनता का संकल्प पत्र होगा। जन संपर्क और संवाद के माध्यम से सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी और विकासोन्मुख घोषणा पत्र तैयार हो। श्री विश्व शरमा ने युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की संयुक्त बैठक को भी संबोधित किया।

**भाजपा से जुड़ी है जनता की उम्मीद :** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जनता की आशा और उम्मीद भाजपा से जुड़ी है। गठबंधन सरकार ने राज्य की जनता के लिए एक भी भलाई के काम नहीं किया। यह सरकार साढ़े चार वर्षों केवल राज्य को लूटने में जुटी रही। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति ने राज्य की डेमोग्राफी को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीद भाजपा से है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि गठबंधन सरकार, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला, युवा विरोधी सरकार है। जनता को इस सरकार से निजात दिलानी है।

### लोग जेल जाते हैं, बेल मिलती है, यह देखना भाजपा का काम नहीं

हेमंत सोरेन की बेल पर उन्होंने कहा है कि हर दिन कई लोग जेल जाते हैं और हर दिन कई लोगों को बेल मिलती है। इसका अकाउंटिंग करना भाजपा का काम नहीं है। यहां तो भ्रष्टाचार चरम पर है। आपराधिक घटनाएं बढ़ीं हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। झारखंड में हुए लोकसभा चुनाव में लोगों ने भाजपा के पक्ष में वोट देकर आखिर क्या मैसेज दिया? लोगों ने बताया कि वह यहां की सरकार से खुश नहीं है।

सुप्रभात
रांची, रविवार
30.06.2024
नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी-नवमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 346



14 संजय झा बने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

न्यूज डायरी

### सरकारी सेवक 15 तक संपत्ति का व्योरा सौंपें

**रांची।** राज्य सरकार के सभी सरकारी सेवकों (ग्रुप डी को छोड़कर) को अपनी चल-अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा। आदेश में कहा है कि सरकारी सेवकों को 15 जुलाई तक संपत्तियों का विवरण जमा करना अनिवार्य है। तय समय सीमा पर रिपोर्ट जमा नहीं करने पर मिलने वाले आर्थिक लाभ से वे वंचित हो जा सकते हैं। साथ ही प्रमोशन में भी पेंच फंस सकता है।

### केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब घोटाले से जुड़े मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को सीबीआइ की ओर से दर्ज मुकदमे में शनिवार को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### यूजीसी-नेट सहित तीन परीक्षाओं की तिथि घोषित

नयी दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) की परीक्षा 21 अगस्त से 04 सितंबर तक आयोजित की जायेगी। 18 जून को आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा पेपर लीक होने की वजह से एक दिन बाद यानी 19 जून को रद्द कर दी गयी थी। आईटीईपी के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) की परीक्षा 12 जून का आयोजित हुई थी और उसी दिन शाम में रद्द कर दी गयी थी।




हेमंत ने भारी बारिश के बीच लोगों को किया संबोधित, कहा

# आज ही करा लें चुनाव भाजपा का सफाया तय





- डर के मारे भाजपा ने साजिश कर जेल भेजा
- झारखंड में झारखंडियों की ही सरकार बनेगी
- आप सभी चुनाव की तैयारी में जुट जायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने शनिवार को धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित करने से पहले अपने आवास के पास भारी बारिश के बीच कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि जब भी मन हो चुनाव करा लें उनका तो सफाया तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में मंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है। हेमंत ने कहा कि सुनियोजित तरीके से उन्हें जेल में रखा गया। जमानत के आदेश में अदालत ने जो लिखा है, उसे देश और राज्य के लोग पढ़ रहे हैं। झारखंड गरीब-गुरबा राज है। हमें समझने में थोड़ा वक्त लगता है, इसीलिए मुझे पांच महीने जेल में रहना पड़ा। हेमंत ने कहा कि न्यायालय ने मुझे बाहर निकाला और हमें न्याय मिला। इस पांच महीने में राज्य शायद और आगे बढ़ सकता था। श्री सोरेन शुक्रवार को हाइकोर्ट के आदेश पर जेल से बाहर निकले हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### केंद्र पर जमकर बरसे बरसे

हेमंत ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कोई भी खड़ा ना हो पाये, वह इसकी साजिश में लगी रहती है। उसी का परिणाम है कि आज दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में बंद हैं। मोदी सरकार में नीट व यूपीएससी पेपर लीक और ट्रेन व एयरपोर्ट दुर्घटनाएं हो रही हैं, पर केंद्र सरकार मौन है। इन लोगों ने सीरिंज से लोगों का खून चूस लिया है। इन लोगों ने संविधान की कई संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर लिया, लेकिन जनता की अदालत सबसे बड़ी अदालत है। उन्होंने कहा, जनता के आशीर्वाद से देश का पहला आदिवासी मुख्यमंत्री बना। विवश होकर मोदी सरकार को पड़ोसी राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाना पड़ रहा है, लेकिन वो रबर स्टैंप है। हेमंत सोरेन का इशारा छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और ओड़िशा के सीएम मोहन चरण माझी की तरफ था।

# भारत ने बनाया फाइनल का सबसे बड़ा टोटल

## टी-20 वर्ल्डकप : विराट ने जड़ा शानदार अर्धशतक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खराब फार्म से जूझ से स्टार खिलाड़ी विराट कोहली के तूफानी अर्द्धशतक( 72) के दम पर भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की टीम को जीत के लिए 177 रनों का लक्ष्य दिया है। भारत के लिए अक्षर पटेल ने भी धमाकेदार पारी (48) खेली, पर वह मात्र दो रनों से पचासा से चूक गये। भारत को यह टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। दक्षिण अफ्रीको को जीत के लिए तय ओवरों में 178 रन बनाने होंगे। अफ्रीकी टीम ने 6 ओवर में 6.95 रन प्रति ओवर की औसत से 2 विकेट पर 48 रन बनाये थे। मैच जीतने के लिए उसे करीब दस रन प्रति ओवर बनाने होंगे। भारतीय गेंदबाजी के सामने यह इतना भी आसान नहीं होगा। अफ्रीकी टीम दस ओवर में 3 विकेट पर 80 रन बना कर खेल रही है। टीम इंडिया की ओर से पहला विकेट बुमराह को मिला। वहीं अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को अब तक एक-एक विकेट मिल चुका था।



### भारत ने टास जीता, पहले बैटिंग

टास जीत कर पहले खेलने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने की। टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर को साउथ अफ्रीकाई गेंदबाजों ने धवस्त कर दिया। केशव मराहाज ने दूसरे ओवर में रोहित शर्मा (9) और ऋषभ पंत (0) को पवेलियन भेज भारत को दोहरा झटका दिया। इसके बाद कगिसो रबाडा ने पांचवें ओवर की तीसरी बॉल पर सूर्युकमार यादव (3) को क्लासेन के हाथों डीप थर्डमैन पर कैच आउट कर दिया।

### विराट और अक्षर की शानदार साझेदारी

इसके बाद भारत की पारी को विराट कोहली ने अक्षर पटेल के साथ मिलकर संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर पावर प्ले में और कोई विकेट न गंवाते हुए टीम का स्कोर 106 रनों तक पहुंचा। दोनों ने भारत के लिए 54 गेंदों में 72 रनों की साझेदारी की। अक्षर पटेल 47 रन बनाकर क्विटन डी कॉक के शानदार थ्रो से रन आउट हो गये। अक्षर ने 1 चौका और 4 छ्क्के लगाये।

### कोहली की विराट पारी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 38वां अर्धशतक लगाया। उन्होंने 48 गेंदों में 4 चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर मार्को जानसेन ने कगिसो रबाडा के हाथों कोहली को कैच आउट कराया। विराट ने 59 गेदों में 6 चौके और 2 छक्कों के साथ 76 रनों की पारी खेली। टीम के लिए शिवम दुबे ने 3 चौके और 1 छक्के के साथ 27 रन बनाये। हार्दिक ने 5 रन, जबकि रविंद्र जडेजा 2 रन बनाकर आउट हुए। इसके साथ ही भारत ने 176 रनों का स्कोर फाइनल में खड़ा किया है। साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज और एनरिक नोर्टजे ने 2-2 विकेट, जबकि कगिसो रबाडा और मार्को जानसेन ने 1-1 विकेट हासिल किया।

**टीम इंडिया :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

**दक्षिण अफ्रीका :** क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नोर्टजे, तबरेज शम्सी।


## एलओसी पर टैंक हादसे में पांच जवान शहीद

**नयी दिल्ली।** लद्दाख में न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास शुक्रवार देर रात सेना के पांच जवान शहीद हो गये। रक्षा अधिकारी के अनुसार टैंक अभ्यास के दौरान नदी पार करते समय अचानक जलस्तर बढ़ जाने से ये हादसा हुआ। सभी जवान टी-72 टैंक पर सवार होकर नदी पार करते समय बह गये। अधिकारियों ने बताया कि सभी जवानों के शव बरामद कर लिये गये हैं।

अधिकारी की ओर से बताया गया कि दौलत बेग ओल्डी से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान यह हादसा हुआ। नदी में अचानक आयी बाढ़ के कारण वे डूब गये। यह गलवान घाटी में संपर्क का पहला बिंदु है, जहां 2020 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच झड़प हुई थी।

(शेष पेज 11 पर)



## स्पीड न्यूज

### ममता ने किया नावा जयपुर क्षेत्र भ्रमण



पाटन पलामू। पलामू लोकसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी ममता भुइयां ने पाटन एवं नावा जयपुर का दौरा किया। इस क्रम में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। ममता ने लोकसभा चुनाव में लोगों से अपने पक्ष में मतदान के लिए आभार जताया। पाटन छतरपुर सहित पूरे पलामू की करीब पांच लाख जनता ने हम पर विश्वास कर वोट दिया है वे बधाई के पात्र हैं।

### हेमंत के जेल से बाहर आने पर बंटी मिठाई



मेदिनीनगर। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेल मिलने की खबर मिलते ही हुसैनाबाद में झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी व आतिशबाजी की। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। मौके पर वरिष्ठ झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र की पोल खुल गयी। न्यायपालिका ने निष्पक्षता का परिचय देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ किसी तरह का साक्ष्य नहीं मिलने पर उन्हें नियमित बेल दे दिया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान की ताकत ने दूध का दूध पानी का पानी कर दिया। मौके पर नेहाल असगर, विवेकानंद सिंह, अशोक सिंह, राम बच्चन बैठा, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष ग्यादुद्दीन सिद्दीकी, सदाम हुसैन, इजहार अंसारी, साहिल कुमार शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

मोहम्मदगंज पलामू। मोहम्मदगंज टोला गोला पत्थर निवासी शंभू रजवार (50) की गुरुवार की देर शाम खलारी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। शव के घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। वह झाड़वरी करने खलारी गया था। गुरुवार को अपनी गाड़ी रोड के बगल में खड़ा किया और बेटे को खाना बनाने को कहा। सब्जी लेने के लिए रोड पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया था। मुखिया कमला देवी, पंसस ममता देवी, उपमुखिया रविरंजन सिंह, पूर्व उपमुखिया सिदार्थ कुमार ने प्रखंड प्रशासन से परिवार को सरकारी सुविधाएं देने की मांग की है।

### रक्तदान शिविर 30 जून को

मेदिनीनगर। प्रकाश चंद जैन सेवा सदन मे 30 जून को रक्तदान शिविर रखा है। जानकारी सेवा सदन के महासचिव सुरेश जैन ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। सभी को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से शरीर में कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता है बल्कि इससे शरीर में नई उर्जा का संचार होता है और स्फूर्ति बनी रहती है।

### मनीष कुमार किये गये सम्मानित



मेदिनीनगर। जयपुर में आयोजित दो दिवसीय लीगल अबिष्ट के राष्ट्रीय सम्मेलन में मनीष कुमार उत्कृष्ट कार्यों के लिए योद्धा सम्मान से सम्मानित किये गये। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर लीगल अबिष्ट ने मनीष को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रदेशों से लीगल अबिष्ट सूचना का अधिकार एक्टिविस्ट ने भाग लिया था।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है प्रखंड सह अंचल कार्यालय : मंदीप सिंह



नीलांबर पितांबरपुर पलामू। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। अध्यक्षता समाजसेवी रामराज सिंह चेरो तथा संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। धरना स्थल पर सभा की गयी। सभा के बाद मुखिया संघ ने अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक सिंह चेरो सहित सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को बेशर्त छोड़ने तथा अंचल निरीक्षक महेंद्र राम पूर्व सीओ चंद्रशेखर कुणाल पर उच्च स्तरीय जांच कर मुकदमा दर्ज करने सहित सात सूत्री मांग अंचल के बड़ा बाबू को सौंपा। बताते चलें कि एलपीसी मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक को जेल भेज दिया गया। यह देख फर्जी एलपीसी बना है जबकि एलपीसी बनाने में कर्मचारी अंचल निरीक्षक अंचलाधिकारी की अहम भूमिका रहती है। कंप्यूटर ऑपरेटर का काम सिर्फ उसे टाइप करके ईमेल करना है। लेकिन एक अनुबंध कर्मचारियों को उच्च अधिकारियों की बचाने के चलते जेल भेज दिया गया। कार्यक्रम में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनदीप मेहता, पूर्णादीह मुखिया गुड्डी देवी, मुखिया जूली सिंह, मुखिया गीता देवी, मुखिया गुड्डू पासवान,मुखिया बिगन महतो, शैलेश सिंह, छोटेलाल सोनी, कमेश सिंह चेरो, शिवनाथ महतो आदि थे।

### मंगरदाहा घाटी से लूटे गये सामान के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



चैनपुर पलामू। चैनपुर पुलिस ने मंगरदाहा घाटी से दो अपराधियों को लूटे गये मोटरसाइकिल, एक देसी कट्टा, जिंदा गोली, चाकू, मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद व चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि 18 जून को चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी से दो अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति से बाइक, मोबाईल व 1500 रूपये नकद लूटा गया था। इस संबंध में भुक्तभोगी ने चैनपुर थाना में आवेदन देकर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। एसपी, सदर एसडीपीओ, सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर किया गया। छापेमारी के दौरान 28 जून को घटना को अंजाम देनेवाले चैनपुर थाना क्षेत्र के भट्ठी मुहल्ला निवासी राजा कुमार पिता स्व कामेश्वर रजक व अनुराग कुमार पिता अशोक राम बारालोटा को गिरफ्तार कर लिया है।

## लोकसभा चुनाव खत्म होते ही पूर्व सांसद घुरन राम ने छतरपुर विस क्षेत्र में बढ़ायी सक्रियता

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही विधानसभा चुनाव के आहट होते ही प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है। हाल के दिनों में पूर्व सांसद सह भाजपा के वरीय नेता घुरन राम ने विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दिया है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के पूर्व पूर्व सांसद घुरन राम ने भाजपा में शामिल हुए। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले घुरन को भाजपा में शामिल होने पर लोगों को उम्मीद थी कि वह पलामू लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार होंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पूर्व सांसद घुरन राम को चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी विधानसभा का प्रभारी बनाया गया था।



क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों से मिलते पूर्व सांसद।

**मुख्य बातें :** चतरा लोकसभा क्षेत्र में पांकी विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलता मिला है। घुरन राम की सक्रियता से छतरपुर विस क्षेत्र का राजनीतिक तापमान बढ गया है। मालूम हो कि घुरन राम 2018 में लोकसभा का उपचुनाव में सांसद बने थे। घुरन राम के 18 माह का कार्यकाल को लोगों ने काफी सराहा था। पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि वह भाजपा के एक सिपाही के रूप में हैं। वह शुरू से जनता के हितों को लेकर संघर्ष करते रहे हैं इसके साथ ही उनके सुख-दुख में शामिल रहते हैं। आमजनों की सेवा ही उनका पहली प्राथमिकता है। वह आमजनों से मिलने जुलने के लिए गांवों का दौरा कर रहे हैं। पूर्व सांसद घुरन पिछले दो दिनों से पाटन पड़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों के समस्याओं को सुन रहे हैं। पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व का प्रतिफल है कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेवारी देगी उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

## जिले के 54वें डीडीसी बने शब्बीर अहमद









नये डीडीसी शब्बीर अहमद को प्रभार सौंपते पूर्व डीडीसी रवि आनंद।

खबर मन्त्र संवाददाता

**नये डीडीसी बोले- अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता**

मेदिनीनगर। जिले के 54वें उप विकास आयुक्त के रूप में शनिवार को शब्बीर अहमद ने पदभार ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने सभी डीआरडीए व विकास शाखा के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के बाद श्री अहमद ने कहा कि निवर्तमान उप विकास आयुक्त के कार्य को आगे बढ़ाना, विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ मिलकर गति देने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

### विधायक ने कई जगहों पर तालाब के पुनर्जीवन कार्य का किया शिलान्यास

## डालटनगंज का विकास कार्य मील का पत्थर साबित होगा : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक आलोक व अन्य।

मेदिनीनगर/ चैनपुर। डालटनगंज के विकास के लिए शनिवार का दिन महत्वपूर्ण रहा। विधायक आलोक चौरसिया ने वार्ड संख्या 34 में सूर्य मंदिर तालाब के पुनर्जीवन, वार्ड 17 में सामदह तालाब के पुनर्जीवन और वार्ड 18 में गुरियाही तालाब के पुनर्जीवन कार्य हेतु शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का कुल लागत लगभग 5.26 करोड़ रुपये है। शिलान्यास कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने अपने जनप्रतिनिधित्व के लिए जिम्मेदारी को पुनः स्थापित किया। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास को टूटने नहीं देंगे। डालटनगंज विधानसभा वासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वह ईमानदारी से प्रयासरत हैं। शिलान्यास हुए परियोजनाएं केवल बुनियादी सूचना की सेवाओं को मजबूत बनाने के साथ-साथ सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार करने का भी उद्देश्य रखती हैं। सूर्य मंदिर, सामदह तालाब, और गुड़ियाही तालाब की पुनर्जीवन से पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किया जाएगा और साथ ही हमारे महान पर्व छठ पूजा के समय श्रद्धालुओं के लिए सहूलियत होगी। क्षेत्र में कई जगहों पर एक साथ तालाब पुनर्जीवन के लिए शिलान्यास डालटनगंज के लिए प्रगति और समृद्धि की एक नई यात्रा का प्रतीक है।

## बदइंतजामी, लाल फीताशाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पलामू की सिंचाई परियोजना : अमित तिवारी

- किसानों व मजदूरों के हित में आंदोलन का रूख अख्तियार करेंगे भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता



अमित तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष।

मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बद इंतजामी लाल फीताशाही एवं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पलामू की सिंचाई परियोजना। उन्होंने कहा कि रख रखाव एवं मेंटेनेंस के अभाव में पलामू की सारी सिंचाई परियोजना दम तोड़ रही है। पलामू के किसान लगातार अकाल एवं सुखा से परेशान हो रहे हैं। उनकी आर्थिक हालात बद से बदतर होती जा रही है लेकिन सरकार इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं कर रही है। इसके साथ ही साथ समय पर ना खाद्य बीज झारखंड सरकार किसानों को उपलब्ध करा रही है और न ही उनके द्वारा उत्पादित अनाज को सरकार खरीद रही है। उचित समय पर राशि का भुगतान नहीं हो रहा है जिसका नाजायज फायदा बिचोलिये उठा रहे हैं। केंद्र की योजना किसान सम्मन निधि से हजारों किसानों को जानबूझकर वंचित किया जा रहा है। प्रशासनिक पदाधिकारी बिना कारण बताएं सैकड़ो किसानों के खाता को बंद कर रहे हैं ताकि वे इसके लाभ से हो जायें। पलामू में बने सैकड़ो सीरियल चेक डैम लिफ्ट इरीगेशन भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ चुके हैं। उससे किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है। इसकी जानकारी लेने पर विभाग यह बताने की स्थिति में नहीं है कि सीरियल चेक डैम से लिफ्ट इरीगेशन से कितना जमीन का सिंचाई हो रहा है और कितना जमीन का सिंचाई होना था ठेकेदार और विभाग के इंजीनियरों से घालमेल के कारण सारी योजनाओं का निर्माण नहीं बल्कि लुट हो रहा है। सिंचाई योजनाओं को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। राज्य सरकार के द्वारा खाद्य बीज का वितरण सरकार समय पर नहीं कर पा रही है।

## बाल जीवन रक्षा के लिए टीकाकरण जरूरी : सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार

- जिले के एएनएम को नियमित टीकाकरण को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। यूनिसेफ ने सिविल सर्जन सभागार में जिलास्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। इसमें जिले के एएनएम को नियमित टीकाकरण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन अनिल कुमार ने कहा कि बच्चों के जीवन रक्षा के लिए नियमित टीकाकरण कराना आवश्यक है। टीकाकरण को लेकर लोग अपने मन में किसी प्रकार की गलत भावना न पालें। जब बच्चे का जन्म होता है तो 24 घंटे के अंदर हेपेटाइटिस बी बर्थ डोज पांच मिमी देना आवश्यक है। उसके बाद पांच वर्षों तक बच्चों को विभिन्न प्रकार के टीके दिये जाते हैं इसमें ओपी बी एक दो तीन के अलावे विभिन्न प्रकार के टीके हैं जो पांच वर्ष के आयु तक के अंतराल में दिये जाते हैं। कोई ऐसे भी टीके हैं जो छह सप्ताह, दस सप्ताह, चौदह सप्ताह पूरा होने पर दिये जाते हैं।

## पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत करने चार दिनी विदेश यात्रा पर सपत्नीक रवाना हुए पर्यावरणविद कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता

- पर्यावरण धर्म के तहत यात्रा का शुभारंभ करने से पूर्व डीसी को पौधा देकर किया स्वागत
- दिल्ली के स्कूलों में पौधरोपण कर पर्यावरणविद ने बच्चों को पर्यावरण धर्म के प्रति किया जागरूक



मेदिनीनगर। टाउन हॉल में गुरुवार को और दिल्ली के पहाडगंज के राजकीय कन्या विद्यालय में शनिवार को विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनरखी राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष और पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के 47 वां वर्ष पूरा होने के उपरांत इस वर्ष भी पांच देशों और देश के 10 राज्यों में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान लोगों को पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट की जानकारी उपलब्ध कराते हुए पौधरोपण कर हम प्रदूषण दूर कर पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा करेंगे।

### मृतक के परिजनों से मिले दलित कांग्रेस अध्यक्ष



पाटन पलामू। छतरपुर विस क्षेत्र पंचायत यात्रा के दौरान दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान पाटन प्रखंड के कुंवर बांध में सर्पदंश के मृतक गिरा सिंह के घर जाकर परिजनों से मिले। उन्होंने दुख प्रकट करते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया। साथ ही हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मौके पर से ही पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आग्रह किया कि दुखद परिजनों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान करें। उनके साथ मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, संजय पासवान, संतोष रवि, लव सिंह, राकेश दुबे उपस्थित थे।

### बजरंगदल कार्यकर्ता छोटेलाल केशरी की मौत



हुसैनाबाद पलामू। शहर के वार्ड 8 जवाहिर गली निवासी व बजरंगदल के कार्यकर्ता छोटेलाल केशरी (40) का निधन होगया हैं। वे विगत कई माह से किडनी की समस्या से पीड़ित थे। शनिवार की सुबह डाल्टेनगंज में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी तट पर किया गया। उनके निधन पर आरएसएस के जिला संघचालक दिनेश कश्यप, बजरंग दल के लोकनाथ केशरी, भाजपा के विनोद सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशी कुमार, झामुमो के आलोक सिंह, राजद के संजय सिंह यादव, कांग्रेस के धनंजय तिवारी, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, सुरेंद्र पाल, राजेन्द्र पाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अजित अग्रवाल, उदय सोनी ने शोक जताया है।

### पांकी विस में नल जल योजना फेल : ओंमकार



सतबरवा पलामू। पांकी विस क्षेत्र में नल जल योजना पूरी तरह फेल है जिसका जिम्मेवर पांकी विधायक हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पांकी के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे सतबरवा के चपराना में नल जल योजना की हालत देखने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इस गांव में सात जलमीनार बने, लेकिन सब खराब हैं। ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। विधायक को जानकारी दी लेकिन ग्रामीणों को डांट के भगा दिया गया। उन्होंने कहा कि वे उपायुक्त को जानकारी दे चुके हैं और जल्द ठीक कराने की बात कही है। कहा कि इस योजना का ठेकेदार विधायक से मिला हुआ है इसलिए विधायक इसपर कुछ नहीं बोलते। मौके पर मनोज कुमार, पिंटू उरांव, अवधेश कुमार, राजेश कुमार, अशोक यादव, अजीत गुप्ता, संजय गुप्ता, अरुण वर्मा, अमरेश मेहता, लिलेश्वर सिंह आदि भी थे।

## झारखंड के आमजनों को जगाने आया हूं : जयराम

खबर मन्त्र संवाददाता

- हुसैनाबाद के युवाओं ने किया जयराम का भव्य स्वागत



हुसैनाबाद पलामू। जेबीकेएस एस के मुखिया जयराम महतो का हुसैनाबाद के युवाओं ने भव्य स्वागत किया। यह उनका पलामू और गढ़वा दौरा का पहला कार्यक्रम था। जैसे ही हुसैनाबाद में वे प्रवेश किये शहर के दाता नगर में सैकड़ों युवाओं ने फूल माला से स्वागत किया।

इसके बाद शहर सरदार पटेल और डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लंगरकोट में सभा को संबोधित किया। जयराम ने कहा कि मेरा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं बल्कि माफियाओं से झारखंड वासियों को मुक्त कराना है। राज्य अलग होने के 24 वर्ष बाद भी झारखंडियों की अपनी भाषा अपना पहचान नहीं मिल पायी है।

### सर्पदंश से महिला गंभीर तुंबागड़ा में है इलाजरत

मोहम्मदगंज पलामू। प्रखंड अंतर्गत बेगमपुरा गांव निवासी संतोष यादव की पत्नी शर्मिला देवी (25) को सांप ने डंस लिया। घटना गुरुवार देर रात की बतायी जाती है। बताया जाता है कि महिला घर में काम कर रही थी। इसी क्रम में जहरीला सांप ने हाथ में काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने तुरंत इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेदिनीनगर रेफर कर दिया। महिला का इलाज तुंबागाड़ा अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं छतरपुर के लोग : घूरन राम

खबर मन्त्र संवाददाता

- सोन नदी, देवरी से पाइप लाइन के द्वारा आपूर्ति की जाने वाली योजना लटका



छतरपुर (पलामू)। लोकसभा चुनाव होते ही विधानसभा चुनाव की तैयारी जिस तरह से चुनाव आयोग ने शुरू कर दी है। उसी तरह चुनाव लड़ने के मूड में नेताओं का भी क्षेत्र दौरा शुरू हो गया है। शनिवार को छतरपुर प्रखंड मुख्यालय समेत दर्जनों गांव में भाजपा नेता सह पूर्व सांसद घूरन राम ने दौरा किया, जिसमें लोगों ने इस समय गंभीर पेयजल संकट से उन्हें अवगत कराया। पूर्व सांसद ने विजय तारा होटल में प्रेस वार्ता कर बताया कि क्षेत्र में कई समस्याएं हैं, जिसमें पेयजल नितांत आवश्यक है छतरपुर के लोग पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं पर विगत आठ वर्षों से सोन नदी, देवरी से पाइप लाइन के द्वारा आपूर्ति की जाने वाली योजना निर्माण में राज्य सरकार के गलत नीतियों के कारण अटका पड़ा है।

## देश के महापुरूषों का मार्ग अनुसरण कर कर्तव्य पथ को प्रशस्त करें : डॉ एके सिंह

- ऑक्सफोर्ड स्कूल में 11वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि और कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उदघाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

सर्वप्रथम कक्षा बारहवीं की पूजा भारती एवं तनु सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। सिमरन राज कक्षा बारहवीं की छात्रा ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात एंजल गुप्ता, जिया तिवारी व श्रुति रानी ने सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। ग्यारहवीं के छात्रों ने स्वयं को शिक्षकों व विद्यालय परिवार से परिचित कराया।

इसी क्रम में वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता (गेम) का कनिष्ठ छात्रों ने लुत्फ उठाया। सृष्टि सुमेर कक्षा बारहवीं की छात्रा ने हिन्दी में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा बारहवीं के छात्राओं ने कजरा मोहब्बत वाला... व सवार लूं गीत पर मनोहर नृत्य की प्रस्तुति दी। शिक्षकों द्वारा ग्यारहवीं के छात्रों को स्वागत शुभकामनाएँ दी गई। शिक्षक दिलीप मिश्रा, बबलू प्रजापति शिक्षिका तनुश्री एवं रागिनी के द्वारा सफलता सूत्र व कर्म प्रधानता और शैक्षिक महत्व जैसे महत्वपूर्ण संदर्भो के माध्यम से छात्रों को जीवन के रहस्य बताये। अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन सिद्धांतों को अपनाने की आवश्यता पर बल दिया।

## पेयजल समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो जोरदार आंदोलन : आशीष भारद्वाज

खबर मन्त्र संवाददाता



पानी यात्रा के समापन के मौके पर आशीष के साथ जनसमूह।

मेदिनीनगर। पानी नहीं तो वोट नहीं, पलामू को पानी दो, कोयल नदी पर बराज बनाओ के उदघोष के साथ शुक्रवार को विगत पंद्रह दिनों से लगातार चल रहे पानी यात्रा का समापन हुआ। शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के विरोध में स्थानीय डा राजेन्द्र प्रसाद चौक (छहमुहान) पर घड़ा, तसला, बाल्टी, नाद, गैलन के साथ पानी यात्रा किया गया। छःमुहान चौक के प्रदर्शन के पश्चात शहर के बाजार एरिया के विभिन्न मार्गों से होकर शहीद भगत सिंह चौक पर प्रर्दशन का समापन किया गया। समापन के पूर्व संकल्प लिया गया कि जो पानी देगा उसी को वोट देना है, आंदोलन के पहले चरण के पश्चात अगर प्रतिनिधि और सरकार पेयजल संकट मामले का समुचित समाधान नहीं करते है तो पलामू में पेयजल को लेकर उग्र और चरणबद्ध आंदोलन होगा। युवाओं के टीम का नेतृत्व कर रहे पलामू पुत्र आशीष भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा व नगरनिगम चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को पेयजल आपूर्ति पर ठोस कदम उठाना होगा। उन्हें अपने घोषणापत्र में पेयजल उपलब्ध कराने को पहला प्राथमिकता देना होगा नहीं तो पेयजल संकट झेल रहे शहरवासियों का आक्रोश झेलना पड़ेगा। श्री भारद्वाज ने कहा कि पानी यात्रा किसी व्यक्ति विशेष का नहीं ये संपूर्ण पलामू का मांग है। यात्रा के दौरान चलाये गये हस्ताक्षर सह जनजागरण अभियान के तहत संकलित सभी मामलो को जल्द अपने जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और मुख्यमंत्री जी से मुलाकात कर पेयजल संकट के सीमित समय में समाधान करने का ज्ञापन देंगे।

# डीसी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए फर्जी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करने का दिया निर्देश


खबर मन्त्र 27.06.2024 संथाल/बोकारो/बेरमो

पारा शिक्षक बना झोलाछाप डॉक्टर गलत तरीके से 7 साल के बच्चे को लगाई सुई, पैर हुआ नाकाम

## खबर का हुआ असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** बता दे की पिछले दिनों खबर मंत्र में छपी खबर का असर हुआ है इसके बाद उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए लाल बथानी के फर्जी डॉक्टर मजबूर रहमान के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। इसको लेकर उपायुक्त ने सिविल सर्जन अरविंद कुमार को निर्देश दिए हैं कि जांच टीम गठित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

कहां है कि जिले में तमाम फर्जी डॉक्टर के ऊपर नकल कैसे जो भी डॉक्टर फर्जी है उनको चिन्हित करते हुए कार्रवाई करें मैं इसको लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि उपायुक्त महोदय द्वारा कहा गया है कि लाल बथानी गांव के पारा शिक्षक वह डॉक्टर मजबूर रहमान के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

वही लाल बथानी गांव निवासी मोहम्मद यूसुफ अपने बच्चों का पैर का इलाज करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं इसको लेकर उन्होंने उपयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को भी आवेदन सोपा है।

# खनन विभाग ने की छापेमारी, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन पर रोक को लेकर खनन विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खनन विभाग की टीम ने सेक्टर 12 थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन परिवहन पर रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम ने पुलिस लाइन चौक मुख्य सड़क पर बिना खनिज परिवहन के परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए पकड़ा। जिसे टीम ने जब्त कर पुलिस बल के सहयोग से थाना परिसर में लाया एवं संबंधित के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# मन की बात मे आज पीएम डांडे ग्राम की चर्चा करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

देश में कोरोना के वैश्विक महामारी के बाद दांडे गांव की बेटी प्रेरणा मिस्रा द्वारा कई महिलाओं को एक साथ जोड़कर महिला संगठन चला रही हैं

**गोड्डा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद 30 जून रविवार को मन की बात के कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। सबसे बड़ी बात और गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट प्रखंड के दांडे गांव की चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री जी की मन की बात का प्रसारण सभी देश के सभी चैनलों में प्रसारित किया जाता है। गोड्डा भाजपा जिला के सभी बूथों पर एल ए डी द्वारा प्रसारण कार्यकर्ताओं के बीच देखा जाता है। मोदी जी के मन की बात में डाड़े गांव की चर्चा देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के द्वारा किए जाने की बात हैं।
देश में कोरोना के वैश्विक महामारी के बाद दांडे गांव की बेटी प्रेरणा मिस्रा द्वारा कई महिलाओं को एक साथ जोड़कर महिला संगठन चला रही हैं। ये समूह इ कॉमर्स बिजनेस से गांव की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए एक प्रेरणा का स्रोत हो गई। एसएचजी समूह तैयार की और शुरूवात से ढेकी, जाता द्वारा पीसा हुआ प्रोडक्ट चावल मसाला, सत्तू आटा आदि तैयार कर बाजार में कई नामी कंपनियों के माध्यम से बेचने के कारण गांव की महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रयासरत है।

अतः दांडे मंडल में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के 30 जून वाले का प्रसारण को उत्साहपूर्वक भाग लिया जायेगा, ग्रामीण पूरे सजग और उत्साहित हैं। ये बात भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे और भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह ने प्रेस को संबोधित किया। ये जिला के सभी नौ प्रखण्ड के अन्तर्गत सभी बूथों में सुना जायेगा।

## एक नजर में

### पेड़ से लटका मिला गोविंदपुर के अधेड़ का शव



बेरमो /बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड के सीसीएल गोविंदपुर कॉलोनी रहिवासी 36 वर्षीय अधेड़ युवक उमेश महतो ने गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस हत्या अथवा आत्महत्या को लेकर मामले की जांच में जुटी है ।मिली जानकारी के अनुसार मृतक का शव बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी निदेशक भवन पहाड़ी मंदिर के समीप पेड़ से गमछा के सहारे लटका पाया गया, जिसे बोकारो थर्मल पुलिस ने 28 जून की सुबह बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया हैं ।बताया जाता है कि मृतक युवक का सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर कॉलोनी में जेनरल दुकान था। उसका पिता चिंतामन महतो डीवीसी का सेवानिवृत कर्मी है। मृतक की पत्नी मीनाक्षी देवी ने बताया कि उसके दो पुत्री तथा एक पुत्र कुल तीन छोटे छोटे बच्चे है। जो पिता के बिना बेसहारा हो गए है। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसका पति बीते 27 जून की रात्रि घर नही आया, जिसकी तलाश परिजन पूरी रात भर किए ।दूसरे दिन की सुबह घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर पहाड़ी मंदिर समीप उसका शव जंगल में पेड़ से लटका हुआ बरामद किया गया। जिसकी सूचना बोकारो थर्मल पुलिस को दी गई। वही उक्त घटना के बाद बोकारो थर्मल थाना की पुलिस मौत के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### साहिबगज: डीएमओ व सामाजिक कार्यकर्ता में हुई झड़प, प्राथमिक दर्ज



**साहिबगंज।** शनिवार की दोपहर करीब 2:00 बजे के आसपास साहिबगंज डीएमओ कृष्ण कुमार किस्कू व सामाजिक कार्यकर्ता अरशद नसर के बीच झड़प हो गई। जिसको लेकर डीएमओ ने अरशद नसर के खिलाफ नजदीकी थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इसकी जानकारी डीएमओ ने मीडिया को बताते हुए कहा लगातार दो-तीन दिनों से अरशद नसर कार्यालय में आकर बैठे रहते थे जिसकी जानकारी मुझे स्टाफ के द्वारा दी गई मैं जब फील्ड विजिट कर पहुंचा तो देखा कि अरशद नसर कार्यालय के अंदर बैठे हुए हैं तो मैं उनसे पूछा कि कोई काम है किस लिए बैठे हुए हैं उन्होंने कुछ जवाब नहीं दिया इसके बाद एग्रेसिव होकर बात करने लगे। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने को लेकर विभिन्न धाराओं के साथ डीएमओ ने प्राथमिक की दर्ज करवाई है। इस मामले की बात को लेकर अरशद नसर से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

### डीपीएस बोकारो में आयोजित मेधा सम्मान समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की अनुपम छटा

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित मेधा सम्मान समारोह में 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स के साथ साथ विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक पाने वाले तथा समूहवार खेलकूद वाक्पटुता पठन दक्षता लेखन कला संगीत कंप्यूटर साइंस पर्यावरण मैत्री क्विज छायांकन नृत्य अनुशासन व अन्य क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ रहे कुल 144 छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा छात्र परिषद के हेड बॉय व हेड गर्ल को भी सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ बोकारो रेंज के डीआईजी ब्रजेश सिंह अपनी सहधर्मिणी मंजू सिंह के साथ उपस्थित थे। श्री सिंह ने सम्मानित किए गए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता एक दिन का प्रयास नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सतत कठिन परिश्रम समर्पण उनकी लगन व निरंतरता तथा उनके अभिभावकों के त्याग का परिणाम है। यह प्रयास आगे भी जारी रहे, क्योंकि आने वाले समय में अभी और चुनौतियां आएंगी जिसे समझना होगा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने डीपीएस बोकारो की शैक्षिक एवं सह शैक्षिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए मेधा सम्मान समारोह के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। समारोह के दौरान चार अलग अलग वर्गों में विद्यालय के सदनों को भी पुरस्कृत किया गया। सभी को मिलाकर जमुना सदन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। खेलकूद में चेनाब सदन को बेस्ट हाउस का अवार्ड मिला तो शिक्षा और संस्कृति में जमुना हाउस को सबसे अच्छा घोषित किया गया। वहीं बेस्ट हाउस के लिए जमुना को ही चुना गया और मुख्य अतिथि ने हाउस के वार्डन को आरएस लुगानी ट्रॉफी सुपुर्द की। मंच संचालन स्कूल के विद्यार्थी गौरव अनुष्का आरुष एवं मानसी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वाइस हेड बॉय सत्यम राज ने किया।

### साहिबगंज : डॉ अनिल की लिखी लगभग आधा दर्जन पुस्तक हुई प्रकाशित, प्राचार्य ने दिया बधाई



**साहिबगंज।** साहिबगंज कॉलेज प्राचार्य प्रो एसआरआई रिजवी सहित अन्य ने शनिवार को केमेस्ट्री विभाग के एचओडी डा अनिल कुमार को उनके लिखित पुस्तक रिसर्च एडवांसेस इन केमेस्ट्री, फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स ऑफ बायोकेमेस्ट्री, इंट्रोडक्शन टू मेडिसिनल केमेस्ट्री, ए टेक्स्टबुक का इनॉर्गेनिक पॉलीमर केमेस्ट्री, ए टेक्स्टबुक ऑफ ग्रीन केमेस्ट्री, ए टेक्स्टबुक का डेयरी केमिस्ट्री किताब प्रकाशित होने पर शुभकामनाएं व बधाई दिया। वही डा अनिल ने प्राचार्य को उनकी लिखित प्रकाशित पुस्तक का प्रति भेंट किया। प्राचार्य ने कहा कि डा अनिल की यह उपलब्धि उनके कड़ी मेहनत, लगन एवं शैक्षणिक रुचि के कारण संभव हो पाया है। साथ ही डा अनिल को इंडियन एकेडमीसियन एंड रिसर्च एसोसिएशन की ओर से आउटस्टैंडिंग साइंटिस्ट एवं आउटस्टैंडिंग डॉक्टोरल रिसर्च के अवार्ड से भी नवाजा गया है। वही प्रोफेसर डॉ धर्मेंद्र ने कहा कि साहिबगंज जिला और केमिस्ट्री विभाग के लिए यह गर्व की बात है। वही डा अनिल ने कहा की सभी पुस्तक स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए विभिन्न सेमेस्टर में उपयोगी है। साथ ही साथ नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के लिए भी यह पुस्तक सर्वोत्तम साबित होगी। केमिस्ट्री के छात्रों ओर शोधार्थी के लिए एडवांसेस इन केमेस्ट्री रिसर्च माध्यम से केमिस्ट्री के क्षेत्र में नए-नए आयाम पर अपना शोध करने के लिए उत्प्रेरित होंगे। डा कुमार की पुस्तकें ऑनलाइन कमर्शियल साइटों पर भी उपलब्ध है। ज्ञात हो कि डा अनिल कुमार कोरोना काल में छात्रों को ऑनलाइन क्लास कराने और स्टडी मेटेरियल उपलब्ध कराने के लिए यूट्यूब चैनल हॉटस्पॉट केमिस्ट्री बाई डा अनिल कुमार नाम से केमिस्ट्री के प्रैक्टिकल एवं थियोरेटिकल ज्ञान जिला सहित देश विदेश के छात्रों में बांट रहे हैं। विभिन्न इंटरनेशनल जनरल में लगभग 80 से ज्यादा पत्र प्रकाशित किए हैं। उनके शोध पत्र, पेटेंट, पुस्तक में चैप्टर, इंटरनेशनल एवं नेशनल कांफ्रेंस, वर्कशॉप, सेमिनार में लगभग 50 से ज्यादा पत्र प्रकाशित हैं। जो रिसर्च जगत में एक स्तंभ के रूप में विद्यमान है। जिससे शोधार्थियों को भविष्य में अनेक लाभ मिलेंगे। डा अनिल ने लगभग 8 से ज्यादा इंटरनेशनल एवं नेशनल अवार्ड भी अर्जित किए हैं। इससे विभाग के बच्चों में हर्ष का माहौल छाया है। मौके पर डा प्रमोद, डा ध्रुव ज्योति सिंह, डा चंद्रशेखर प्रसाद, डा अवस्थी, डा धर्मेंद्र यादव, चंद्रशेखर प्रमाणिक सहित अन्य प्रोफेसर, कॉलेज कर्मी उपस्थित थे।

# अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सेलकर्मियों के मुद्दे पर सांसदों को सौंपे ज्ञापन

बोकारो। बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने दिल्ली में सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के कई सांसदों से मुलाकात कर सेल कर्मियों के मुद्दों को उठाया। बीएकेएस महासचिव दिलीप कुमार ने सांसद चंद्रशेखर आजाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव धनबाद सांसद ढुलू महतो, सांसद राजेश वर्मा जमुई सांसद अरुण भारतीसांसद विजय बघेल से मुलाकात कर सेल कर्मियों की समस्याओं को सामने रखा। इनमें वेज रिवीजन का एमओए जल्द करने अन्य अधिकारी कर्मचारी का समान एमजीबी तथा पर्क्स साथ ही बचे हुए एरियर का भुगतान करने एनजेसीएस मे सिर्फ निर्वाचित नेताओं को ही जगह देने सेल में प्रत्येक ग्रेड का अलग अलग पदनाम देने सेल की सभी छोटी बड़ी यूनिटों में चुनाव कराने अधिकारी कर्मचारी की छुट्टियां समान करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।


**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Boundary Wall with Concertina wire fencing and security room for DIET Campus, Ratu located in Ranchi District of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 02:00 PM on 18.07.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/1022/2024/2294 Ranchi, Date : 28.06.2024

Sd/-
(Aditya Ranjan), State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 328209 Jharkhand Education Project Council(24-25)#D



**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**निविदा से संबंधित शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 122/जि0प0 दिनांक 14.06.2024 एवं PR No. 326594 तिथि 15.06.2024 के द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई-निविदा पुनर्आमंत्रण सूचना संख्या-12/2023-24 में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | वर्तमान में संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 24.06.2024 से 01.07.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक | 24.06.2024 से 06.07.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 02.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे | 08.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 328172 Panchayati Raj(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**फीड बेस्ड फिशरीज**
**वर्ष 2024-25 अंतर्गत सूचना**

एतद् द्वारा राँची जिला के मत्स्यकृषकों/केज मत्स्यपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 04, दिनांक 30.05.2024 के द्वारा निर्गत तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत राँची जिला के मत्स्य कृषकों के लिए फीड बेस्ड फिशरीज के लिए मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों/आर0ए0एस0/बॉयोफ्लॉक/बॉयोफ्लॉक तालाब के मत्स्य पालकों को अतिरिक्त मछली के उत्पादन हेतु अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड के क्रय पर निम्नांकित तालिका के अनुरूप अनुदान उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान किया गया है। योजना का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र0 सं0 | क्रय किये जाने वाले फीड का प्रकार | ईकाई वार लक्ष्य (टन में) | | सुसंगत विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | 796 | 789 | |
| 1 | झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/P.M.M.S.Y. अंतर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय | 10 | 05 | 1) मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा 25/- रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम-से-कम 24% प्रोटिन गुणवतायुक्त 2 एम0एम0 से बड़े 4 एम0एम0 तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जाएगा। 2) विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा। |
| 2 | 2 एम0एम0 अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का क्रय | 55 | - | 1)राँची जिला के मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को 24% प्रोटिन गुणवतायुक्त 2 एम0एम0 अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड (खुले बाजार से) क्रय पर अधिकतम 50 प्रतिशत् अथवा 25/- रू0 प्रति किलोग्राम फिश फीड के दर से अनुदान देय होगा। 2) एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 किलोग्राम फिश फीड के क्रय पर अधिकतम 17,500/- रू0 का समानुपातिक लाभ देय होगा, जिसका भुगतान डी0बी0टी0 के माध्यम से किया जाएगा। |
| 3 | 2 एम0एम0 से बड़े एवं 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का क्रय | 75 | - | 1) राँची जिला के केज मत्स्य पालकों को दुसरे crop से मछली उत्पादन के लिए 24% प्रोटिन गुणवतायुक्त 2 एम0एम0 से बड़े 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर अधिकतम 1200 कि0ग्रा0 के लिए 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम 25/- रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम 30,000/- रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी। |
| 4 | 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का क्रय | कॉलम क्रमांक 2 एवं 3 के अंतर्गत | - | 1) रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में दुसरे (Second) crop के मछली उत्पादन हेतु एक लाभुक को 90m³ के 1 टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए अधिकतम कुल 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक 4 एम0एम0 तक साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा 25/- रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। 2) बॉयोफ्लॉक टैंक में दुसरे (Second) crop के मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 10m³ के प्रति टैंक (अधिकतम 50 टैंक) के लिए अधिकतम 100 कि0ग्रा0 प्रति टैंक के दर से 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा 25/- रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी। 3) बॉयोफ्लॉक तालाब (0.1 हे0) में दुसरे crop के मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को अधिकतम 2000 कि0ग्रा0 प्रति तालाब (0.1हे0) के दर से 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 50 प्रतिषत् अथवा 25/- रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी। |

दुसरे Crop के लिए अनुमान्य अनुदान के लिए लाभुक को अपने पिछले Crop के आंकड़े यथा मत्स्य बीज संचयन का विवरण संचित मत्स्य बीज की संख्या मछलियों की वृद्धि एवं उत्तरजीविता तथा उपलब्ध एवं बिक्री की गई मछलियों के आंकड़े प्रस्तुत करने होंगे।

अनुदान का लाभ (जहाँ अनुदान नगद भुगतान के रूप में देय है) G.S.T. Billing के माध्यम से वास्तविक रूप से फिश फीड क्रय के पश्चात् ही देय होगा।

उक्त योजना का लाभ लेने के इच्छुक राँची जिला के मत्स्य कृषक/केज मत्स्य पालक विहित प्रपत्र में जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि में आवेदन जमा कर सकते है।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 15.07.2024 (कार्यालय अवधि तक)
आवेदन जमा करने का स्थान - जिला मत्स्य कार्यालय, राँची।
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.328146 Fish(24-25):D


## बेरमो विधायक अपने समर्थकों के साथ पहुचे जारंगडीह खुली खदान परिसर

# कार्य संचालन के लिये सभी संसाधन उपलब्ध करायी जायेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जारंगडीह।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह अपने दौरे के क्रम में शुक्रवार को सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह कोलियरी में डिपार्टमेंटल कार्य चलाने को लेकर पिछले दिनों उनके प्रतिनिधियों द्वारा कथारा महाप्रबंधक के साथ हुई वार्ता के बाद जारंगडीह खुली खदान पहुंचे। विधायक ने डिपार्टमेंटल कार्य चलाने के स्थान के साथ-साथ कामगार भाई बहनों के हितों की जानकारी लिया। यहां उन्होंने कहा कि विभागीय मशीन चलाना और कामगारों के कार्य को सुनिश्चित करना प्रबंधन की जिम्मेवारी है। उच्च प्रबंधन सहित क्षेत्र के महाप्रबंधक ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि डिपार्टमेंटल कार्य के लिए जल्द ही अतिरिक्त मशीन सहित संसाधन उपलब्ध करायी जाएगी एवं किसी भी कामगारों का कोलियरी से अन्य जगहों पर तबादला नहीं किया जाएगा। साथ ही शिफ्टिंग के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने की दिशा में कॉलोनी बसाने की जगह पर समतलीकरण और वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सह आरसीएमयू के कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि सह कथारा क्षेत्रीय सचिव विलसन फ्रांसिस,चंद्रशेखर प्रसाद,अनंत कुमार,जितेन्द्र पासवान,रामधार विश्वकर्मा,राजेन्द्र तिवारी,सौरभ दुबे, राकेश सिंह,मो नसीम,राहुल सिंह,गौतम यादव,धनंजय त्रिवेदी, रविशंकर दुबे, हुलास मंडल, रंजीत ठठेरा, दयाल दास, सुरू मुंडा, रामबृक्ष रविदास, अजय रविदास, रमेश कुमार, सरून यादव, विष्णु जना, बलेमा, सोना मंझियान, सुदामा मोहली, मंती देवी आदि मौजूद थे।

## हूल दिवस समारोह के कार्यक्रम स्थल का डीसी ने लिया जायजा



**बरहेट।** भोगनाडीह में आयोजित हूल दिवस समारोह की तैयारी को लेकर उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से जायजा लिया ।उपायुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों से हूल दिवस की तैयारी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। डीसी ने पचकठीया में स्थित अमर शहीद सिद्धो -कान्हू मुर्मू स्मृति स्थल, भोगनाडीह के सिद्धो-कान्हू पार्क एवं सिद्धो -कान्हू के वंशजों से मिलकर उनसे जानकारी ली। उपायुक्त ने विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिन पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, वे लोग सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

## बीएसएल निदेशक प्रभारी ने सुरक्षा पहलुओं का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद निदेशक प्रभारी कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी एल दास मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा बीके सरतापे सहित हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के अधिकारियों और कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की तथा उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया। निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु संबद्ध पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


## साहिबगंज : पांच बाल श्रमिकों को श्रम मुक्त कराया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**राजमहल।** राजमहल थाना अंतर्गत बाल कल्याण समिति के सदस्य सुधा कुमारी के नेतृत्व में एवं मंथन संस्था के सहयोग से पांच बाल श्रमिक बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया ।शानिवार धावा दल टीम गठित कर राजमहल के फुलवरिया बाजार में एवं राजमहल नया बाजार में छापेमारी अभियान चलाया गया। उसी दौरान फुलवरिया मोहल्ले के मुख्य पथ पर राजमहल बाजार में मौजूद स्थित गैरेजो में छापेमारी कर पांच बाल श्रमिक बच्चों को श्रम करने के दौरान पकड़ा गया। हालांकि राजमहल नया बाजार में मौजूद चिकन शॉप में श्रम कर रहे एक बच्चे को प्रतिष्ठान वाले ने ढाबा दल टीम को देखकर भागने का कोशिश किया लेकिन वह असफल रहे। जिसके बाद रेस्क्यू किए गए सभी बच्चो को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद बच्चों के माता/ पिता को सूचित कर बाल कल्याण समिति के समक्ष बुलाया गया और बांड भरवा कर उन्हें बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया। वही मौके पर धाबा दल टीम में सुधा कुमारी, शिव प्रसाद ओझा, मोहम्मद इकबाल अंसारी,महताब अंसारी आदि मौजूद रहे।

## महिला समिति द्वारा जैविक उद्यान में वाटर कूलर का उद्घाटन



**बोकारो।** महिला समिति बोकारो की अध्यक्षा अनीता तिवारी ने शुक्रवार को नगर के सेक्टर 4 स्थित जवाहर लाल नेहरू जैविक उद्यान में वाटर कूलर का शुभारंभ किया। इस व्यवस्था से आम जनता को 24 घंटे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो पाएगा। मौके पर प्रीति शरण मोनिका रंगानी निशा श्रीवास्तव तथा इति रथ व समिति की सचिव वंदना झा उपसचिव ऋचा प्रियदर्शिनी कोषाध्यक्ष रीता रानी, श्वेता कुमार सुरभि प्रभारी अभिरुचि प्रिया पुष्पा भारतीय अनिशा झा नीतू सुनीत प्रीति राजेश जया मधुलिका आशा राज समिता मोहंती आदि मौजूद थीं।

समय
संवाद

धीरे-धीरे इतिहास के ये जलयुद्ध तो खत्म हो गए, लेकिन बेहतरीन नाव निमार्ताओं द्वारा बनायी गई स्नैक बोट बची रहीं, जिनके चलते यह आधुनिक स्नैक बोट रेस विकसित हुई। नतीजा यह हुआ कि जलयुद्धों का कौशल अब सर्प नौका दौड़ों में दिखने लगा। रेस के जरिये हार-जीत का रोमांच भी महसूस किया। आज पूरे केरल में इस सर्प नौका दौड़ का चलन है और इसे अपनी विशिष्ट पर्यटन यूएसपी के रूप में पेश किया है।

# केरल का मानसून नौका दौड़

धीरज बसाक

केरल में मानसून के आते ही मनोहारी सर्प नौका दौड़ शुरू हो जाती है। उसका आगाज गुजरे 22 जून से हो चुका है। इन्हें देखने के लिए यहां देश-विदेश के लाखों पर्यटक पहुंचते हैं। ह्यचुंडनवल्लमह्ल या ह्यस्नेक बोटह्ल वास्तव में फुंफकारते सांप-सी दिखने वाली एक लंबी पारंपरिक डोंगी शैली की नाव होती है, जो अमूमन 100 से 120 फीट तक लंबी होती है और इसमें 4 नाविक, 25 गायक से लेकर 100 नाविक, 125 गायक तक भी हो सकते हैं जो नदी या बैक वाटर में बहुत तेज नाव भगाते हुए केरल के पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत में ह्यवंचिपट्टूह्ल यानी सामूहिक लय वाला नौका गीत गाते हैं।

यह गायन नाविकों का उत्साह बढ़ाने के लिए होता है और गायक या नाविक अक्सर एक ही होते हैं, इसलिए कोई नाविक नाव चलाते (खेते हुए) हुए अगर महसूस करता है कि उसकी तरफ का संगीत कमजोर हो रहा है, तो वह कोई वाद्य बजाने लग सकता है या कोई गाना या बजाना छोड़कर चप्पू भी थाम सकता है ताकि प्रतिद्वंद्वी नाव से उसकी नाव पीछे न रहे। जिन सर्प नौका दौड़ों को



केरल सहित पूरी दुनिया में बहुत उत्सुकता से देखा जाता है, ऐसी चार नौका दौड़ें होती हैं।

लगभग 400 सालों से केरल में स्नैक बोट रेस की परंपरा है। इसके पीछे एक प्रसिद्ध किंवदंती यह है कि प्राचीनकाल में एलेप्पी (अलप्पुझा) और उसके आसपास के इलाकों के जलमार्गों का यहां की विभिन्न रियासतों के राजा आपस में एक-दूसरे के विरुद्ध लड़ने के लिए इस्तेमाल करते थे। इन जलयुद्धों के दौरान वे दूसरों पर भारी पड़ने के लिए सटीक हल्की और पानी को तीव्रता से काटने वाली डोंगीनुमा नावों का विकास किया करते थे, जिनका अगला सिरा फुंफकारते सांप के फन जैसा बनाया जाता था और इसे खूंखार दशार्ने के लिए इसे लाल, काले और गेरुए रंग से रंगते थे।

देश-विदेश को आकर्षित करने वाली केरल की ये चार प्रसिद्ध सर्प नौका दौड़े हैं। चंपाकुलम सर्प नौका दौड़, नेहरू ट्राफी स्नैक बोट रेस, अरनमुला स्नैक बोट रेस और पयिप्पड़ जलोत्सवम। चंपाकुलम दौड़ सबसे पहले शुरू होती है। यह सबसे प्राचीन और लोकप्रिय स्नैक बोट रेस है। इस स्नैक बोट रेस में, अंबलप्पुषा के श्रीकृष्ण मंदिर में भगवान की मूर्ति की स्थापना का जश्न मनाया जाता है। इस जश्न के दौरान 25 किलोमीटर की यह सर्प नौका दौड़ भी होती है, जो एलेप्पी से शुरू होकर चंपक्कुलम नदी में चंगनास्सेरी तक जाती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों, रंगीन छतरियों आदि का नौका रेस में उमड़ना है।

इसके अलावा नेहरू ट्राफी स्नैक बोट रेस का चलन 1952 में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पुन्नमदा झील पर आयोजित इस रेस को देखने आने से हुआ। तीसरी मशहूर स्नैक बोट रेस अरनमुला की है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की दो दिवसीय धार्मिक उत्सव की परंपरा शामिल है। यह त्रिवेंद्रम से 116 किलोमीटर दूर आयोजित होती है। अंतिम और चौथी स्नैक बोट रेस पयिप्पड़ जलोत्सवम है। यह भी एलेप्पी से 35 किलोमीटर दूर सम्पन्न होता है। इस तरह मानसून में केरल स्नैक बोट रेस के चारों तरफ रोमांच से भरपूर रहता है।

# समाज में प्रेम से ही समाज मजबूत होगा

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा धिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं। भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली। इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे



कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये।

दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान उपजाउ भूमि धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)

# समुद्र शास्त्र क्या कहता है?

**सामुद्रिक** शास्त्र अनुसार किसी भी व्यक्ति के शरीर पर मौजूद अंगों की बनावट और आकार को देखकर उसके भविष्य और व्यक्तित्व के बारे में पता लगाया जा सकता है। सामुद्रिक शास्त्र की रचना समुद्र ऋषि ने की थी, इसलिए इसे सामुद्रिक शास्त्र कहा जाता है। यहां हम बात करने जा रहे हैं भौहों की बनावट के बारे में, जिसके आधार पर आप भी किसी व्यक्ति की भौहों की बनावट से ही उसके जीवन का आकलन कर सकते हैं। साथ ही उसके नेचर और व्यक्तित्व को जान सकते हैं। आइए जानते हैं।

**भौंहें हों अगर जुड़ी हुई**

सामुद्रिक शास्त्र अनुसार जिन लोगों की भौहें आपस में जुड़ी हुई होती हैं। वे लोग दूरदर्शी और दिमाग के तेज होते हैं। साथ ही ऐसे लोग थोड़े स?वार्थी किस्म के होते हैं और हमेशा अपनी उन्नति के बारे में सोचते हैं। ये लोग स्वभाव से थोड़े चालाक प्रकृति के होते हैं। ये लोग हर काम को दिमाग लगाकर करते हैं।

**अगर काले रंग की हों भौहें**

जिन लोगों की भौहें गहरे काले रंग की होती हैं, ये लोग किस्मत के धनी होते हैं। साथ ही कला के जानकार होते हैं। ये लोग करियर को गंभीरता से लेते हैं और कम उम्र में ही अच्छी सफलता हासिल कर लेते हैं। ये खूब मान-सम्मान पाते हैं।

साप्ताहिक राशिफल 19 सितंबर से 25 सितंबर 2022: सूर्य ग्रह ने किया गोचर, सिंह और कुंभ राशि वालों को मिलेगा किस्मत का साथ, जानें बाकी राशियों का हाल

**अगर भौहें हों ऊंची- नीची**

आपने कुछ ऐसे लोग देखें होंगे, जिनकी भौंहें थोड़ी ऊंची-नीची होती हैं। ऐसे लोग के पास हमेशा ही पैसे की तंगी रहती है। साथ ही ये लोग क्रोधी स्वभाव के भी होते हैं। लेकिन ये लोग मिलनसार होते हैं। साथ ही मेनहती भी होते हैं। लेकिन इनको किस्मत का कभी साथ नहीं मिलता है।

**घनी भौंहों वाले लोग**

सामुद्रिक शास्त्र मुताबिक जिन लोगों की आइब्रो बहुत घनी होती हैं, ये लोग पैसों की सेविंग करने में माहिर होते हैं। साथ ही ये लोग अपने राज जल्दी नहीं खोलते। साथ ही ये लोग अपनी बातों से सामने वाले को जल्दी इंप्रेस कर लेते हैं।

# बदलते मौसम में दमकता रहे चेहरा



बदलता है हवा का रुख तो अंदर तक ताजगी भर जाती है, लेकिन इस शीतल हवा में मौजूद बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु त्वचा की रंगत को फीका कर सकते हैं। वहीं बारिश के पानी में प्रदूषण के कारण सल्फेट, फॉस्फोरस, पोटैशियम और सोडियम जैसे मिनरल्स नमी में शामिल हो जाते हैं। ये बालों को कमजोर कर देते हैं। इसके अलावा जिन लोगों को अधिक पसीना आता है, उनके सिर में फंगस लगने से डैंड्रफ का खतरा बढ़ जाता है। आखिर क्या करें कि मानसून में भी दमकता रहे चेहरा और आप रहें खिली-खिली, आइए जानते हैं...

**क्लेंजिंग करें**

बारिश में त्वचा के इंफेक्शन से बचना जरूरी है। इसके लिए नियमित रूप से चेहरे को धोएं और उसकी क्लेंजिंग करें। डीप पोर क्लेंजर का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। साथ ही अल्कोहल फ्री टोनर का उपयोग कर सकती हैं। इससे त्वचा की नमी बरकरार रहेगी।

**सनस्क्रीन लगाएं**

इस मौसम में निकलने वाली धूप स्किन को कम नुकसान नहीं पहुंचाती। सनबर्न और टैनिंग आम परेशानियां हैं, जिनसे सभी को दो-चार होना पड़ता है। लिहाजा, बाहर निकलने से पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर एसपीएफ पावर वाला मैटीफाइंग सनस्क्रीन लगाएं।

**वॉटरप्रूफ मेकअप करें**

अमूमन हर किसी की त्वचा अलग होती है। ऐसे में स्किन टेक्सचर को देखते हुए ही मेकअप करें। मानसून में हमेशा ड्राई फिनिश का मेकअप करना अच्छा रहता है। इस मौसम में ब्राइट की बजाय वॉटरप्रूफ मेकअप सही रहेगा। मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें।

**बालों में करें रेगुलर शैंपू**

बारिश में नियमित रूप से शैंपू करना चाहिए। इसके अलावा हफ्ते में दो बार हेयर स्पा अवश्य करा लें। इससे बालों की कंडिशनिंग हो जाती है। आप बेशक बालों में तेल लगाने से बचती हों, लेकिन इस सीजन में सप्ताह में एक बार नारियल या ऑलिव ऑयल से सिर की मालिश करें।वर्तमान समय में मौसम में बदलाव और भारी ठंड में कमी से चेहरा सबसे अधिक प्रभावित होगा। हमें अपने चेहरे पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मांसपेसियों की मजबूती



कुसुम पी

**फिट** फिगर के लिए जरूरत है मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बनाने की और पिलेटीज मांसपेशियों को मजबूत बनाकर सांस की प्रक्रिया को दुरुस्त करता है। यह एक तरह की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है।

स्टेप 1 एक्सरसाइज बॉल के जरिये टमी कम करने में मदद मिलती है। अपने बायीं ओर एक्सरसाइज बॉल रखें। अब बाएं पैर को सामने की ओर मोडें। ध्यान रखें कि दायां पैर पीछे की ओर होना चाहिए। अब बाएं हाथ पर बॉल रखें। कोहनियों को थोडा मोडें। अपने दाएं हाथ को सामने लाएं। बॉल को एक हाथ से दूसरे हाथ में ले जाएं। 2-4 सेकंड रुकें और फिर उसी अवस्था में आ जाएं। स्टेप 2 पीठ के बल लेट जाएं। दोनों हाथ साइड में रखें लेकिन हथेलियों को जमीन से टिकाएं। धीरे-धीरे पैर उठाएं और पंजों को सिर के ऊपर लाने की कोशिश करें। कंधों को आराम दें और पैरों को फिर से सीधा कर लें।



स्टेप 3 पेट के बल सीधे लेट जाएं। अब अपने पैरों को थोडा फैलाएं। बॉल को सीने से दबाएं और हाथों को जमीन पर टिकाएं। इसके बाद धीरे-धीरे आगे की ओर बढना शुरू करें। ध्यान रखें कि हथेली जमीन से टिकी रहनी चाहिए। ऐसा 5-7 मिनट तक करें। थोडी देर रुकें और वापस उसी स्थिति में आ जाएं।

## ये हैं फायदे...

मांसपेशियां बनेंगी स्ट्रॉन्गः इससे शरीर के जोड और मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। रीढ की हड्डी के लिए तो यह बहुत जरूरी है लेकिन स्पाइन में कोई समस्या हो तो बिना डॉक्टर की सलाह के ये व्यायाम न करें।

कमर दर्द में भी लाभकारीः पिलेटीज के जरिये हाथ-पैरों को स्ट्रेच करके कमर दर्द से छुटकारा मिल सकता है। स्ट्रेचिंग से आप कमर और हिप्स की मांसपेशियों को स्ट्रॉन्ग बना सकते हैं।

थकान होगी दूरः दिन भर चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए पिलेटीज को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। इससे थकान दूर होती है और ऊर्जा स्तर मेंटेन रहता है।

**सूजन होगी गायबः** पैरों में मूवमेंट होने से शरीर में रक्त संचार बढता है। इससे शरीर में सूजन या ऐंठन से राहत मिलती है।

**प्रेग्नेंसी में कारगरः** इससे शरीर सुडौल बना रहता है, साथ ही लचीलापन व संतुलन बरकरार रहता है। स्त्रियां गर्भधारण से पूर्व या बाद में इसे आसानी से कर सकती हैं। इससे पेट, पीठ और पेडू की मांसपेशियां स्वस्थ रहती हैं।

# बंदर के हाथ अदरख / उम्र तो बस नबंर है...

अल्का हेम्बरोम

## बंदर के हाथ अदरख

...? स्वाद क्या जाने ...? ये

मेरा जन्मदिन वाला महीना है

...इस महीने में बहुत उथल

पुथल रहती है ...सूरज की

तपिश और मानसून का आना ...

सरकारी नौकरी हो तो #तबादले का मौसम ...अभी बस धुक धुकी ...कहाँ तबादला हो जाए ...एक तरह से कहा जाए तो.. उद्योग जैसा है सरकारी नौकरी में तबादला ...इस उद्योग से हम हमेशा दूर ही रहे ...जहाँ भेज दे सरकार वही नतमस्तक होकर कार्य कर लूं....

जून महीना ..तबादले का उद्योग का बाजार अभी गर्म है ....

ओह !!तो मैं अदरख के स्वाद बंदर के लिए कह रही थी ....??

कभी कभी ऐसे उद्योग के नीचे ऐसे व्यक्ति को अदरख चखने दिया जाता,

जिसे ये भी जानकारी नहीं होती कि अदरख छील कर ही कूट कूट कर खाते है ....

खा तो लेता है बेचारा .. लेकिन बता नहीं पाता कि

ये अदरख है ? या ...कोई जड़ी बूटी ...।

बस सरकारी गलियारों में ऐसे बंदर अदरख लिए घुमते मिलेंगे ....इनकी सबसे बड़ी खूबी यह होती है ..कि .. तलवे चाटते फिरेगे .एक नम्बर के चापलूस...?




## उम्र तो बस नम्बर है

जहाँ विचार मिल जाए तो...

उम्र दस्तक नहीं देता.....?

किसी ने लिखा ....?

इन पंक्तियों को हमने पढ़ा तो ..सही लिखा है ....

रिश्ते वहीं बनते है बुनते है जहाँ ..

विचारधारा मिलती हो ......

फिर भी उम्र को देख कर सबसे महत्वपूर्ण रिश्ता #विवाह का बना है ताकि

संतुलित परिवार और समाज बन सके ..

क्योंकि जब भी एक स्त्री के उम्र की बात विवाह के लिए आए तो पुरूष उससे बड़ा ही होना अनिवार्य समझा गया और बेहतर भी है ..क्योंकि अधीनता एक स्त्री ही स्वीकार कर सकती है ...चाहे पुरूष के विचार उससे मिले या ना मिले ...।

हाँ अपवाद में उम्र में बड़ी और पुरूष छोटा हो तो परिवार बने है ..।

स्थापित धारणा और कटु सत्य है कि ...

स्त्री हर क्षेत्र में किसी के अधीन ही पाई गयी ...विचार धारा में थोड़ी स्वत्रंत हो तो

मुश्किल होती है रिश्ते निभाने में..।

फिर भी ...यह सच है कि विचारधारा

में उम्र का दस्तक नहीं होता ...

यह भी एक अजीब सी बात है ...है ना.........?

सरकारी दफ्तर के रूप रंग बदलने के चक्कर में मीडिया द्वारा सूचना अधिकार पूछे जाने पर मेरी चिढ़....हमने कोशिश की ...इसका रूप रंग बदलने की ...यह जानते हुए कि जहाँ मेरा 8 घंटे से ज्यादा समय प्रतिदिन गुजरे उस वातावरण सही रहे और जहाँ भी मेरी पदस्थापना रही ..हमने बहुत कम बजट में सरकारी आफिस का काया कल्प बदल दिया ...बस क्या मीडिया कर्मी पीछे पड़ गये ...

झारखण्ड के प्रतिष्ठित संस्थान ने सूचना अधिकार के तहत प्रश्न कर दिया ?

किस राशि से कार्यालय का साज सज्जा किया गया ?

कार्यालय साज सज्जा करने का मकसद क्या है ?

आदि आदि ....?

मेरी आदत रही है कि अपने अधीनस्थ कर्मियों के कार्यस्थल को भी सुसज्जित करना और आम जनता के लिए कार्यालय में प्रतीक्षा करने हेतु सुविधा उपलब्ध करवाना ...?

लेकिन ये मीडिया वालों के नजर में मैं खटक गयी ....

आखिर सरकारी दफ्तर इतना अच्छा क्यो? कई कार्यालय में मैं देखती हूं डस्टबिन तो रहता ही नहीं ..इस जिलें में पहला दिन कार्यालय की यही स्थिति थी ....कूड़ा खिड़की से बाहर सभी कर्मी फेंका करते थे ...शौचालय के दुर्गंध के बीच पदाधिकारी ,कर्मी बैठ कर सरकारी काम करते मिले ....।

एक सप्ताह के अंदर पूरू कार्यालय को मजदूरों के हवाले किया ....चमक गया दफ्तर ....?

आज भी इंतजार है सूचना अधिकार का कि ...आपने कार्यालय को सुसज्जित क्यो किया ?जवाब सभी के अलग हो सकते है ....

मेरा जवाब इतना है कि ...यह मेरा कर्म स्थल /भूमि है ...जहाँ से मेरी जिंदगी चलती है रख रखाव और सम्मान मेरे हाथो है .....।

बाकी लोग क्या समझते मुझे नहीं पता ..

वो प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान आज भी मेरे इस लेख को जरूर पढ़े ...?

तीन वर्षो बाद मेरी तबादला निश्चित है ... तो क्या मैं ...ये साज सज्जा नोंच कर चली जाऊंगी ...? कभी नहीं ? बस सरकारी दफ्तरों का काया कल्प बदलना चाहिए ताकि आम जनता भी यह समझे कि ...दफ्तरों में महौल से सकारात्मक विचारधारा में आम जनता को लाभ मिले ।

मीडिया क्या है बस ...एक तरफा सोच और गलत धारण ज्यादा सोच करती हूँ ......

किसी मिडिया कर्मी ने पूछा आप मीडिया से भागती क्यो है ?

हमने बस इतना कहा ....मेरे काम दिख जाए तो छाप देना और ना दिखे तो मत छापना .....

अखबार में ही नाम आ जाए तो हम सरकारी नौकरी पेशे वाले कर्मठ दिखेगें ऐसा भी नहीं है ?

*(जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, झारखंड)*

# बदलते मौसम में शहद -लहसुन के सेवन से लाभ

स्वामी मुक्तरथ

शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका बचाव करता है।

**सुबह खाली पेट खाएं शहद में डूबा हुआ लहसुन, वजन कम होने के साथ मिलेगें ये फायदे**

आमतौर पर हर घर में शहद और लहसुन का इस्तेमाल किया जाता है और इन दोनों के फायदों के बारे में हम अच्छी तरह से जानते हैं, लेकिन अगर इसका साथ में सेवन किया जाए तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। शहद में भरपूर मात्रा में एंटी-बायेटिक और एंटी-बैक?टीरियल गुण पाए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर लहसुन में एलिसिन और फाइबर जैसे तत्व पाए जात हैं जो आपको कई बीमारियों से आपका



बचाव करता है।

शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन करने से आप कई रोगों से दूर रह सरकते हैं। यह एक सूपर फूड है जो एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और बॉडी को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी दूर करता है। जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होती है।

**वजन करे कम**

लहसुन-शहद का इस तरह सेवन करने से आपका मेटाबॉलिज्म तेजी से काम करता है। जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिलती है।

**सर्दी-जुकाम**

सर्दी-जुकाम की समस्या से निजात दिलाने में यह काफी कारगर है। दोनों में ऐसे गुण पाए जाते हैं जो आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करते हैं।

**गले की खराश**

शहद और लहसुन में एंटी- इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं। जो गले की खराश के साथ सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

दोनों में ही ऐसे गुण पाए जाते हैं जो दिल की धमनियों में जमा फैट को बाहर निकालने में मदद करते हैं। जिससे आपके शरीर में ब्लड सकुर्लेशन ठीक ढंग से होने लगता है। जिससे कि आसानी से आपका हार्ट हेल्दी रहता है।

**पाचन तंत्र को रखें फिट**

लहसुन और शहद दोनों मिलकर ऐसे तत्व बनाते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को फिट रखते हैं। जिसके कारण आपको कब्ज, डायरिया, एसिडिटी, पेट दर्द जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है।

**फंगल इंफेक्शन**

शहद और लहसुन दोनों में ही एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं जो फंगल इंफेक्शन से आपका बचाव करता है।

**कोलेस्ट्राल को करे कम**

लहसुन और शहद का ये मिश्रण आपके शरीर से विषाक्त तत्वों को निकालने के साथ बैड कोलेस्ट्राल को निकालने में मदद करता है। जिससे ब्लड सकुर्लेशन ठीगक से होने लगता है।

**दांत को रखें हेल्दी**

लहसुन और शहद में फास्फोरस नामक तत्व अधिक मात्रा में पाया जाता है। जो आपके दांतों को हेल्दी रखने में मदद करता है। लहसुन-शहद पेस्ट बनाने का तरीका

इस रेसिपी को लाइफस्टाइल कोच ल्यूक कॉटिन्हो ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)



साभार कॉटून मूवमेंट

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर में वीर शहीद पीटर टोप्पो का मनाया गया शहादत दिवस



चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय के चर्च रोड स्थित वीर शहीद पीटर तिग्गा की प्रतिमा पर चैनपुर सीआरपीएफ के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर उनका शहादत दिवस मनाया। इस मौके पर शहीद के परिजन भी उपस्थित थे। सभी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सलामी दी। सीआरपीएफ 218 बटालियन के डीसी आलोक कुमार ने बताया कि पीटर टोप्पो सीआरपी एफ बटालियन पंजाब में पोस्टेड थे। 29 जून 1989 को इनकी बटालियन आतंकवादी गतिविधियों को लेकर नाकाबंदी में लगी हुई थी। तभी हवलदार पीटर टोप्पो ने सामने से आ रही गाड़ी को रोकने का इशारा किया। लेकिन गाड़ी में सवार आतंकवादी पीटर टोप्पो पर गोली चलाते हुए भाग निकले। इस हमले में हवलदार पीटर टोप्पो वीरगति को प्राप्त हुए। इसी कारण से 29 जून को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनका शहादत दिवस मनाया जा रहा है। मौके पर सीआरपीएफ 218 बटालियन के द्वारा उनके पुत्र अंजलुस टोप्पो बहु दिव्या टोप्पो को अंगवस्त्र एवं उनकी तस्वीर देकर उनको सम्मानित किया। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव चैनपुर मुखिया शोभा देवी सहित सी आर पी एफ के जवान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए शहर में फोगिंग मशीन का उपयोग की मांग



गुमला। लायंस क्लब गुमला के सचिव अशोक जायसवाल ने नगर परिषद प्रशासक दिलीप कुमार को ज्ञापन सौंपकर शहरवासियों को मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने की मांग की है। बरसात आरंभ होते ही शहर में मच्छरों का प्रकोप हर ओर बढ़ गया है। अशोक जायसवाल ने कहा कि घर हो या दुकान हर जगह मच्छरो का आतंक है। जिसके कारण खतरनाक बीमारी होने की संभावना बढी है। लोग मच्छर मारने वाला क्वायल का प्रयोग कर रहे है जो काफी नुकसान दायक है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद गुमला मे फॉगिंग मशीन उपलब्ध है। उन्होंने नप प्रशासक से शहर में फोगिंग मशीन का उपयोग कर आम जनों को मच्छरों के प्रकोप से राहत देने की मांग की। मौके पर अध्यक्ष ला. शंकर लाल जाजोदिया, सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल पी आर वो योगेन्द्र प्रसाद साहू उपस्थित थे।

### भ्रष्टाचार व अन्य समस्याओं के निराकरण को बीडीओ से मिले आजसू कार्यकर्ता



चैनपुर। आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी के द्वारा चैनपुर प्रखंड में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपकर उसके निराकरण की मांग की। जिसमें जमीन संबंधी दाखिल-खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अविलंब निष्पादन करने, पंजी-2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई करने, वर्तमान में अबुआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लाने तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ देने, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का कियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र करने, छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनवाने में शीघ्रता लाने, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर करने आदि की मांग की गयी। मौके पर से आजसू के केन्द्रीय सचिव बोनीफास कुजूर, सद्दाम अंसारी, पवन तिग्गा, दीलबाग कुमार सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीडीसी ने घाघरा व बिशुनपुर के मुखिया व पंचायत सचिवों के साथ की बैठक

गुमला। डीडीसी दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में घाघरा एवं बिशुनपुर प्रखण्डों के सभी मुखिया एवं पंचायत सचिवों की बैठक आहूत की गई। जिसमें जिला पंचायत राज पदाधिकारी, दोनों प्रखण्डों के प्रखण्ड समन्वयक एवं कनीय अभियंता (15वें वित्त) भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सचिवालयों को डिजिटलीकरण कराने, सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं बहाल कराने, स्वच्छ, आकर्षक बनाने सहित सभी रूपों में सुदृढ़ बनाने के बिन्दुओं पर आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही पंचायतों में आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता के साथ अधिक से अधिक योजनाएं लेने हेतु निदेशित किया गया। पंचायतों में 15वें वित्त की अव्यवहृत राशि का पंचायतवार समीक्षा करते हुए योजनाओं का कार्य तीव्र गति से कराते हुए एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध राशि का कम से कम 50 प्रतिशत राशि खर्च करने हेतु सख्त निर्देश दिये गये। बैठक में सभी मुखिया, पंचायत सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कैरो : बारिश से मिली राहत

कैरो। महीनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद शनिवार को पहली बार किसानों के किसानों के चेहरे में खुशियों का रंग दिखा। शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के कई हिस्सों में अचानक अच्छी बारिश होने से अब जो किसान धान का विचड़ा लगा चुके हैं उनके लिए तो बरदान साबित हो ही रही है जो किसान अबतक विचड़ा नहीं लगा पाए हैं उनके लिए भी एक अच्छा संकेत मिल रहा है। बारिश के होने से गर्मी से भी राहत मिली है। भीषण गर्मी से झुलस रहे आम जनता व किसानों के खेत मे लगे टमाटर, खीरा, कद्दू, धनिया सहित फसलों को भी राहत मिली है।

### युवक हुआ सर्पदंश का शिकार

लोहरदगा। जिले के बगडू थाना क्षेत्र के बेटहठ गांव में एक युवक सर्पदंश का शिकार हो गया, जिसके बाद परिजनो द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां युवक का इलाज किया जा रहा है। युवक की पहचान चरकू उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आज अहले सुबह चरकू खेत की ओर गया था इसी दौरान उसे किसी सांप ने काट लिया जिसके बाद घर आकर चरकु ने परिजनों को इसकी जानकारी दी।

# गुमला : छात्रावास स्वीकृत हुआ सुभाष चंद्र बोस विद्यालय के लिये बना दिया कस्तूरबा विद्यालय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** सिसई ब्लॉक सभागार में शनिवार को बीससूत्री कमेटी की बैठक अध्यक्ष रवि उरावं की अध्यक्षता में हुई। जहां विभाग वार विकास योजनाओं का समीक्षा किया गया। बैठक में बीस सूत्री सदस्य गंगा उरांव ने गंभीर मामला उठाया। सिसई मुख्यालय ब्लॉक के पीछे सरकार के द्वारा संचालित सुभाष चन्द्र बोस अनाथ विद्यालय के लिए छात्रवास भवन निर्माण आया था। जिसके लिए बसिया रोड में विभाग को जमीन का प्रतिवेदन दिया भी गया था। लेकिन इस स्कूल के लिए छात्रावास नहीं बना कर कस्तूरबा विद्यालय पंडरानी के लिए बनवा दिया गया। जो को बिल्कुल गलत है। जिसमें दोषों के ऊपर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। वहीं रामेश्वर उरांव ने अबुवा आवास लाभुक चयन में ब्लॉक कर्मी के द्वारा धांधली करने का आरोप लगाया गया। जिसको पीएम आवास मिला है उसी को फिर से आबुवा आवास भी दे दिया गया जो की उसी बिल्डिंग के उपर आवास का निर्माण कराया जा रहा है। यह मामला पुसे पंचायत का है। बिरसा सिंचाई कूप निर्माण में लाभुक से पैसा काटे जाने का मामला भी उठाया गया। जिसमें लाभुक को 50 हजार रुपया दिया जा रहा है। उसमे रॉयल्टी और जीएसटी के नाम पर 21 हजार रुपया काटा जा रहा है। बैबुल अंसारी ने भी गंभीर मामला उठाया कि सिसई अंचल अधिकारी नीतीश खलखो जब से पदभार ग्रहण किया है तब से आज तक कभी भी अपने कक्ष में नहीं बैठे हैं। प्रखंड में बालू चोरी करवा रहे है। बैठक में सदस्य प्रकाश उरांव,अमर टोपी, सशी साहू, बेबुल अंसारी, गंगा उरांव,प्रमुख मीणा देवी, बीडीओ रमेश कुमार यादव सहित सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# स्कूल में नहीं रहने के लिए तीन छात्राओं ने एक छात्रा का गला घोटने का किया प्रयास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रायडीह।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रायडीह में तीन उदंड छात्राओं ने अपने ही एक सहेली को जान से मारने का प्रयास किया।

तीन छात्राओं ने मिलकर एक छात्रा को दुपट्टा के सहारे गला घोटकर उसको मारने का प्रयास किया गया। जिसे छात्रा की स्थिति गंभीर हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर वार्डेन सुनामी कुमारी गंभीर स्थित में छात्रा को लेकर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंची थी। वहीं उदंड छात्राओं ने

- घटना के बाद एक छात्रा ने छात्रावास के बेड पर लगा दी आग, पीड़ित छात्रा को वार्डेन इलाज के लिए सदर अस्पताल लायी

छात्रावास के तीन बेड में आग भी लगा दिया गया। इस संबंध में छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाली तीन छात्राएं हमेशा विद्यालय से भागने का प्रयास करती रही हैं। जिन्हें उनके अभिभावक वापस लाकर विद्यालय छोड़ जाते थे। इस बार वे तीन छात्राएं विद्यालय छोड़ने के लिए अपराध करने पर उतारू हो गये। स्कूल में मासिक टेस्ट परीक्षा आज लिया जा रहा था। इसी दौरान तीन उदंड छात्राओं

- तीनों उदंउ छात्राएं बार-बार भाग जाती थी स्कूल से, स्कूल में नहीं रहने के लिए अपराध करने से भी नहीं हिचके

में से एक ने पीड़ित छात्रा को बुलाकर छात्रावास ले गयी। जहां से पूर्व में बनाये गये प्लान के अनुसार और दो छात्राएं उपस्थित थी। जैसे ही पीड़ित छात्रा को लेकर छात्रावास पहुंची तीनों में से दो छात्राओं ने मिलकर दुपट्टा से गला घोंटकर उसे मारने का प्रयास किया। जिसके बाद एक छात्रा ने स्कूल के बेड पर आग लगा दिया। मामला काफी गंभीर है। जिसपर जांच कर कार्रवाई करने की जरूरत पर अन्य छात्राओं ने जोर दिया है।

# भंडरा में नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

**खबर मंत्र संवाददाता**



**भंडरा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जेसीआई रांची पुरुषोत्तमपुर के सहयोग से स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से आरम्भ कर मसमानो एवं बरही ग्राम में लोगो को नशा मुक्ति की लिया जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने नशे के प्रकार, नशा एक बीमारी है, नशे की बीमारी से मुक्ति, नशे के बारे में पैदा हुई गलत धारणाओं व नशा प्रयोग करने वाले व्यक्ति के मुख्य लक्षणों आदि की जानकारी विस्तार से देकर नशा न करने के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नंदन कुमार ने ग्रामीणों से नशा न करने की अपिल की एवं छात्र-छात्राओं को नशापन से होने वाले दुष्पारिणामों के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने नशा मुक्ति से सम्बंधित अनेकों नारे लगाये जैसे सबको चुस्त बनाना है, देश नशा मुक्त बनाना है। जो करेगा नशा, उसका होगा दुर्दशा। विद्यालय के सह संचालक प्रमोद उरांव ने कहा की सरकार व जिला प्रशासन का प्रयास है कि नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। विद्यालय के संरक्षक कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने उपस्थितजनों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए भारत को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमोद उरांव, प्राचार्य नंदन कुमार, शिक्षक शिक्षिका कंचना सरोज, काजल कुमारी, सुषमा देवी, संतोष उरांव, जीवन साहू, लक्ष्मी कुमारी, नविका कुमारी, आंचल कुमारी, माही कुमारी, थानेश्वर प्रसाद एवं सभी भैया-बहन उपस्थित थे।

# पर्यटन को बढ़ावा देना लक्ष्य : डीसी

## अपर शंख डैम डुमरी, मसरिय डैम घाघरा व वन तालाब में जल क्रीडा हेतु बनाये प्राक्कलन

जिले में पर्यटन विकास को लेकर योजनाओं पर हुई चर्चा, उपायुक्त ने दिये आवश्यक निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल डीसी, खेल पदाधिकारी व अन्य।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को पर्यटन एवं खेल कूद विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नये पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाई। उन्होंने जिले के अधिसूचित पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने अपर शंख डैम डुमरी, मसरिय डैम घाघरा, वन तालाब जैसे स्थानों में जल क्रीड़ा की शुरूआत करने को लेकर योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने जिला खेल पदाधिकारी को उक्त स्थानों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में परिवर्तित करने को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने खेल स्टेडियम एवं अन्य प्रखंडों में अधिसूचित पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित भी समीक्षा कर उक्त स्थानों को विकसित करने हेतु भी डीपीआर तैयार करने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया।

इस दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों अंजन धाम, टांगीनाथ धाम, नवरत्न गढ़, गोबर सिल्ली आदि जैसे स्थानों के भी विकास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। धरातलीय कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने की बात कही। खेल कूद अंतर्गत उन्होंने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के जीर्णोद्धार के कार्यों में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने आगामी 15 अगस्त एवं दशहरा को लेकर स्टेडियम के जीर्णोद्धार से संबंधित सभी तैयारियों को अभी से ही प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत खेल स्टेडिय का भी जीर्णोद्धार करने हेतु डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला पर्यटन विशेषज्ञ शुभम कुमार, संबंधित विभाग के ए.ई. सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद थे।

### झारखण्ड विस आवास समिति का लोहरदगा आगमन 1 जुलाई को

**लोहरदगा।** झारखण्ड विधानसभा की आवास समिति का लोहरदगा जिला भ्रमण 1 व 2 जुलाई 2024 को होगा। 1 जुलाई को समिति का आगमन 12 बजे मध्याह्न को लोहरदगा जिला परिसदन में होगा। इसके पश्चात समिति 3 बजे अपराह्न को उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त एवं संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ परिसदन, लोहरदगा में बैठक करेगी और तत्पश्चात स्थल निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित है। 2 जुलाई को भी सुबह 8 बजे से समिति की बैठक और तत्पश्चात स्थल निरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित है। समिति में सभापति के रूप में विधानसभा सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन, सदस्य के रूप में विधायक जेपी भाई पटेल, विधायक सुखराम उरांव और विधायक भूषण बड़ा शामिल हैं।

# केंद्रीय टीम ने घाघरा में किया पुस्तकालय का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुस्तकालय का निरीक्षण करती केंद्रीय टीम के सदस्य।

घाघरा। महात्मा गांधी पुस्तकालय घाघरा का निरीक्षण शनिवार को केंद्रीय टीम के द्वारा किया गया। जिसमें फ्री लाइब्रेरी नेटवर्क दिल्ली के डायरेक्टर पूर्णिमा राव, प्राची ग्रोवर, रिद्धि कपूर शामिल थी। इस दौरान पुस्तकालय की काफी प्रशंसा की गई।

उन्होंने कहा छोटे से प्रखंड में इस तरह के बेहतर लाइब्रेरी और दूसरे राज्यों में नहीं देखा गया है। साथ ही लाइब्रेरी में मौजूद पुस्तक के अलावे अन्य सुविधाओं को देखकर काफी खुश हुए। साथ ही उन्होंने प्रबंधन समिति से आग्रह भी किया है कि लाइब्रेरी में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ोतरी को लेकर प्रयास करें। इतना बेहतर प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों को इस छोटे जगह में दिया जा रहा है। इसका भरपूर उपयोग करे। इस दौरान पुस्तकालय में मौजूद विद्यार्थियों से कई सवाल व जवाब भी टीम में आए लोगों ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडियो दिनेश कुमार, सीओ आशीष मंडल, पुस्तकालय के सचिव अनिरुद्ध चौबे, अशोक कुमार, संजय पांडे, राजकुमार राम, सरिता कुमारी व अंजू देवी के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### अज्ञात चोरों ने बंद पड़े घर से उड़ाया 80 हजार नगद सहित 10 लाख के जेवरात



लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चांदकोपा गांव में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर 80 हजार रुपए नगद सहित लगभग 10 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना के समय घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप में काम करने वाले बाजार टांड चांदकोपा निवासी स्वर्गीय राधामोहन साहू के पुत्र संदीप साहू के घर पर शुक्रवार की रात कोई भी नहीं था। घर खाली पड़ा हुआ था। संदीप की पत्नी विभा देवी अपने मायके बिहार के औरंगाबाद गई हुई है। घर को खाली पाकर अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ते हुए घर में रखे हुए सोने-चांदी के जेवरात और नगद 80 हजार रुपये चुरा लिए। आस-पड़ोस के लोगों को जब घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने मामले की सूचना घर के मालिक और सेन्हा थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

### सेन्हा में युवक ने खाया जहर

लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला में एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। इसके बाद युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया गया है फिलहाल युवक की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। युवक की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला गांव निवासी स्वर्गीय हरिशंकर उरांव के 20 वर्षीय पुत्र मिथिलेश उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मिथिलेश किसी बात को लेकर परेशान था जिसके बाद उसने कीटनाशक खा लिया और खुद ही मामले की जानकारी परिजनों को दी।

### कुआं में डूबने से युवक की मौत

लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही स्तिथ कुआं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई है। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के बरही चटकपुर गांव निवासी स्व मंगरू उरांव के 35 वर्षीय पूत्र सुखराम उरांव का शव घर के बगल स्थित बीना मुड़ेरा के कुआं से पुलिस ने बरामद कर लिया है। अंधेरा के कारण कुआं में गिरने से मौत होने का आशंका जताया जा रहा है। सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार के निर्देश पर एसआई साहेब कुंवर घटनास्थल पहुंच शव को कुआं से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और पुलिस अग्रतर कारवाई में जूट गई। इस संदर्भ में पुलिस प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों के अनुसार युवक की मौत कुएं के गहरे पानी में डूबने से होना प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल भेज सभी बिंदुओं पर जांच किया जा रहा है।

### युवतीं ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लोहरदगा। जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के तेतरपोका में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने बाद भंडरा थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है साथ ही मामले की अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। मृतिका की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के तेतरपोका निकासी रमजान अली की 22 वर्षीय पुत्री निक्खत परवीन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि निक्खत शनिवार सुबह लगभग 9 बजे नाश्ता करने के बाद अपने घर के हॉल में फांसी लगा ली। घटना के वक्त घर पर कोई नही था। जब निक्खत कि मां वापस अपने घर पहुंची तो निक्खत को फांसी के फंदे से झूलता पाया गया। जिसके बाद भंडरा थाना पुलिस को सूचना दी गई। वहीं भंडरा थाना पुलिस मामले की जांच व अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। निक्खत ने किन कारणों से आत्महत्या की इसका खुलासा नही हो सका है।

# आम झारखंड के लाखों परिवारों के आजीविका और आय का बना साधन : पद्मश्री अशोक भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा जनजाति उप परियोजना अंतर्गत आम पौधा का वितरण शनिवार को किया गया। विकास भारती बिशुनपुर के सचिव पदम श्री डॉ अशोक भगत ने लोगों को पौधा प्रदान किया। मौके पर भगत ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आम की खेती के महत्व को समझना महत्वपूर्ण है। सकारात्मक और टिकाऊ पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करने में इसकी भूमिका है। साथ ही दुनिया के कई उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आम की खेती एक आवश्यक आर्थिक गतिविधि है। वही झारखण्ड के लाखों किसानों और उनके परिवारों को आय और आजीविका का मुख्य साधन बन चुका है। आम की खेती से जहां किसानों को आर्थिक रूप से आमदनी प्राप्त होती है। कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार ने बताया की केंद्र इस वर्ष 1200 आम, 1500 लीची एवं 300 पौधा नासपाती का किसानों के बीच वितरित करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ नीरज कुमार, दीपक कुमार के साथ-साथ 45 किसानों ने भाग लिया।

# हिमंत विश्व शर्मा से मिले भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरूण उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** असम के सीएम हिमंत विश्वा शर्मा भाजपा विधायक दल नेता अमर कुमार बावरी राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश शनिवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव के रांची स्थित आवास उनसे मिलने पहुंचे। आवास स्थित पूर्व मंत्री बिहार सरकार बंदी उरांव की प्रतिमा पर आगत अतिथियों ने माल्यार्पण किया। अरुण उरांव ने अपने आवास में बुके व शॉल ओढ़ाकर हेमंता का स्वागत किया। वहीं बाबा कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। अपने स्वागत से सीएम काफी अभिभूत दिखे। उन्होंने कहा मुझे तो लग ही नहीं रहा है कि मैं झारखंड में हूं मुझे तो लग रहा है मैं असम में हूं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# विस चुनाव में जिले के तीनों सीट जीतेगी भाजपा: मनोज मिश्रा

## विधानसभा चुनाव को लेकर जिला भाजपा की बैठक संपन्न

**खबर मंत्र संवाददाता**





**गुमला।** बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला भाजपा की संगठनात्मक कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मनोज मिश्रा शामिल हुए। इस अवसर पर मनोज मिश्रा ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के समक्ष विधानसभा चुनाव में गुमला जिला की सभी तीनों सीटें जितने का लक्ष्य रखा है।

5 जुलाई तक सभी मंडल अध्यक्ष को कार्यसमिति की बैठक कर लेने का निर्देश दिया गया। बैठक की तिथि एवं स्थान की सूचना तत्काल जिला अध्यक्ष को दे देनी है ताकि बैठक में जिला से प्रभारी को भेजा जा सके। बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य निर्वाचन कार्यालय में चल रहा है। कार्यकर्ता अपने क्षेत्र एवं बूथ से एक एक मतदाता का नाम सूची में जोड़े। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव ने भी बैठक को संबोधित किया। मंच संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने की। बैठक में पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह एवं विजय मिश्रा, उपाध्यक्ष-यशवंत सिंह, प्रदीप प्रसाद एवं लालमोहन साहू, जिला मंत्री-जगनारायण सिंह गौरी किंडो एवं संजय कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल अशोक उरांव, सागर उरांव, भूपन साहू, भिखारी भगत, अमन यादव, के अलावे भाजयुमो जिला अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भैरव सिंह खेरवार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नेसार खान, अविनाश प्रसाद, पायल तिवारी, सोनमणि देवी, विजय सिंह पिंटू, संतोष पंडा, गोपाल केशरी, लक्ष्मी नारायण यादव, सुमित महली, श्यामकिशोर पाठक, श्रवण साहू, सनोज वर्मा, केदार साहू, गोपक गोप, मनोहर बड़ाइक, कामेश्वर साय, मनोहर राय, दिनेश सिंह, योगेंद्र सिंह, संदीप कुमार, विकाश सिंह, उज्जवल मिश्रा, सिकंदर कुमार सिंह, अरुनजय सिंह, दिनेश चौधरी, बड़ाइक नवीन सिंह, अमर पांडेय, प्रेम कुमार सिंह, सहाबुल खान, राजकुमार गुप्ता, छोटेलाल उरांव, रंजीत सोनी(छोटे), कंचन सिंह, अर्जुन सिंह, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की वापसी से चिंतित हैं विपक्षी : अख्तर अंसारी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्यायालय से जमानत मिलने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं में दोहरी जोश उत्पन्न हुई है। कार्यकर्ता अपने आदर्श झारखंड के विकासशील पुरूष हेमंत सोरेन के पुनः वापसी पर काफी उत्साहित हैं और इसे लेकर पूरे झारखंड प्रदेश के सभी क्षेत्रों में जमकर खुशियां मनाई जा रही है। लोहरदगा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा विंग के जिला उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोर्ट से जमानत मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शेर की वापसी से विपक्षियों की नींदें उड़ गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की आंधी की तरह झारखंड के सवा तीन करोड़ जनता के बीच वापसी से हर ओर जश्न का माहौल है। अख्तर अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन की वापसी से अब कार्यकर्ताओं में दोहरी जोश आया है, कार्यकर्ता अपने आदर्श को अपने बीच पाकर काफी हर्षित हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन शुरू से ही झारखंड की जनता को उनके हक अधिकार को दिलाने हेतु कृतसंकल्पित रहे थे और आगे भी उनका संघर्ष झारखंड की जनता के हित में जारी रहेगा।

अख्तर अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ षड्यंत्र रचकर जेल भेजने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता वैसे लोगों को जो आदिवासियों और आदिवासियत को समाप्त करने की नाकाम कोशिश कर हेमंत सोरेन को जेल भेजने का कार्य किया था निश्चित रूप से सबक सिखाने का कार्य कर दिखाएंगे।

## चंदवा में मानसून ने दी दस्तक, झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे



चंदवा में होता बारिश।

**चंदवा।** पूवार्नुमान के अनुसार इस बार चंदवा में मानसून ने लगभग एक पखवारा देर से दस्तक दी है। मानसून के दस्तक देते ही चंदवा प्रखंड समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को झमाझम बारिश देखने को मिली है। अच्छी बारिश के कारण खेतों में पानी जमा हो गई है, साथ ही कई छोटे नदी नाले उफान पर आ गए हैं। वही देर से ही सही मानसून की शुरूआत के बाद किसान भी पूरी मुस्तैदी के साथ कृषि कार्य में जुट गए हैं। किसान धान के बिचड़े बोने के साथ-साथ मक्के की बुवाई की तैयारी शुरू कर दी है। कृषि कार्य शुरू होने के साथ ही बाजार में भी थोड़ी रौनक देखने को मिल रही है, कृषक भाई बीज खाद समेत कृषि उपकरण की खरीदारी को लेकर बाजार में देखे जा रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष 15 जून तक चंदवा में मानसून के दस्तक देने की उम्मीद थी। लेकिन मानसून के चंदवा पहुंचने में लगभग एक पखवारा देर हो गई है। पिछले कई दिनों से चंदवा क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसान परेशान व चिंतित दिख रहे थे, लेकिन शनिवार से शुरू हुई झमाझम बारिश के बाद किसान काफी खुश देखे जा रहे हैं।

## अभाकिस का चौथा प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न

# देश मे किसानी का काम आज घाटे का सौदा हो गया है: प्रमोद साहू

➲ किसानों को वजूद बचाने के लिए करनी पड़ रही है जद्दोजहद: अनिल साहू

खबर मन्त्र संवाददाता




सम्मेलन में उपस्थित अभाकिस के लोग।

**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा का चौथा प्रखंड सम्मेलन शनिवार कॉमरेड अतुल कुमार अंजान सभागार जय हिंद पुस्तकालय में प्रारंभ हुआ। प्रखंड सम्मेलन के अध्यक्षता मो. अलाउद्दीन और सुरेश कुमार बासपति ने किया। सम्मेलन में सर्वप्रथम कॉमरेड अतुल कुमार अंजान के आकस्मिक निधन तथा जम्मू में आतंकी हमले में मारे गए एवम कुवैत में आग लगने से मारे गए 42 भारतीय मजदूरों तथा दिल्ली एयरपोर्ट में मारे गए 6 मजदूरों के निधन पर दो मिनट का शोक व्यक्त किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन भाषण देते हुए प्रमोद साहू ने कहा कि देश में किसानी आज घाटे का सौदा साबित हो रहा है। किसान किसानी छोड़ कर दूसरे कामों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं जो गंभीर चिंता की विषय है। किसान आंदोल्लन में शहीद हुए 720 किसानों को प्रति सरकार गंभीर नहीं हैं और न ही किसानों के फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी लागू हो पाया है। इससे साबित होता है की केंद्र में बैठी मोदी सरकार किसान विरोधी है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंचल सचिव अनिल कुमार साहू ने कहा कि आज किसानों को संगठन के नीचे आ कर ही अपने वजूद को बचाने की जद्दोजहद करनी होगी क्योंकि किसानों के लिए कोई भी सरकार वादे तो बहुत करती है पर सत्ता प्राप्त करते के साथ किसानों नौजवानों को भूल कर पूंजी पतियों के विकास में लग जाती है। मो. अलाउद्दीन ने कहा की चंदवा में किसानों को एकजुट कर किसानों के सवालों को लेकर आंदोलन की रूप रेखा तय की जाएगी। इसके लिए अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले चंदवा प्रखड़ के सभी पंचायतों का दौरा किया जाएगा। सम्मेलन में नए प्रखंड कमिटी का निर्माण किया गया। जिसमे अध्यक्ष टीजू उरांव, सचिव कितका गंझू, गोविंद गंझू, उपाध्यक्ष, राजू उरांव उप सचिव एवम कोषाध्यक्ष प्रकाश गंझू बनाए गए।सम्मेलन में नवीन चौधरी, हरिदेव गंझू, माखन चौरसिया, बालेश्वर गंझू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीआरपी बीआरपी के वेतन में बढ़ोतरी किये जाने पर सीएम को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चम्पाई सोरेन सोरेन सरकार के द्वारा कैबिनेट की बैठक में समग्र शिक्षा अभियान में कार्यरत संकुल साधन सेवी व प्रखंड साधन सेवी के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव पास किये जाने पर सीआरपी व बीआरपी ने हर्ष व्यक्त करते हुए साधुवाद दिया है। कहा कि समग्र शिक्षा अभियान में कार्यरत संकुल साधन सेवी/ प्रखंड साधन सेवी अपने मानदेय वृद्धि को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत थे। सरकार के द्वारा समय-समय पर मानदेय में अल्प वृद्धि होती रही। प्रत्येक सत्र के अंत काल में उनकी सेवा विस्तार पर भी हमेशा तलवार लटकती रही थी। जिससे हमेशा यह मानसिक रूप से प्रताड़ित होते रहे हैं। प्रत्येक सत्र में आंदोलन के उपरांत इनकी सेवा विस्तार परियोजना कार्यालय एवं सरकार के द्वारा की जाती थी। अगले सत्र में सेवा रहेगी भी या नहीं इसकी जानकारी किसी को भी नहीं रहती थी। इनके द्वारा सेवा 2004-05 में शुरू की गई थी जो दैनिक मानदेय पर थे। सीआरपी- बीआरपी महासंघ के आंदोलन के उपरांत 2018 के बाद कोई वृद्धि प्राप्त नहीं हुई फिर भी महासंघ के द्वारा लगातार प्रयास किया गया। जिसका परिणाम दिनांक 28.06.2024 को सीआरपी/बीआरपी के मानदेय वृद्धि से संबंधित संचिका चंपई सोरेन के कैबिनेट में पारित किया गया कि मानदेय में 50 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्रत्येक वर्ष तीन प्रतिशत इंक्रीमेंट की जाएगी। चंदवा इकाई के सीआरपी एवं बीआरपी विकास कुमार, धनजय कुमार, दीपक कुमार,संजू कुमारी, नसीम अंसारी, सुनील कुमार मेहता, सुनील कुमार सिंह, रामलाल उरांव, जितेंद्र कुमार सिन्हा, अशोक कुमार ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को आभार जताया है।

## नि:शुल्क कान जांच शिविर का आयोजन



जांच करते चिकित्सक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ के निर्देशन में शनिवार को सीएसआर चिकित्सा पहल के तहत चमातु स्थित पिट कार्यालय में निःशुल्क कान जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आस पास क्षेत्र के गांवों से आए मरीजों की जांच सीसीएल गांधीनगर अस्पताल रांची के डॉ. एसपी रंजन के द्वारा कुल 80 लाभार्थियों की कान जांच किया गया व पोषण आहार की टोकरी दी गई। इस अवसर पर स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक) संजय कुमार चौबे, एएमओ डॉ. प्रभा कुमारी, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार, सीएसआर पदाधिकारी डॉ. दिग्विजय कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# रुद्र महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवददाता



कलश में जल भरते भक्त।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बेलवाड़ीह ग्राम में सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर शनिवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा बेलवाड़ी मंदिर से आरंभ होकर नागडा होते हुए कई टोलो मोहल्ला का भ्रमण करते हुए जरी ग्राम के भुतहा नदी पहुंचा। जहां आचार्य बाबा विनोद मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ पूजा अर्चना करते हुवे कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप परिसर पहुंचा। इस कलश यात्रा में शामिल सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गेरुआ रंग वस्त्र धारण कर हर हर महादेव, जय श्री राम समेत कई नारा लगा रहे थे । शोभायात्रा पुनः वापस यज्ञ मंडप पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने बताया कि सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ आज से आरंभ हो गया है 30 जून को वैदिक पूजन एवं अग्नि मंथन, एक जुलाई से 4 जुलाई तक वैदिक पूजन वहां हवन ,5 जुलाई को हवन एवं पूणार्हुति व विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान रात्रि में बाहर के कई विद्वानों द्वारा प्रवचन किया जाएगा। इस कलश यात्रा में बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीत लाल यादव, भाजपा नेता गंगेश्वरी यादव, राजेंद्र साव, राजेश यादव, प्रवीन कुमार, अजय यादव, बसिया पंचायत के मुखिया विमला देवी, राजेश साहू, कमलेश साव, बिहारी यादव, जितेंद्र तूरी, कृष्णा साब, दीपक यादव, संतोष यादव, प्रेम शंकर प्रसाद, राजेंद्र साहू, गिरधारी यादव, संजीत प्रसाद साहू, लालदेव गंझु समेत कई लोग शामिल थे।

## बिजली तार के चपेट में आने से तीन मवेशियों की हुई मौत

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के पोटमाडीह में हवा तुफान के कारण बिजली का तार टुट कर जमीन में गिर गया। जिसमें बिजली प्रवाहित हो रही थी। उसे स्थान पर मवेसी चर रहे थे। उसी दौरान बिजली के गिरे तार के चपेट में आने से तीन मवेसी की मौके पर ही मौत हो गई है। तीनों मवेसी गांव के ही रहने वालों की है। जिसमें एक निरंजन गिद्ध, एक जकियस कुजूर और एक बेरोनिका बेक का है। इसे लेकर मवेशी मालिकों ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह ने बताया कि पोटमाडीह में तीन मवेशियों की मौत हुई है। जानकारी मिली है तीनों मवेशियों का पोस्टमार्टम किया जाएगा जांच रिपोर्ट के उपरांत पुष्टि होगी। जिसके बाद बिजली विभाग ओर से मुआवजा दिया जाएगा।

## सर्पदंश से छात्रा की मौत



**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के गोनिया पंचायत के नावाडीह ग्राम में शुक्रवार की देर रात्रि सर्प दंश से प्रमिला कुमारी 14 वर्ष पिता राजु गंझु ग्राम नावाडीह की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रमिला कुमारी अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच एक जहरीला सांप ने उसे काट लिया। इसके बाद वह अचेत हो गई। परिजनो द्वारा अचेतावस्था में प्रमिला कुमारी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ संजय सिद्धार्थ द्वारा जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि प्रमिला कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोनिया के आठवा वर्ग की छात्रा थी। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

## अवैध उत्खनन कर परिवहन करते चार ट्रैक्टर बरवाडीह पुलिस ने किया जप्त

## गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी एवं पुलिस टीम की मिली सफलता



प्रभारी थाना प्रभारी राहुल कुमार सिन्हा

जप्त चारों ट्रैक्टर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूलिशन (एनजीटी) के रोक के बावजूद भी बालू की अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था, बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार को गुप्त सूचना मिली की बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत अंतर्गत मोदी बालू घाट से बालु का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में बरवाडीह थाना के प्रभारी थाना प्रभारी राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व मे चार ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। जिसमें बिना नंबर का महिंद्रा और सोनालिका का चारों ट्रैक्टर है इससे आप अंदाजा लगाया जा सकता है, कि बालू माफियाओं ने गाड़ी के विना नंबर प्लेट लगाए हुए ट्रैक्टर से परिवहन कर रहे थे, इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जो मंटू सिंह उम्र करीब 30 वर्ष, पिता मुंद्रिका सिंह, सतबरवा पलामू, बली कुमार उम्र करीब 25 वर्ष,पिता स्वर्गीय बिरजू भुइंयाँ, सदर थाना डाल्टनगंज पलामू, राहुल उरांव उम्र, 19 वर्ष पिता सुनेश्वर उरांव, आशीष उरांव उम्र 19 वर्ष पिता राजेश्वर उरांव दोनों बारेसाँड़ लातेहार शामिल है। छापेमारी अभियान में मनोज कुमार अंचलाधिकारी बरवाडीह पूअनि राहुल कुमार सिन्हा प्रभारी थाना प्रभारी, सुनील कुमार मंडल, यकीन अंसारी, चालक राकेश कुमार तिवारी, समेत सैट के जवान शामिल थे।

## ब्रजपात की चपेट में आकर दो घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड छेत्र के बालूभांग ग्राम में जामुन तोड़ने गई दो लोग ब्रजपात की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमरी देवी 55 वर्ष पति महेश गंझु, नीतू कुमारी 19 वर्ष पिता जतन भुइयाँ दोनों ग्राम बालूभांग थाना बारियातु निवासी दोनों जंगल में जामुन तोड़ने गई हुईं थी। जहां अचानक बारिश शुरू हो जाने कारण बारिश से बचने के लिये पेड़ के नीचे जा छुपी। जहां ब्रजपात की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद दोनों घायलों को स्थानीय लोगो के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही दोनों की स्तिथि को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु राँची रिम्स रेफर किया गया।

## वादा पुरा करो सरकार कार्यकम के तहत आज से मशाल जुलुस के साथ आंदोलन का होगा आगाज: बेलाल अहमद

## सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक



बैठक में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** मध्य विद्यालय प्रशाल कक्ष चंदवा मे शनिवार को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक श्याम उरांव की अध्यक्षता मे की गई। बैठक में प्रदेश स्तरीय पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 30 जून रविवार को प्रखंड मुख्यालय मे आहूत मशाल जुलुस के साथ वादा पूरा करो चम्पाई सोरेन सरकार आंदोलन का आगाज करने का निर्णय सर्व समिति से निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों को उपस्तिथ हो कर कार्यक्रम को सफल बनाने की भी अपील की व्यय एव आगे की सभी कार्यक्रमों मे बढ़ चढ़ कर भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद, प्रखंड सचिव गोविंदा कुमार, प्रखंड संरक्षक सत्यवान कुमार, शंभु कुमार, श्याम उरांव, त्रिवेणी गोप, काजेश कुमार, चंद्रदेव सिंह, अभिमन्यु प्रसाद मेहता, अक्षय लाल सिंह, गणेश यादव, मो० नईम, मुस्लिम अंसारी, मजबूल अंसारी, रविन्द्र राम, दयामन भगत, रँथू उरांव, पंकज गंझू, ज्योति वर्मा, सरिता तिर्की, रुपाली सुमन, जयमाला देवी, सुमित्रा कुमारी, नमिता कुमारी, गीता देवी समेत दर्जनों लोग उपस्तिथ थे।

## मनिका प्रखंड के सिंजो में सहकारिता विभाग ने चलाया सदस्यता वृद्धि अभियान



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सिंजो पंचायत में दिन शनिवार को सहकारिता विभाग के द्वारा सदस्य वृद्धि अभियान चलाया गया। जहां पर मुख्य रूप से मनिका प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ईभा कुमारी मौजूद रहे। वहीं ईभा कुमारी की अध्यक्षता में लोगों को लैंपस का सदस्य बनाया गया। मौके पर ईभा कुमारी ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग लैंपस का सदस्य बने और लैंपस में मिलने वाली सभी तरह की सुविधाओं का लाभ उठाएं साथ ही सदस्यता वृद्धि अभियान को सफल बनाएं। मौके पर कार्यक्रम में मनिका लैंपस प्रबंधक सत्येंद्र कुमार यादव, आनंद सिंह, उद्धेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह, शकीला बीवी, महेंद्र सिंह, अभय पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बारियातू पुलिस ने एक प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल



गिरफ्तार अभियुक्त।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के गुरुवे ग्राम निवासी एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रंजीत गंझु पिता स्व ठेचा गंझु को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की गिरफ्तार अभियुक्त के घर से पूर्व मे डोडा और अफीम बरामद किया गया था। रंजीत गंझु एनडीपीएस बारियातू थाना कांड सं. - 28/24 दिनांक - 03.04.2024 धारा 15 (b)/17 (b)/18(b)/18(c)/22(c) एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रंजित गंझू पिता ठेचा गंझू पता गुरुवे थाना बरियातू जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# सात लड़कियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया रांची

खबर मन्त्र संवाददाता




रवाना होते युवति।

**बारियातू।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत बारियातू प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम एवं पलाश जेएसएलपीएस बारियातू के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) दीपक कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से सात लड़कियों को सिलाई प्रशिक्षण के लिए रांची बुटी मोड़ स्थित एलएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल एन्ड टेक्नोलॉजी एवं तीन बच्चियों को नर्सिंग प्रशिक्षण के लिए रस्तोगी एजुकेशन सोसायटी भिलाई छत्तीसगढ़ के लिए रवाना किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना कौशल विकास योजना अंतर्गत बच्चियों का स्किल डेवलपमेंट एवं जॉब प्लेसमेंट के लिए जेएसएलपीएस के पहल पर भेजा जा रहा है ताकि ये बच्चियां जो बीच में ही किसी कारण वश पढ़ाई छोड़ चुकी है वे प्रशिक्षण लेकर नौकरी प्राप्त कर सकें और अपने साथ साथ अपने परिवार का भी विकास सके। वहीं बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने बताया कि जेएसएलपीएस के सखी मंडल के दीदीयों के द्वारा सभी ग्राम संगठन के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना अन्तर्गत सिलाई,नर्सिंग,वेयरहाउस, मोटरसाइकिल रिपेयरिंग,बिजली से चलने वाली घरेलू उपकरण रिपेयरिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए निरंतर प्रचार प्रसार किया जाता है साथ ही 18 से 35 वर्ष के बच्चे बच्चियों को उनके अभिभावकों के सहमति से हर महीने प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है। इस योजना में पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके बाद नौकरी भी दी जाती है। अभी तक सैकड़ों बच्चे बच्चियों को प्रशिक्षण दिला कर नौकरी में भेजा जा चुका है। वहीं बताया की आगे भी जारी रहेगा। मौके पर जिला कार्यालय जेएसएलपीएस के स्कील डीएम नवनीत सिंह, बालूभांग पंचायत के पंचायत समिति सदस्य राजेश राम सीसी सत्येन देवी, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, उत्तम कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, अनिल उरांव, सखी मंडल के सबीता रानी, ममता देवी, खुशीलता देवी, जेआरपी रोहन कुमार,मोबलाईजर दीलीप एवं चंदु सहित सदस्य और अभिभावक उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### घर में घुसकर चोरी करने के मामले में एक को भेजा गया जेल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदरनगर में एक घर में घुसकर चोरी करने के मामले में जलवाबाद निवासी 19 वर्षीय अब्दुल रहमान खान उर्फ अरमान खान उर्फ बंगाली पिता अरशद खान को कोडरमा पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर नौ मई को कोडरमा थाना 92/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार सुंदरनगर निवासी सुधांशु राय पिता स्व सचिन राय कोडरमा थाना में आवेदन देकर बताया था कि अब्दुल रहमान खान उर्फ अरमान खान उर्फ बंगाली पिता अरशद खान मेरे घर में घुसकर मेरी मां का जेवर (नाकबाली) जिसकी कीमत तीस हजार रुपया है और पंद्रह सौ रुपया नगद चुराकर फरार हो गया था। वहीं इस मामले पर थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि इस आरोपी युवक के विरुद्ध पहले भी मामला दर्ज है। वहीं इसके खिलाफ कई दिनों से शिकायत भी मिल रहा था कि थाना क्षेत्र में कई घरों में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है। वहीं आवेदन मिलने के बाद उक्त युवक पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पहली बारिश में तालाब सा नजारा : आरके

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने नगर पंचायत कोडरमा द्वारा नाली निर्माण में की गई अनियमितता पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि पहली बारिश में पंजाब होटल से स्टेट बैंक तक तालाब का नजारा उत्पन्न हो गया है। पंजाब होटल के सामने नाली न बनाने के कारण पास के घर वाले सारा कूड़ा कचरा नाली में डालते हैं, जिस कारण पानी का निकासी बंद हो जाता है और सड़क पर पानी भर जाता है। जिससे राहगीरों के साथ मोटरसाईकिल एवं बड़ी गाड़ियों को परेशानी हो रही है। यही नहीं पानी का सही तरीके से निकास न होने से घरों में पानी प्रवेश कर जा रहा है। नगर पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा इन कमियों पर ध्यान न देकर सिर्फ होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए डराने धमकाने के साथ ही दूकान सील करने की कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं जनप्रतिनिधि भी यहां की समस्याओं पर चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं श्री बसंत ने इन समस्याओं से स्थाई समाधान की मांग की है।

### पीड़ित परिवार को मिला आर्थिक मदद

**कोडरमा।** वज्रपात की चपेट में आने से बीते दिनों तिलैया बस्ती के दो बच्चों की मौत होने पर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की टीम ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की। बतादें की बीते दिनों बज्रपात के कारण दलित समुदाय से आने वाले झुमरीतिलैया के वार्ड नंबर 4 निवासी राजू दास के पुत्र आयुष कुमार और गाजो दास के पुत्र उमेश कुमार की मौत हो गयी थी। घटना के बाद राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की टीम ने पीड़ित परिवार को ढांढस दिलाई थी। वहीं शनिवार को चतरा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सह कोडरमा विधानसभा के भावी प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव कार्यालय की टीम ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर आर्थिक मदद दी। वहीं मृतक के परिजनों को भविष्य में हरसंभव मदद का भरोशा दिया। वहीं राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव की टीम ने बताया कि संकट की घड़ी में राजनीति से बड़ा मानवता होती है। समाज में इंसान को इंसान ही काम आता है।

# टंडवा एनटीपीसी से निर्बाध बिजली मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू

## टंडवा के सभी दुकानें प्रतिष्ठान एवं कोल वाहनों की परिचालन स्वतः दिन भर रही बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में टंडवा एनटीपीसी से निर्बाध बिजली की मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय समीप एनटीपीसी सीआईएसएफ कैंप परिसर के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरने को समर्थन देने के लिए सर्वदलीय राजनीतिक दल के नेतागण और कार्यकर्ता भी शामिल हैं। धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य यह है कि जब तक टंडवा एनटीपीसी से विस्थापित छह गांवों को निर्बाध बिजली नहीं मिलती, तब तक जोरदार तरीके से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर सम्पूर्ण नाकेबंदी की जाएगी।वहीं बीते शुक्रवार देर शाम भाजपाइयों ने एनटीपीसी विद्युत ताप परियोजना से टंडवा प्रखंड में निर्बाध विद्युतापूर्ति करने और कोल वाहनों पर नो इंट्री लगाने की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला। भाजपा का आरोप है कि पिपरवार से एनटीपीसी परियोजना में हो रही विद्युतापूर्ति को बुकरु सब स्टेशन से नहीं जोड़ा जा रहा है और कोल वाहनों से बड़े पैमाने पर जानमाल की क्षति हो रही है, लेकिन सीसीएल और एनटीपीसी प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन को भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, टंडवा मंडल अध्यक्ष और भाजपा के तमाम नेतागण और कार्यकर्ता भी समर्थन दे रहे हैं। धरना प्रदर्शन के कारण टंडवा के सभी दुकानें, प्रतिष्ठान और कोल वाहनों का परिचालन बंद रहा, जिसका काफी असर दिखाई दिया।




## खेलकूद प्रतियोगिता संपंन, कोडरमा को मिला ऑवरऑल चैंपियन का खिताब

# खेल के नियमित अभ्यास से अनुशासन की भावना जागृत होती है : डीआईजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित बागीटांड़ स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय 19वीं क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। 26 जून से 28 जून तक चले उक्त खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ, गिरिडीह और चतरा के पुलिस के जवानों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। पूरे प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन का खिताब कोडरमा पुलिस टीम को दिया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डीआईजी सुनील भाष्कर ने विभिन्न प्रतियोगिता के सफल विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीआईजी श्री भाष्कर ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि पुलिस का काम तनावपूर्ण होता है, ऐसे में तनावों को दूर करने, पुलिस को फिट, अनुशासित तथा तनावमुक्त रखने के लिए हर वर्ष इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इस वर्ष कोडरमा पुलिस टीम को प्रतियोगिता आयोजित करने की जिम्मेवारी दी गयी, जिसे कोडरमा की टीम ने गम्भीरतापूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बेहतर तरीके से प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाया।

उन्होंने टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान उतरी छोटानागपुर प्रमण्डल के सभी पांच जिलों के खिलाड़ियों ने अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेल खेलने से न केवल हम शारीरिक रूप से फिट रह सकते हैं बल्कि तनावमुक्त जीवन जी सकते है। इसके अलावे खेल हमारे अंदर टीम भावना को जागृत करता है, वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को अब राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपना प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के अलावे हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, रामगढ़ जिले के एसपी, डीएसपी आदि मौजूद थे।



### इन विजेता टीम को किया गया पुरस्कृत

प्रतियोगिता के समापन समारोह में सफल प्रतिभागियों को डीआईजी सुनील भाष्कर और उपायुक्त मेघा भारद्वाज समेत अन्य अतिथियों के द्वारा शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमे फुटबॉल और वालीबॉल प्रतियोगिता में सफल विजेता टीम कोडरमा जबकि उप विजेता हजारीबाग को शील्ड दिया गया। वहीं कबड्डी में विजेता टीम रामगढ़ और उप विजेता हजारीबाग, हैंडबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम हजारीबाग और उप विजेता टीम गिरिडीह रहा। वहीं ओवरऑल चैंपियन का शील्ड कोडरमा टीम को दिया गया।

## प्रखंड के अधिकारी व कर्मियों के उदासीन रवैया के कारण सरकारी योजनाएं लंबित : अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित देवीपुर पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया बेदु साव की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक का संचालन मरकच्चो मध्य पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि शंकर सिंह रिंकू ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य अविलम्ब किया जाए। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष बेदू साव ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य पंचायत के प्रतिनिधि ही कर सकते हैं। पंचायत जनप्रतिनिधि के बिना कोई भी योजना गांव के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच सकती है। वहीं सर्वसम्मति से कहा गया कि प्रखंड के अधिकारी एवं कर्मियों के उदासीन रवैया के कारण विभिन्न सरकारी लाभकारी योजनाएं लंबित पड़ी है। वहीं मुखिया संघ ने सर्वसम्मति से सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना में कर्मियों की मनमानी रवैये पर अंकुश लगाने तथा अबुआ आवास के लिए बालू उपलब्ध कराने की भी बात कही गयी। वहीं बिरसा सिंचाई व पंचायत कार्यकारिणी द्वारा पारित राशन कार्ड की सूची जो दी गई थी उसे अविलंब स्वीकृत करने, लंबित जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने की बात कही गयी। वहीं मुखिया संघ ने मुखिया का मानदेय कम से कम 25 हजार रूपया प्रति माह करने की बात कही। मुखिया संघ ने यह भी कहा कि उपरोक्तबिंदुओं पर जनहित के लिए सुनवाई व स्वीकृत नहीं किया गया तो बाध्य होकर मुखिया संघ आंदोलन का रुख अख्तियार करेगी। बैठक में मुखिया रंजीत कुमार सिंह, केदार यादव, टिपन पांसी, विजय यादव, बसंत साव, सुभाष यादव, दशरथ यादव, रविंद्र गुप्ता, वीरेंद्र राय, राजेश पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।



## एंटी मलेरिया पर किया गया वर्कशॉप

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के निर्देशानुसार एंटी मलेरिया पर सफल वर्कशॉप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा अंडरस्टैंडिंग मलेरिया एवं डेंगू पर पीपीटी के द्वारा विस्तारपूर्वक प्रस्तुतिकरण दिया गया। उन्होंने मलेरिया एवं डेंगू से बचाव के उपाय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की बीएड्सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु रिंकी कुमारी एवं शिफा नूरी द्वारा मलेरिया एवं डेंगू जैसे खतरनाक रोग से होने वाली क्षति उसके लक्षण एवं कारण सहित समाधान एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। वहीं प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने कहा कि मलेरिया एवं डेंगू जैसे अंदेशनाक रोग से बचने के लिए हमें अपने आस पास के क्षेत्रों को सदैव साफ एवं स्वच्छ रखना है। मौके पर डॉ.रविकांत तिवारी, डॉ. मनीष कुमार पासवान, डॉ. पवन कुमार, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ.पुजा कुमारी, राहुल कुमार मोदी, सागर कुमार, सूरज कुमार, अंगूरी खातून, बैजनाथ महतो, अजीत यादव, मुरली यादव, निरंजन कुमार, निशा कुमारी, सीमा जोजो, इफ्तेकार अंसारी, राजकुमार गुप्ता, सदाकत अंसारी, श्वेता कुमारी रजक, अर्चना कुमारी, पूनम कुमारी, दीपक कुमार पांडेय, चुन्नु कुमार, रोहित कुमार, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार आदि लोग मौजूद थे।



### एक नजर में

### पुलिस मुख्यालय की अनदेखी से परेशान चतरा के हवलदार और आरक्षी

**चतरा ।** प्रशासनिक कारणों से अधिकारियों और कर्मियों का एक जिले से दूसरे जिले में तबादला किया जाता है। अधिकारियों का तबादला दो या तीन साल में कर दिया जाता है, जबकि कर्मियों का तबादला पांच या सात साल पर किया जाता है। चतरा जिला उग्रवाद प्रभावित जिला है, जहां हवलदार और आरक्षी लगभग 15 वर्षों से पदस्थापित हैं। हवलदार और आरक्षी अपने तबादले को लेकर परेशान हैं और शहरी क्षेत्र में अपने परिवार के साथ जाना चाहते हैं। 2009, 2010 और 2011 में चतरा में योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों का अब तक तबादला नहीं हुआ है। झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन इस मामले में मौन है, जिससे नक्सल प्रभावित जिले में योगदान दे रहे आरक्षी और हवलदार चिंतित हैं।2005 में योगदान देने वाले पुलिस कर्मियों का तबादला 2014 से 2019 तक रहने वाली बीजेपी सरकार में किया गया था, लेकिन उसके बाद से वर्तमान सरकार में तबादला की प्रक्रिया नहीं की गई है। कुछ पुलिस कर्मी पैरवी और पैसे के दम पर नक्सल प्रभावित जिला से शहरी क्षेत्र में अपना तबादला करवाने में सफल रहे हैं, जबकि कई ऐसे पुलिस कर्मी हैं जिनके पास पैरवी और पैसा नहीं है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि पुलिस मुख्यालय संज्ञान लेते हुए तबादले की प्रक्रिया शुरू करता है या मामला पहले की भांति ठंडे बस्ते में पड़ा रहता है।

### मेघा प्रतिभा सम्मान समारोह में 17 छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**टंडवा(चतरा)।** शनिवार को वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा में मेघा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वाणिज्य और कला संकाय के कुल 17 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।सम्मानित छात्र-छात्राओं में से वाणिज्य संकाय में तीन और कला संकाय में 14 छात्र-छात्राओं ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।वाणिज्य संकाय में पंकज गंजू, रोहित पांडेय और सिमरन कुमारी ने अव्वल स्थान प्राप्त किया, जबकि कला संकाय में मोहम्मद समीर आलम, उर्मिला कुमारी, रविता कुमारी, कोमल गंजू, खुशनुमा परवीन, सुमित टोप्पो, आयुष रंजन, सादिया परवीन, निकिता कुमारी, विकास कुमार, सुषमा कुमारी और पम्मी कुमारी ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

### 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मिलेगी एक हजार रुपये प्रति माह पेंशन: मंत्री सत्यानंद भोगता



**चतरा।** झारखंड सरकार ने 21 से 50 वर्ष की महिलाओं के लिए प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन देने की घोषणा की है। कैबिनेट ने 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता ने चतरा प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र के साथ करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले चार महीनों में 40 हजार युवक-युवतियों को सरकारी नौकरी से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेंद्र उराँव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, मंत्री प्रतिनिधि विनोद सिंह, 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष उपेन्द्र दांगी, मुखिया गुड्डु दुबे, मुखिया अनिता यादव, मुखिया ललिता कुमारी, मुखिया अमिता कच्छप, सामाजिक कार्यकर्ता अजय यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### प्रमुख ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण



**सिमरिया।** प्रमुख रोहन साव ने शनिवार को जबड़ा पंचायत के कुट्टी रंगेनिया आंगनबाड़ी केंद्र भाग एक का निरीक्षण किया और पाया कि केंद्र बंद था, जबकि दो बच्चे केंद्र के बाहर खेल रहे थे। इस लापरवाही पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि केंद्र के संचालन में काफी लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी इस केंद्र का जांच किया गया था, लेकिन कोई सुधार नहीं किया गया है।?प्रमुख ने कहा कि पर्यवेक्षकों के द्वारा केंद्रों का निरीक्षण नही करने का नतीजा है। उन्होंने सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर अविलंब करवाई करने की बात कही।

## मजदूर की मौत पर परिजनो को मिले 15 लाख 50 हजार मुआवजा



**टंडवा।** टंडवा एनटीपीसी के बाउंड्री निर्माण में लगे नईपारम के एक मजदूर बालकिसुन महतो की कार्य के दौरान हुई घटना में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। राणा कंस्ट्रक्शन ने मुआवजे के तौर पर मृतक के परिवार को पचास हजार रुपये नकद और 15 लाख पचास हजार रुपये का चेक दिया। साथ ही, मृतक के एक आश्रित को कंपनी में नौकरी भी दी गई। यह पहली बार है कि एनटीपीसी के अधीन राणा कंस्ट्रक्शन ने इतनी बड़ी राशि मुआवजे के रूप में दी है। इससे पहले भी कई घटनाएं हुई थीं, लेकिन तब मुआवजे की राशि दो से पांच लाख रुपये तक ही होती थी।

## समय से अस्पताल नहीं पहुंचतीं महिला चिकित्सक, महिलाओं को हो रही परेशानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर अस्पताल में महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के दावों के बावजूद, महिला डॉक्टरों की मनमानी के कारण जरूरतमंद महिलाओं को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। महिला डॉक्टरों के समय से न आने के कारण महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी होती है। अस्पताल में लापरवाही के मामले लगातार सामने आते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। सरकार के लाख प्रयासों के बाद भी मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अस्पताल प्रशासन द्वारा डॉक्टरों को समय से बैठने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर समय से नहीं आते हैं और कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इस स्थिति के कारण महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है और उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।



# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति कि बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई और कृषि के क्षेत्र में और सुधार लाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।?उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया कि जिले का ऋण जमानुपात 30.32 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 40 प्रतिशत के न्यूनतम मान तक लाया जाए।उन्होंने ऋण जमानुपात को सुदृढ़ करने के लिए सभी बैंकों को बैठक करने के लिए निर्देशित किया। जिन बैंकों का प्रदर्शन असंतोषजनक है, उनके लिए उनके वरीय कार्यालयों को अग्रणी जिला प्रबंधक की ओर से एक पत्र लिखकर कारण पूछा जाएगा। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), अटल पेंशन योजना, मुद्रा लोन जैसी सरकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई और उन्हें और तेजी से लागू करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी बैंकों के समन्वयकों को निर्देश दिया कि साइबर धोखाधड़ी के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कैंप का आयोजन किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, सांसद प्रतिनिधि बिनय कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अग्रणी जिला प्रबंधक डीडीएम नाबार्ड, प्रबंधक आरबीआई रांची, सभी बैंकों के समन्वयक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।




## आत्मा शासकीय निकाय और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय में आत्मा शासकीय निकाय और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई।बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष के खर्च पर चर्चा हुई और उसे मंजूरी दी गई। इस साल होने वाली गतिविधियों, जैसे प्रशिक्षण, भ्रमण और प्रदर्शन के लिए विषयों और स्थानों का फैसला किया गया। उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र के किसानों के लिए उचित स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। समेकित पोषक तत्व और समेकित कीट प्रबंधन के वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए टीम बनाकर वितरण करने को कहा गया।प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत प्रत्येक पंचायत और गांव में एक-एक लाभार्थी को लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। सभी कृषि और संबद्ध विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर मॉडल ग्राम क्लस्टर विकसित करने का प्रस्ताव देने को कहा गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, विभागाध्यक्ष, जिला कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी और प्रगतिशील किसान प्रतिनिधि मौजूद थे।



# झारखंड सरकार के साथ मिल कर काम करने को उत्सुक है एनआइटी

## एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार से खबर मन्त्र के विशेष संवाददाता सत्येन्द्र कुमार की खास बातचीत

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान** (एनआइटी) जमशेदपुर देश के 20 प्रौद्योगिकी संस्थानों में से एक है। पहले इसे क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान,जमशेदपुर के नाम से जाना जाता था जिसकी स्थापना 1960 में की गई थी। 27 दिसंबर 2002 को इसे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के रुप में प्रोन्नत किया गया। इस संस्थान ने देश-विदेश के कारपोरेट एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए दक्ष इंजीनियर उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका अदा की है। वर्तमान में एनआइटी जमशेदपुर को निदेशक के रुप में डा गौतम सूत्रधार नेतृत्व दे रहे हैं। एनआइटी जमशेदपुर को देश-विदेश के मानचित्र पर नये सिरे से स्थापित करने के लिए डा गौतम सूत्रधार पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं। खबर मन्त्र के विशेष संवाददाता सत्येन्द्र कुमार ने उनसे संस्थान को और निखारने के लिए भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत बातचीत की। प्रस्तुत है बातचीत के मुख्य अंश :

**सवाल : डा सूत्रधार कृपया अपने बारे में बताने का कष्ट करें। कहां पैदा हुए, माता-पिता और परिवार के बारे में बताइए ?**

डा गौतम सूत्रधार : मेरा असली घर बिष्णुपुर, बांकुरा जिला पश्चिम बंगाल में है। लेकिन मैं एक साल की उम्र में मैं अपने माता-पिता के साथ मिदनापुर चला गया,क्योंकि मेरे पिता पोस्ट ऑफिस में काम करते थे। मिदनापुर मे ही प्लस टू तक पढाई की। मेरे पिता का नाम जीतेंद्रनाथ सूत्रधार है जबकि माता का नाम लक्ष्मीप्रिया सूत्रधार है। मेरे पिता का निधन 22 मई 2018 में 82 वर्ष की उम्र में हो गया। मैं अपने माता-पिता की इकलौता संतान हूं और मेरी बुजुर्ग मां मेरे साथ ही रहती हैं। मेरी पढाई मिदनापुर कॉलेजिएट स्कूल में हुई जो अपनी स्थापना के 200 वर्ष पूरे कर चुका है। ऋषि अरविंदो के नाना जी राज नारायण बसु इस स्कूल के पहले भारतीय प्रिंसिपल थे। 1834 में स्थापना हुई और इसमें मैं 10 वीं तक पढ़ा। मुझे अपने स्कूल पर काफी गर्व है। बाद में मिदनापुर कॉलेज जो 1860 का है वहां से प्लस टू किया और इसके बाद मैं जलपाईगुड़ी गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में बी. टेक करने चला गया। 1980-84 बैच का हूं। फिर आइआइटी खड़गपुर से 1985-87 में एम. टेक किया। उस समय मैं जमशेदपुर आया था एम. टेक का प्रोजेक्ट करने के लिए टाटा स्टील। टुल्स स्टील प्लांट में 6 महीने रहा।

एम. टेक करने के बाद 1987 में हिन्दुस्तान मोटर्स लि, उत्तर पाड़ा प्लांट ज्वाइन किया। उसके बाद इंडियन रेलवे ज्वाइन किया। कचरापाड़ा रेलवे वर्क्स शॉप समेत तीन वर्क शॉप में काम किया। ये चार साल 1988 से 91 तक फोरमैन रहा। उसके बाद झारखंड के एनआईएफएएफटी , रांची में फैकल्टी असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में ज्वाइन कर लिया। अब इस संस्थान का नाम बदल कर नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस मैन्यूफैक्चरिंग टेक्नोलोजी हो गया है। यहां 1991 से 96 तक रहा। फिर भ्रारत के द्वितीय पुराने श्रीरामपुर टेक्सटाइल्स कॉलेज , प बंगाल आ गया। यहां पांच वर्ष 1996-2000 तक रहा। उसके बाद मैं कल्याणी गवमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में ज्वाइन कर लिया। 2003 में यहां पर प्रोफेसर बन गया। फरवरी 2005 में जादवपुर यूनिवर्सिटी ज्वाइन कर लिया। मैं 10 संस्थानों में काम किया हूं। मैं एक गोल लेकर चलता हूं । हर आदमी के पास अगले पांच वर्ष का लक्ष्य होना चाहिए। अप्रैल 2018 में मैं एनआइटी मणिपुर में निदेशक पांच साल रहा। फिर जादवपुर यूनिवर्सिटी कम बैक किया और एक दिन बाद एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक के रुप में ज्वाइन क र लिया।

हर आदमी को पांच वर्ष पर गोल पोस्ट बदलना चाहिए। मैं अपने छात्रों को भी ऐसा ही बोलता हूं।

**सवाल : जब आपको एनआइटी जमशेदपुर का डायरेक्टर बनाया गया तो उसके पहले इस संस्थान के बारे में आपकी राय क्या थी, आपने क्या कुछ जान रखा था?**

डा गौतम सूत्रधार : बहुत अच्छी धारणा थी। वास्तव में मेरे होम टाउन मिदनापुर और खड़गपुर के बेहद करीब जमशेदपुर है। इसलिए इस शहर को बहुत अच्छे से जानता-समझता था। जब मैं स्टुडेंट था तो उस समय आरआइटी,जमशेदपुर











का काफी नाम था।

**सवाल : एनआइटी जमशेदपुर की वह कौन सी खूबी है जो देश के अन्य एनआइटी से इसे विशेष या अलग बनाती है?**

डा गौतम सूत्रधार : बहुत कुछ पारामीटर्स हैं जो इस एनआइटी को अलग पहचान देता है। एक समय तो यह देश के सर्वेश्रेष्ठ तकनीकी संस्थानों में एक था। यह क्यों पीछे हो गया, मंथन और विचार की बात है। इस पर खुले कुछ कहना ठीक नहीं है।

**सवाल : डा सूत्रधार,आप गोल तय करते हैं और उसे पूरा करने के लिए जुट जाते हैं। मैं जानना चाहूंगा कि एनआइटी जमशेदपुर के लिए आपका अगले पांच साल का गोल क्या है?**

डा गौतम सूत्रधार : मेरा गोल है कि अगले पांच साल में एनआइटी जमशेदपुर की ऑल इंडिया रैकिंग कम से कम 50 हो। यह रैंक तो पहले ही मिलना चाहिए था क्योंकि यह पहला एनआइटी है जो इतने बाब्रेंट औद्योगिक नगर टाटानगर के साथ है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मैं अपनी टीम के साथ काम कर रहा हूं। मेरी धारणा है कि अगले वर्ष तक हमारा संस्थान की रैकिंग 80 से 90 के बीच रहेगी।

**सवाल : एनआइटी जमशेदपुर की रैकिंग 50 के भीतर लाने के लिए क्या-क्या सुधार अथवा बड़े कदम उठाये जाने की जरुरत है।**

डा गौतम सूत्रधार : इसके लिए बहुत से कदम उठाये जाने चाहिए। इसमें फैकल्टी स्टूडेंट रेसियो से लेकर कई अन्य बिंदुओं पर काम करने होंगे। हमारे यहां 246 पदों में 170 एसोसिएट प्रोफेसर और शेष असिस्टेंट प्रोफसर का पद है। अभ्री एनआइटी जमशेदपुर में 169 फैकल्टी हैं। हाल में ही एनआइटी जमशेदपुर में 42 नये फैकल्टी बहाल किए जा रहे हैं। दिसंबर तक 70 प्रतिशत खाली पद भर लिए जायेंगे।

**सवाल : आधारभूत संरचना और रिसर्च का वातावरण बनाने के लिए आप क्या कर रहे हैं?**

डा गौतम सूत्रधार : पहली बात जो मैं कहना चाहता हूं कि इंडस्ट्री बगल में है तो इसका रैंक से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन फर्क तब आयेगा जब इंडस्ट्री एनआइटी जैसे इंस्टीट्यूट के पास आयेगा और इंस्टीट्यूट इंडस्ट्री के पास जायेगा। मैं एक साल से जमशेदपुर में हूं, और इस अवधि में मैं पाता हूं कि कमी दोनों ही ओर से है। मैं खुद एक फाउंड्री एक्सपर्ट हूं। अभ्री तक मेरे पास एक भ्री कंपनी कोई समस्या लेकर नहीं आई है लेकिन मैं खुद एक कंपनी के पास अपने फैकल्टी और स्टूडेंट को भ्रेजा कि जा कर मिला और पूछो कि उन्हें एनआइटी से कोई तकनीकी मदद चाहिए,कंसल्टेंसी चाहिए। मेरी टीम ने उनकी समस्या को शॉर्ट आउट कर दिया किन्तु उस कंपनी के प्रमुख ने आज तक एक थैंक्स लेटर तक एनआइटी जमशेदपुर को नहीं भ्रेजा है। इस लिए दोनों ओर कमी है।

**सवाल : टाटा स्टील रिसर्च करने के लिए बहुत से आइआइटी के साथ एमओयू कर रही है। एनआइटी जमशेदपुर के साथ कोई इस तरह का एमओयू होने वाला है?**

डा गौतम सूत्रधार : टाटा स्टील बहुत बड़ी कंपनी है, बहुत बड़ा हाउस है। मैं थोड़ी यहां की मिट्टी मजबूत कर लूं। मेरी योजना उन तक पहुंचने की है। किन्तु वे अभ्री रुचि नहीं ले रहे। कंपनी से कोई फोन तक नहीं आया है। हां, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी एनआइटी जमशेदपुर के साथ एमओयू करने के लिए रुचि रखते हैं। जिंदल स्टील ने भी हमें आमंत्रित किया है। जो हमें आमंत्रित करेंगे हम उनके साथ संबंधों को प्राथमिकता देंगे। हमलोगों ने टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन को आमंत्रित किया था किन्तु वो आ नहीं पाये और अपने वीपी उत्तम सिंह को भेजा था।

**सवाल : रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए एनआईटी जमशेदपुर क्या कर रहा है।**

डा गौतम सूत्रधार : इस दिशा में हमारा फोकस है। हम ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री ओरियेंटेड रिसर्च और पेटेंट हासिल करने की दिशा में काम शुरु कर चुके हैं। एनआइटी जमशेदपुर के रैंक सुधार के लिए विभ्रिन्न पारा मीटर पर काम कर रहे हैं। बीते वर्ष की तुलना में इसमें 3 से 27 प्रतिशत तक सुधार है। लेडीज और जेंट्स दोनों फैकल्टी लाने जा रहे हैं। इस वर्ष हम बेहतर करेंगे।

**सवाल : वो कौन-कौन से पारा मीटर हैं जिन पर काम करने से संस्थान के रैंक में सुधार आ सकता है?**

डा गौतम सूत्रधार : बहुत कुछ पारा मीटर हैं। हम पुराने फैकल्टी को ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट और कंसल्टेंसी के लिए हम प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्हें बेहतर मेंटरशिप करने के लिए भ्री प्रोत्साहित कर रहा हूं। इससे जूनियर फैकल्टी को उनके अनुभ्राव का लाभ्रा मिलेगा। लेकिन एक बात मैं गर्व के साथ बताना चाहूंगा कि बीते एक वर्ष में हमारे फैकल्टी काफी अच्छे-अच्छे प्रोजेक्ट लाने में सफल हुए हैं। इकूवेशन इनोवेशन, पीएम के ड्रीम इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमी कंडक्टर क्षेत्र में ,कम्यूनिकेशन टेक्नोलोजी 5 जी और 6 जी के टेक्नोलोजी विकास पर काम कर रहे हैं। 5 जी पर काम करने के लिए 5 करोड़ का फंड मिला है। हम अपने छात्रों को इस दिशा में योगदान करने के लिए तैयार कर रहे हैं। पीएम ने हाल में ही असम और गुजरात में सेमी कंडक्टर चीप सी टू एस मैन्यूफैक्चरिंग की आधारशिला रखी है। इस क्षेत्र में बेहतर करने के लिए एनआइटी जमशेदपुर को 85 लाख रुपये की सहायता मिली है। इसके लिए लैब बनायेंगे। और एक भारत सरकार का मिशन है : टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में देश को नंबर वन बनाना। नेशनल टेक्सटाइल्स मिशन के तहत हम छात्रों में कैपेसिटी बिल्डिंग कर उन्हें सीधे टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में काम करने योग्य बनाना है। मैं खूद टेक्सटाइल्स कॉलेज में रह चुका हूं। टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में 50 प्रतिशत तक मैकेनिकल काम है। इस उद्योग में मैकेनिकल इंजीनियरिंग का बहुत महत्व है। सरकार इस सेक्टर को और सक्षम बनाने के लिए मैकेनिकल इंजीनियरों को प्रोत्साहित करना चाहती है। इस सेक्टर के लिए छात्रों को सशक्त बनाने के लिए भ्रारत सरकार से 1.6 करोड़ रुपये का फंड मिला है। टेक्सटाइल्स मंत्रालय और सहायता देने को तैयार है। इस सेक्टर के लिए भ्री लैब बनायेगें। टेक्सटाइल्स इंजीनियरिंग में एम. टेक का पाठ्यक्रम भ्री अगले वर्ष से शुरु करेंगे। हाल में ही भ्रारत सरकार के एडिशनल सेकेट्री सुनील वर्णवाल आये थे, वे सुझाव दिए कि इंटर्न शिप छोड दीजिए, एक पूरा सेमेस्टर पूरा इंडस्ट्री को दे दीजिए। यह पांचवें अथवा छठे समेस्टर में हो सकता है। छात्र पावर सेक्टर, स्टील सेक्टर,ऑटोमोबाइल सेक्टर में काम करें, फैक्ट्री रुल,फैक्ट्री सेफ्टी आदि शॉप फ्लोर पर सीखें। इसी परामर्श पर मैं हाल में ही ओपी जिंदल पावर गया था वे 100 छात्रों को एक सेमेस्टर के लिए प्लांट में काम देने को तैयार हैं। मैकेनिकल,इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कुछ कंप्यूटर साइंस के करीब 100 से 120 छात्र डिमांड कर रहे हैं। वे पढ़ायेंगे भ्री और शॉप फ्लोर का अनुभ्राव भ्री देंगे। मैं जिंदल स्टील से भ्री बात कर रहा हूं। इसमें टाइम थोड़ा लगेगा किन्तु होगा अवश्य होगा।

**सवाल : कहने का मतलब है कि आप एनआइटी जमशेदपुर के पढ़ाई-लिखाई के वातावरण में आमूल-चूल बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहे हैं?**

डा गौतम सूत्रधार : हम और हमारी टीम इस दिशा में पूरी कोशिश कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री ओरियेंटेड पढ़ाई की जाय।

**सवाल : एनआइटी जमशेदपुर को और बेहतर बनाने की दिशा में झारखंड सरकार से आप किस तरह की सहायता चाहते हैं?**

डा गौतम सूत्रधार : देखो, हमारी टीम ट्राइबल छात्र-छात्राओं के लिए कुछ विशेष पाठ्यक्रम लांच करना चाहती है ताकि झारखंड सरकार की ट्राइबल डेवलपमेंट स्कीम का लाभ्रा एनआइटी जमशेदपुर को मिल सके। बीआइटी मेसरा की तरह एनआइटी जमशेदपुर भ्री इस दिशा में काम करना चाहता है। हमारे यहां एनआइटी पटना से एक ट्राइबल फैकल्टी ज्वाइन किए हैं, सिविल के एसोसिएट प्रोफेसर डा सुनील कुमार मुर्मू और एक लेडी फैकल्टी असिस्टेंट प्रो दुलारी हांसदा को भ्री स्कील डेवलपमेंट ऑफ ट्राइबल स्टूडेंट के लिए प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए कहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट में एक प्रो मुंडा हैं। हमलोग उनका भी मदद लेंगे। एनआइटी जमशेदपुर आस-पास के पांच ट्राइबल्स गांवों को गोद लिया है। उन्हें मॉडल विलेज बनायेंगे। उनका जीवन स्तर उन्नत करना चाहते हैं। वहां किसानों को खेती, मत्सय पालन एवं आधुनिक कमर्शियल खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम उन्हें आइओटी से भी लाभान्वित करना चाहते हैं। हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट को हायर एजूकेशन फायनेशियल असिस्टेंस हेफा से 43 लाख रुपये का प्रोजेक्ट मिला है। इस विभाग में डा कुंडु बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

एनआइटी पटना को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंकूवेशन एंड स्टार्ट अप के कारपस फंड में 65 करोड़ रुपये दिए हैं। झारखंड सरकार एनआइटी जमशेदपुर को ऐसे ही कारपस फंड दे तो राज्य को काफी भला होगा।

# आपकी बेहतर स्किल से इंटरव्यू में सफलता

**- डॉ कुमार संजय**

(अगर आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं या इंटरव्यू में आपको सफलता नहीं मिल रही, तो इस आलेख को ध्यान से पढ़ें. इस आलेख में दिए गए टिप्स आपके बहुत काम आएंगे)

मुझे कई इंटरव्यू बोर्ड में बैठने का मौका मिलता है. मैं ऐसे कई कैंडिडेट्स देखता हूं जिनका एकेडमिक परफॉर्मेंस बहुत ही अच्छा होता है अर्थात वे पढ़ाई में बहुत तेज होते हैं. लेकिन वे इंटरव्यू में छंट जाते हैं. उनके छंटने की वजह क्या होती है, आज इस पर बात करने जा रहे हैं. साथ ही उन्हें करना क्या चाहिए, इसकी भी चर्चा करेंगे.

1. कम्युनिकेशन स्किल्स : बातचीत का गलत तरीका छंटने की सबसे बड़ी वजह होती है. बहुत धीमा या तेज बोलना, बहुत ज्यादा या कम बोलना, बहुत रुक-रुक कर बोलना, अस्पष्ट बोलना - ये सब गलत कम्युनिकेशन स्किल्स के अंतर्गत आते हैं. उस ज्ञान का कोई मोल नहीं अगर बात सही ढंग से सामने वाले के पास न पहुंचे. कैंडिडेट को सबसे ज्यादा ध्यान अपने कम्युनिकेशन स्किल्स पर देना चाहिए. सही ढंग से अपने आप को व्यक्त करना सीखें. इंटरव्यू में कम शब्दों में सटीक बातें बोलनी चाहिए. इसके लिए बहुत अभ्यास करें.

2. गलत पहनावा : आप किस पोस्ट के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं, इसको जरूर ध्यान में रखें. वैसे किसी भी इंटरव्यू में जरूर से ज्यादा बन-संवर कर, मेकअप करके नहीं जाना चाहिए. बहुत चमक-दमक वाले, डिजाइन वाले कपड़े न पहनें. लड़कियां अक्सर ऐसा करती हैं. वे बहुत हाई हील्स पहनती हैं, बड़े-बड़े आभूषण या झुमके डाल लेती हैं. बाल को बांध कर जाएं. बड़े-बड़े झुमके, गहने न पहनें. बहुत स्टाइलिश या बहुत साधारण कपड़े न पहनें. लड़कों को फॉर्मल शर्ट-पैंट पहनना चाहिए. हमेशा पॉलिश्ड जूते पहनें. आपको हर तरह से प्रेजेंटेबल होना चाहिए.

3. गलत मैनर्स और बॉडी लैंग्वेज : बहुत से कैंडिडेट्स में शिष्टाचार की बहुत कमी होती है. बिना इजाजत अंदर चले जाना, चेयर खींच कर बैठ जाना, बहुत ढीला बैठना, पैर हिलाना, हाथ से टेबल या कुर्सी बजाना - गलत मैनर्स के अंतर्गत आते हैं. परमिशन लेकर अंदर जाएं, परमिशन लेकर बैठें, स्मार्टली बैठें,



अपने हाथ पैर न हिलाएं. बाहर निकलने के पहले कुर्सी को यथास्थान रख दें और निकलते समय थैंक यू जरूर बोलें. जवाब देते समय इधर-उधर न देखें, नजर न चुराएं.

4. गलत परिचय : बहुत लोग अपना परिचय ही गलत देते हैं. परिचय में बहुत ज्यादा न बोलें. परिचय में सिर्फ आपको अपना नाम, स्थान, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन, वर्क एक्सपीरियंस और हॉबी बतानी चाहिए. अगर आपकी कोई अच्छी उपलब्धि है तो उसे कम से कम शब्दों में बताएं. बहुत लोग अपनी उपलब्धियां गिनाने बैठ जाते हैं. इंटरव्यू बोर्ड उनसे फेड अप होकर कोई प्रश्न नहीं पूछता और उन्हें गलतफहमी हो जाती है कि उन्होंने बहुत अच्छा प्रभाव छोड़ा है. परिवार के बारे में तभी बताएं जब पूछा जाए. आपको यह भी नहीं बताना है कि इस नौकरी की आपको कितनी सख्त जरूरत है. कोई भी अनावश्यक बात परिचय में न डालें.

5. सैलरी : प्राइवेट जॉब में अक्सर यह पूछा जाता है कि आप कितनी सैलरी की उम्मीद करते हैं. अक्सर लोग जरूरत से ज्यादा फेंक देते हैं और पूरी योग्यता रखते हुए भी मिलने वाली नौकरी से हाथ धो बैठते हैं. याद रखें हर नौकरी के लिए मिनिमम और मैक्सिमम सैलरी तय रहती है. आप जहां जा रहे हैं, पहले से सैलरी पता करके जाएं. इसी रेंज में सैलरी बोलिए.

6. एटीट्यूड : कुछ कैंडिडेट का एटीट्यूड बहुत गलत होता है. वे बहुत दिखावा करते हैं. अजीब ढंग से मुस्कुराते हैं, देखते हैं, बात करते हैं. बनावटी अंग्रेजी या हिंदी में बोलते हैं. यह सब गलत है. इंटरव्यू में ज्यादा जानने का दिखावा मत कीजिए. यह मत बोलिए कि आप पढ़े थे, अभी भूल रहे हैं. आता है, तो जवाब दीजिए, नहीं आता 'सॉरी सर' बोलिए. सफाई देने से कोई फायदा नहीं. अनावश्यक मत हंसिये. बहुत सीरियस दिखने की भी जरूरत नहीं है. विनम्रता से पेश आइए, विनम्रता से जवाब दीजिए.

7. गलत बायोडाटा : कुछ कैंडिडेट का बायोडाटा उनके बात-व्यवहार, नॉलेज से मैच नहीं करता. बायोडाटा में लिखा होता है क्विज में प्रथम पुरस्कार विजेता जबकि साधारण से प्रश्न का जवाब नहीं दे पाते. बायोडाटा में लिखा होता कंप्यूटर नॉलेज जबकि कंप्यूटर की बेसिक बातें भी पता नहीं होतीं. बायोडाटा में सिर्फ वही बातें लिखें जो बिल्कुल सही हो. बढ़ा-चढ़ा कर न लिखें.

**मूल मंत्रः** नॉलेज तो निश्चित रूप से मायने रखता है लेकिन नॉलेज से ज्यादा मायने रखता है, आपका एटीट्यूड, कम्युनिकेशन स्किल्स, मैनर्स, पहनावा, स्मार्टनेस और सेल्फ प्रेजेंटेशन. पढ़ाई के साथ-साथ ऊपर दी गई बातों पर बहुत ध्यान दें, तभी बात बनेगी। (डायरेक्टर, स्पेनिन रांची)

# लिखें रोज तनाव होगा छूमंतर



**कुसुम पी**

**जब मानसिक** स्वास्थ्य की बात हो तो हमारे दिमाग में कुछ शब्द आते हैं जैसे- अवसाद, मनोचिकित्सक, परामर्श व चिंता आदि, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य इससे कहीं अधिक है। हालांकि कोविड काल के बाद भारत में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता से बात होने लगी है, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक से लड़ने के साथ-साथ, हमें मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता लानी है। जागरूकता का उपयोग करने के साथ अपना ख्याल रखने की दिशा में भी काम करना होगा। हमें तनाव है, लेकिन हम नहीं जानते कि इसके बारे में किसी परामर्शदाता के पास जाने के अलावा क्या किया जाए, जो हर किसी के लिए सुविधाजनक विकल्प नहीं है। तो, सवाल है हम घर पर अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल कैसे शुरू करें?

चिकित्सीय जीवन शैली परिवर्तन (टीएलसी) अवधारणा का उपयोग हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में मददगार बन सकता है। टीएलसी के तहत पौष्टिक आहार, शारीरिक गतिविधि, ध्यान, रूटीन आदि आते हैं। यहां जर्नलिंग एक स्व-सहायता उपकरण है जो सक्रिय योगदान दे सकता है। जर्नलिंग केवल अभ्यास, लेखन और अनफि ल्टर्ड विचारों-भावनाओं को व्यक्त कर स्वयं-जागरूक होने और खुद के साथ सार्थक संबंध बनाने का एक तरीका है। एक मानसिक, भावनात्मक और व्यक्तिगत अभ्यास है जो हमें अपने आंतरिक संघर्षों और भ्रमों को सुलझाने के साथ-साथ अपने परिवेश के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। जर्नलिंग कई प्रकार की है।

**अभिव्यंजक जर्नलिंग :** यहां, हम अपने विचारों और भावनाओं को बिना किसी फिल्टर के, जैसे ही वे आते हैं, लिखते हैं। यह हमें उन विचारों और भावनाओं से बाहर निकलने में मदद करता है जिन्हें साझा करने या स्वीकार करने में हम सहज नहीं थे। यह आपके सोचने के तरीके, ट्रिगर्स और भावनाओं के बारे में जागरूक होने में मदद करता है। सोच तर्कसंगत बनाने का भी मौका मिलता है।

**कृतज्ञता :** यह हमें उन चीजों को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है जिनके लिए हम आभारी हैं। यह हमें वर्तमान जीवन, रिश्तों, स्थितियों, परिवेश और यहां तक कि स्वयं में भी अच्छाई खोजने में मदद करेगा। शोधकताओं का कहना है कि हम जिस चीज के लिए आभारी हैं, उसके बारे में प्रतिदिन पांच मिनट लिखने मात्र से हमारी दीर्घकालिक खुशी 10 फीसदी बढ़ सकती है।

**एक शब्द की पत्रिका :** हम अपने दिन का वर्णन केवल एक शब्द से करके और उसे लिखकर शुरू कर सकते हैं। समय के साथ, हम अपने लिए एक पंक्ति लिखने के लिए आगे बढ़ सकते हैं और कुछ डूडलिंग भी कर सकते हैं। खुद को अभिव्यक्त करना सीखने की दिशा में यह अच्छा कदम है।

**न भेजा गया पत्र :** ऐसे क्षण आते हैं जब हम किसी से कुछ कहना चाहते हैं लेकिन कह नहीं पाते। न भेजे गए पत्र जर्नलिंग का अर्थ स्वयं को वह सब कुछ लिखने की अनुमति देना है जो हम किसी से कहना चाहते हैं। इसमें हम प्रतिक्रिया की चिंता किए बिना लिख सकते हैं जो कहना चाहते हैं।

**फोटोग्राफी :** यदि हम कुछ भी लिखना नहीं चाहते हैं, तो हम बस एक दिन में उन चीजों की फोटो क्लिक कर सकते हैं जो हमें आभारी, खुश या प्रेरित महसूस कराती हैं। इन तस्वीरों को दिन की किसी महत्वपूर्ण चीज के रूप में अपनी पत्रिका में जोड़ते हैं।

**आर्ट जर्नलिंग :** हम अपनी पत्रिकाओं में पेंटिंग, स्केचिंग, कलरिंग, डूडलिंग, क्राफ्टिंग आदि के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करना शुरू कर सकते हैं और यह आत्म-जागरूकता के माध्यम से जागरूक तरीके से मार्गदर्शन करने में मदद करेगा।


माइंडफुल और वेलनेस जर्नलिंग : यहां, हम यहां और अभी पर ध्यान केंद्रित करते हैं और लचीलापन प्रशिक्षण का उपयोग करके अपने दिन की योजना बनाते हैं। यह हमें आशावाद और हमारे दिन का समय-निर्धारण करने में मदद करता है। जर्नलिंग मदद करता है- हमारे दिमाग को शांत करने, आत्मनिरीक्षण करने और खुद को और अधिक जानने, वर्तमान के प्रति जागरूक होने, डिजिटल अवकाश, कृतज्ञता, आशावाद जगाने में। यह लचीलापन प्रशिक्षण बेहतर निर्णय लेने में योगदान देता है और स्थितियों को तर्कसंगत बनाता है।

स्वस्थ आदतों के साथ उपचारात्मक विचारों को भी विकसित करता हे। जर्नलिंग हमारे मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एक अच्छी तरह से स्थापित और सफल तरीका है वहीं सबसे किफायती, आसान और सुविधाजनक अभ्यास है। जर्नलिंग में अवसाद को रोकने, उत्साह को बढ़ावा देने की क्षमता है। ऐसे में हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना शुरू करें और इसके प्रति सचेत कदम उठाएं। तनाव अधिकांश मानसिक और शारीरिक बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए जर्नलिंग के माध्यम से तनाव का प्रबंधन करना सीखना एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय है। (साहित्यकार लेखक)

# पुल गिरने में खनन माफिया की भूमिका सबसे ज्यादा: पप्पू यादव

एजेंसी

**किशनगंज।** बिहार में लगातार पुल गिर रहे है। ये अत्यंत निंदनीय है। पुल गिरने में खनन माफिया की भूमिका सबसे ज्यादा है। यह बातें शनिवार को बागडोगरा से पूर्णिया जाने के दौरान बस स्टैंड में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने हाल के दिनों में नीट परीक्षा को लेकर उठाये गए मुद्दे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में जिस बच्चे की भूमिका अहम है उसकी



लाइफ को सिक्योर करना है। पूर्णिया सांसद ने कहा कि एनजीओ के द्वारा एग्जाम न लिया जाए। इसके लिए एग्जामिनेशन कंट्रोल करने वाली एक कमिटी बनायी जाए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से कुछ परीक्षा के प्रश्न लीक आउट हो रहे है। लेकिन सरकार इस बात को मानना नहीं चाहती है। इस पर अविलंब रोक लगनी चाहिए। किसी भी परीक्षा का प्रश्न लीक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। अभी हाल ही में नीट का एग्जाम कैंसिल किया गया है। नीट एग्जाम को लेकर जो बातें सामने आयी है उसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सकारात्मक व रचनात्मक कार्य नहीं कर रही है। युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सबसे पहले इस देश के युवाओं की आवाज को आगे पहुंचाना चाहती है। सांसद ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

इस मौके पर पूर्व जाप नेता डॉ गुलरेज रौशन रहमान, जिला परिषद सदस्य नासिक नादिर, पूर्व वरीय नेता मोनश रहमानी, इम्तियाज नसर आदि मौजूद थे। वही इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष इमाम अली चिंटू के नेतृत्व में सांसद पप्पू यादव का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस नेताओं में साहबुल अख्तर आदि मौजूद थे।

# आर्मी जवान पर पत्नी की हत्या का आरोप, पति गिरफ्तार



**पश्चिम चम्पारण।** वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चौक के निकट शुक्रवार की शाम फंदे से लटकने से एक महिला की मौत हो गई। इस मामले में मृतका के पिता हफीजुल्ला अंसारी ग्राम सिसई थाना लौरिया ने वाल्मीकि नगर थाना में आवेदन देकर कहा है कि अपने सबसे छोटी पुत्री निकहत परवीन की शादी इस्माइल अंसारी से किया था। चार माह बाद जब पुत्री मायके आई तो उसने बताया कि पति इस्माइल अंसारी चार चक्का गाड़ी की मांग कर रहा है। उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। 24 मई 2024 को मेरी पुत्री फिर ससुराल गई। और फोन से बताया कि यह लोग जान से मार देंगे।उसी दिन पुत्री की ननद की शादी में मैं अपनी बेटी के ससुराल वाल्मीकि नगर आया। और ससुराल वालों की मांग पर कुलर खरीद कर दिया।28 जून को पुत्री ने फोन करके बताया कि यह लोग काफी प्रताड़ित कर रहे हैं और मुझे जान से मार देंगे। सूचना पर जब मैं वाल्मीकि नगर पहुंचा तो मेरी पुत्री अपने कमरे में मृत पड़ी थी तथा उसके गले में रस्सी कसने के कारण गर्दन में काला निशान पड़ा था।

## खबर एक नजर में

### भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर बसपा ने किया एकदिवसीय महाधरना प्रदर्शन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय के समीप बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले एक दिवसीय महा धरना का प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण अध्यक्ष सुनेश्वर राम ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के नाम 11 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत एवं कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को सौंपा गया। दिए गए मांग पत्र में पीएम आवास के लाभूको का बकाया राशि का अविलंब भुगतान करते हुए 4 माह से बकाया सभी प्रकार के पेंशन को अविलंब भुगतान करने, पेयजल समस्या का स्थाई समाधान एवं केंद्र सरकार द्वारा नल जल योजना की अधूरे कार्यों को अभिलंब पूरा करने,नीलगाय द्वारा किए गए बर्बाद फसल के नुकसान को किसानों को अभिलंब मुआवजा देने, टेंपो स्टैंड बनने तक टेंपो चालकों से किसी तरह का टैक्स नहीं लेने सहित 11 मांगे शामिल है। मौके पर मुख्य अतिथि बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन उर्फ.राजेश मेहता ने कहा कि जन समस्या के 11 सूत्री मांगो को अविलंब पूरा नहीं किया गया तो बाध्य होकर पार्टी के बैनर तले जन आंदोलन किया जाएगा। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा जनप्रतिनिधि है जो अपना पारिवारिक लाभ लेने में आगे है और केवल वह अपना ही विकास करना जानते हैं। ऐसे जनप्रतिनिधि को निकाल सके और संघर्षशील व्यक्ति को आप चुनिए। एक बार मौका दीजिए और क्षेत्र में विकास ही विकास होगा। मौके पर गीता मेहता, प्रमोद रवि, नगर मंडल अध्यक्ष पिंकू सोनी, ग्रामीण एवं प्रखंड अध्यक्ष सुनेश्वर राम आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर धर्मेंद्र ठाकुर, गिरीश पांडेय, अजय चैधरी, सत्येंद्र सिंह, संजय चैधरी, प्रमिला देवी, समुद्री देवी, उर्मिला देवी, सुबोध पाल, ओमप्रकाश, अत्ताउल्लाह खान सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पिकअप वैन पर लदा 41 मवेशियों को किया गया जब्त

**किशनगंज।** एसपी सागर कुमार के निर्देश पर जिले में मवेशी तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। चलाये जा रहे अभियान के तहत पोठिया थाना पुलिस द्वारा देवी चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान में छह पिकअप वैन पर लदा 41 मवेशी जब्त किया गया। जब्त मवेशियों के साथ 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। किशनगंज पुलिस ने शनिवार की शाम बयान जारी कर कहा है कि गुप्त सूचना मिली कि ठाकुरगंज की तरफ से 6 पिकअप वाहन पोठिया की ओर जा रही है। जिसमें मवेशी लदा हुआ है। चेकिंग दल को सूचना के कुछ ही देर बाद उक्त एक-एक कर 6 पिकअप वाहन को देवी चौक के समीप रोका गया। सभी पिकअप वाहन की बारी-बारी तलाशी ली गयी तो उसमें कुल 41 गाय का बछड़ा बरामद किया गया। इस संबंध में सभी वाहन चालकों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा स्पष्ट जबाव नहीं दिया गया और न ही कोई कागजात प्रस्तुत किया गया। सभी 6 वाहन में लदे कुल 41 गाय के बछड़ा को जब्त करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा इस संबंध में पोठिया थाना में सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### नालंदा में मकान का छाज्जा गिरने से दादी-पोता की दबकर मौत

**राजगीर।** बिहार में नालंदा जिले के एकंगरसराय थाना क्षेत्र में शनिवार को एक मकान का छज्जा गिरने से दादी-पोता की दबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सुंडी बिगहा गांव में एक मकान का छज्जा गिरने से डोमन मोची के 14 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार एवं धीरज कुमार की दादी सोना देवी (60) गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों को एकंगरसराय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया, जहां चिकित्सकों ने धीरज कुमार को मृत घोषित कर दिया।

### सीवान में हत्या के मामले में एक व्यक्ति को उम्रकैद

**सीवान।** बिहार में सीवान जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में शनिवार को एक व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनायी।

अपर जिला न्यायाधीश (अष्टम) शशि भूषण कुमार ने हत्याकांड के नामजद आरोपी शेरा मांझी को उम्रकैद की सजा दी है। अदालत ने दोषी पर अतिरिक्त 15 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा भी निर्धारित की है ।अर्थ दंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर दोषी को अतिरिक्त छह माह सश्रम कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

### नीट प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

**पटना।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। इससे पूर्व सीबीआई ने हजारीबाग से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त डॉ. एहसान उल हक, इम्तियाज और जमालुद्दीन को आज विशेष अदालत में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया गया।

## स्पीड न्यूज

### डंडा प्रखंड समन्वयक कार्य मुक्त

**गढ़वा।** जिले के डंडा प्रखंड के ग्राम पंचायत भिखही में अबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन में पारदर्शिता नहीं बरती गई तथा लाभुकों के चयन में अनियमितता की शिकायत जिला प्रशासन गढ़वा को प्राप्त हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा शिकायत की जांच कराई गई। जांच में आरोप की पुष्टि की गई। जांचोपरांत डंडा प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, संगीता कुमारी को कार्यमुक्त कर दिया गया। साथ ही तत्कालीन पंचायत सचिव ग्राम पंचायत भिखही, प्रखंड डंडा शम्भू प्रसाद को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवई प्रारंभ करने का निदेश दिया गया एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा से भी स्पष्टीकरण पृच्छा की गई।


### विशेष लोक अदालत का आयोजन



आवेदन देते ग्रामीण।

**कांडी।** प्रखंड व अंचल कार्यालय में शनिवार को विशेष राजस्व शिविर व विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में भूमि एवं राजस्व मामलों के विशेष लोक अदालत का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीटीओ धीरज प्रकाश व अंचलाधिकारी राकेश सहाय थे। आज के राजस्व शिविर में विभिन्न मामलों से जुड़े कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में दाखिल खारिज के 5, पंजी 2 में सुधार के लिए 6, सीमांकन के 2, प्रमाणपत्र के 3, अपडेशन के 11, लगान निर्धारण के 4, अतिक्रमण के 1, पारिवारिक सूची के 2, जमीन विवाद के 8 व विविध के 5 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर अंचल निरीक्षक जगरनाथ मांझी, राजस्व कर्मचारी दीपक कुमार यादव, गणेश सिंह चैधरी, वसीम अंसारी, अंचल अमीन धर्मदेव राम सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### डीएवी भवनाथपुर में जल शक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में बच्चे।

**भवनाथपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्देशित जल शक्ति अभियान के तहत डीएवी विद्यालय भवनाथपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रभात फेरी कार्यक्रम, पेंटिंग कार्यक्रम तथा नाटक का आयोजन किया गया और लोगों को तथा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर वरीय शिक्षक ओपी सिंह ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता मार्च को रवाना किया। जबकि शिक्षक ब्रजेंद्र कुमार तथा संजय राय भट्ट के नेतृत्व में जागरूकता मार्च, पेंटिंग प्रतियोगिता और नाटक का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने जल संरक्षण करने, पौधा लगाने और पेड़ों को बचाने की शपथ ली। मौके पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि जल संरक्षण अति आवश्यक है जो जीवन का आधार है और इसकी शुरूआत विद्यालय से ही होनी चाहिए। क्योंकि जो यहां बच्चों को सिखाया जाएगा वही भविष्य में भी व्यवहारिक रूप लेगा।

# नेपाल की बारिश से सीतामढ़ी में मची तबाही, कई गांवों में घुसा पानी

**सीतामढ़ी।** नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश से अधवारा समूह की झीम व लखनदेई नदी उफना गयी है। इन नदियों में उफान से शुक्रवार को सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड के पुरंदाहा राजवाड़ा पश्चिमी पंचायत के लालबंदी गांव में कई घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। वहीं, सोनबरसा चौक से राजवाड़ा-मुजौलिया जाने वाली पथ में ब्रह्म स्थान के समीप सड़क पर दो फीट पानी बह रहा है। लालबंदी गांव के दर्जनों घर में पानी घुस जाने से यहां के निवासियों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। अगल-बगल गांव के सरेह तक में पानी फैल रहा है। इसके अलावा बसतपुर व जहदी गांव चारों तरफ से पानी से घिर गया है।



#### नदी में बना डायवर्सन हुआ ध्वस्त

बसतपुर गांव के समीप झीम नदी में बना डायवर्सन उफान में पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, जिससे आवागमन बंद है। उधर, झीम नदी का पानी भारत-नेपाल सीमा होते हुए पटेल नगर(सोनबरसा) से पश्चिम पुरे सरेह में फैल गया है। भारत-नेपाल सीमा के हनुमान चौक मलंगवा रोड में सड़क पर तीन फीट पानी का बहाव है। सड़क पर पानी के बहाव से आवागमन में लोगों को कठिनाइयां हो रही है। लोग ट्रैक्टर से आर-पार हो रहे हैं। लखनदेई नदी में पानी बढ़ जाने से छोटी भाडसर गांव के समीप सरेह में पानी बह रहा है। बीडीओ सत्येंद्र कुमार यादव व सीओ शिल्पी कुमारी ने इन इलाकों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। बीडीओ ने बताया कि वर्तमान स्थित से जिला के वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है। पूरे स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

#### नदियों में उफान से संकट गहराया

नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश के कारण परिहार प्रखंड से गुजरने वाली हरदी नदी एक बार फिर उफना गई है। शुक्रवार को हरदी नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने के कारण तेजी से बाढ़ का पानी गांवों की तरफ फैलने लगा। परवाहा लालबंदी पथ पर पानी का तेज बहाव हो रहा है।

# एसीपी योजना का लाभ पाने के लिए कोई परीक्षा नहीं देनी होगी : हाईकोर्ट

**पटना।** पटना हाईकोर्ट के तीनों जजों की पूर्णपीठ ने शुक्रवार को राज्य सरकार के कर्मियों को एक बड़ी राहत दी है। हाइकोर्ट ने कर्मियों को सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना पाने के लिए विभागीय लेखा परीक्षा उत्तीर्ण करना जरूरी नहीं करार दिया। न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार, न्यायमूर्ति नानी तागिया और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की पूर्णपीठ ने एक साथ पांच याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई के बाद यह आदेश देते हुए राज्यकर्मियों को बड़ी राहत दी है।

कोर्ट ने एसीपी (सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना) पाने के लिए विभागीय लेखा परीक्षा उत्तीर्ण करना जरूरी है या नहीं पर विचार किया। हाइकोर्ट ने एसीपी नियम, 2003, के विशेष रूप से नियम 4(5) के तहत मौद्रिक लाभ प्राप्त करने के लिए बिहार बोर्ड विविध नियम, 1958 के नियम 157(3)[जे], जिसमें लेखा परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रावधान ह कर्मियों को एसीपी, एमएसीपी योजना केवल उनके निराशा को दूर करने के लिए लाया गया है. वास्तव में यह प्रोन्नति वाला पद प्रदान करना शामिल नहीं है, बल्कि योग्यता और पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन अगले उच्च ग्रेड के रूप में केवल मौद्रिक लाभ दिया जाना शामिल है। कोर्ट ने कहा कि एसीपी योजना के लिए किसी भी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करने या किसी भी शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

#### क्या है एसीपी योजना

पांचवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर ग्रुप सी और डी कर्मचारियों के लिए लागू किया गया था, जिसके तहत 12साल और 24 साल की नियमित सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को मौद्रिक लाभ प्रदान के लिए यह योजना लागू की गयी थी। यह योजना ऐसे कर्मियों को देनी थी जो पदोन्नति पाने में सक्षम नहीं थे। इसमें वास्तविक पदोन्नति प्रदान किए बिना केवल वित्तीय उन्नयन के अनुदान के लिए कर्मचारियों को उच्च वेतनमान में रखने की परिकल्पना की गयी थी।

# बीडीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** बीडीओ सह सीडीपीओ राकेश सहाय ने शनिवार को प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्र और एक विद्यालय का औचक निरीक्षण किए। निरीक्षण के क्रम में किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्र पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र पतीला 1, पतीला 2 और सेमौरा का जांच किया गया। जांच के क्रम में एक भी सेविका और सहायिका ड्रेस कोड में उपस्थित नहीं थी। साथ ही किसी भी सेंटर पर केंद्र का बोर्ड नहीं पाया गया। जिसको लेकर सेविका बैजन्ती देवी, संगीता देवी व कांति देवी तथा सहायिका जैबुन खातून, प्रतिमा कुंवर व चंद्रावती देवी से स्पष्टीकरण मांगा गया है कि क्यों नही उन्हें निलंबित किया जाए। सीडीपीओ ने कहा कि प्रखंड में आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति भयावह है। लेकिन मेरा प्रयास लगातार जारी है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को पटरी पर लाने का प्रयास



निरीक्षण करते बीडीओ।

कर रहा हूँ। उन्होंने बुनियादी विद्यालय सेमौरा का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। मध्याहन भोजन भी मेन्यू के अनुसार व गुणवत्ता पूर्ण पाया गया। साथ ही बच्चों की उपस्थिति भी लगभग शत प्रतिशत थी। आज विद्यालय में बच्चे साप्ताहिक मूल्यांकन दे रहे थे। बीडीओ ने बच्चों से साप्ताहिक मूल्यांकन के संबंध में जानकारी का आदान प्रदान किया। मौके पर हेडमास्टर पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# हेमंत के जेल से रिहा होने पर आतिशबाजी

**भवनाथपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहा होने पर भवनाथपुर प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने बम पटाखा फोड़, मिठाइयां बांट व नारेबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान नेता व कार्यकताओं ने जेल का फाटक टूट गया हेमंत सोरेन छूट गया, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत 5 महीने तक जेल के अंदर रखा गया। हेमंत सोरेन को झूठे केस में फंसा कर जेल भेजा गया था। उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर जेल से बाहर आए हैं। सत्य की जीत हुई है।

मौके पर शैलेंद्र यादव, ब्रजेश कुमार सिंह, अजमुद्दीन अंसारी, दीपक वर्मा, गोपाल प्रसाद यादव, शमशेर अंसारी, नालेज पासवान, प्रमोद चंद्रवंशी, सुरेंद्र सिन्हा, रामनिवास यादव, राजेश्वर गुप्ता, उपेंद्र यादव सहित कई लोग शामिल थे।

# थाना प्रभारी व बीडीओ ने की व्यवसायियों के साथ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते व्यवसायी।

**केतार।** मुख्य बाजार में शुक्रवार को बीडीओ सावित्री कुमारी और थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने केतार बाजार व्यवसायियों के साथ बैठक किया। बैठक में व्यवसायियों ने कहा कि लगातार केतार बाजार में चोरी की घटना घटते रहती है, लेकिन इसका उद्भेदन नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि बाजार में बस गाड़ी नहीं जाने की वजह से व्यवसायियों को सामान लाने ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर बीडीओ सावित्री कुमारी ने कहा कि केतार बाजार के मुख्य चैक पर स्ट्रीट लाइट जल्द ही लगाया जाएगा। जिससे चैक चैराहों पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी ना हो। जो लोग सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किए हुए हैं वे लोग अतिक्रमण खाली कर दें। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि सभी व्यवसायी जो सक्षम है वे लोग अपने-अपने दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगाए। जिससे अपराध करने वाले में डर बना रहेगा। थाना प्रभारी ने लोगों को कहा कि आप निश्चित रहें, आपलोगो की समस्या बहुत जल्द दूर होगी। सभी बसें और टेंपो केतार बाजार तक आएंगी। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, रामश्रय कमलापुरी, रामविचार साह, विश्वनाथ साह, विनोद प्रसाद, अमरनाथ जायसवाल, पंकज कुमार, नीरज कमलापुरी, दया प्रसाद, विजय पाल सहित अन्य व्यवसायी उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता शिविर व चलंत लोक अदालत का आयोजन

# डीसी ने विशेष राजस्व शिविर का लिया जायजा कई मामलों का ऑन द स्पॉट किया निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले में राजस्व कार्यों के त्वरित एवं प्रभावी ढंग से निष्पादन एवं आमजनों की सुविधा के लिए सभी प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय गढ़वा में आयोजित हुए विशेष राजस्व शिविर का डीसी शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीसी ने शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी लिया। डीसी ने म्यूटेशन संबंधित कार्यों का प्रमाण पत्र लाभुकों को दिया एवं महिला सखी मंडलों के बीच रोजगार उन्नयन के लिए सांकेतिक




शिविर में डीसी।

तौर पर स्वीकृत राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान डीसी शेखर जमुआर जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक जागरूकता शिविर सह चलंत लोक अदालत (न्याय आपके द्वार) कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर डीसी ने कहा कि अपने स्तर से हम आपके समस्याओं के समाधान का प्रयास करते है, परंतु आपको भी अपने समस्या के समाधान के लिए जागरूक रहने की आवश्यकता है। लोगों के बीच सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने, आमजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने, न्याय दिलाने, रोजगार सृजन, घरेलू हिंसा से मुक्ति, बाल श्रम से मुक्ति, जीवन स्तर का उन्नयनिकरण आदि अन्य तमाम मामलों के निष्पादन के लिए प्रखंड, पंचायत वार विशेष शिविर का आयोजन कराया जाता है। विशेष राजस्व शिविर में मुख्य रूप से ऑनलाईन दाखिल-खारिज (30/90 दिनों से अधिक लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन, उत्तराधिकार नामांतरण से संबंधित वादों का निष्पादन, आपसी बंटवारा के आधार पर नामांतरण से संबंधित वादो का निष्पादन, भू-लगान वसूली, सीमांकन से संबंधित वादों का निष्पादन, जमाबंदी अपडेसन (ऑनलाईन प्रविष्टि में त्रुटि सुधार इत्यादि), भू-अभिलेख में त्रुटि निराकरण, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र का निष्पादन, भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई, प्राकृतिक आपदा (वज्रपात/अतिवृष्टि/अग्निकाण्ड/सर्पदंश इत्यादि) से संबंधित मामलों का निष्पादन, सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों का निष्पादन, जाति/आय/आवासीय प्रमाण-पत्रों का निष्पादन समेत अन्य मामलो से जुड़े आवेदन भी लिए गए। डीसी ने प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया। मौके पर गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, गढ़वा सीओ शफी आलम, विभिन्न जनप्रतिनिधि, प्रखण्ड एवं अंचल के विभिन्न पदाधिकारी तथा कर्मी, विभिन्न सखी मंडलों से जुड़ी महिलाओं समेत काफी संख्या में आम जनता उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### करा लें चुनाव...

शनिवार को उनके आवास के बाहर ढोल नगाड़े, तीर धनुष लेकर अपने नेता के स्वागत में कार्यकर्ता नृत्य-संगीत और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। उन्होंने कहा, आप सभी अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जायें। झारखंड झारखंडियों का है और झारखंडी की ही सरकार राज्य में बनेगी।

**भाजपा को चुनौती :** हेमंत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि उनको हमसे डर है। उनकी समय से पहले झारखंड विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी चल रही है। भाजपा को मेरी चुनौती है, जब भी चुनाव होगा भाजपा का राज्य में सूपड़ा साफ होना तय है। इसके साथ ही हेमंत ने असम के सीएम और भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा के झारखंड दौरे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में बहुत सारे पर्यटक स्थल हैं, उसका आनंद उठायें और अपने राज्य चले जायें, यहां भाजपा का चुनाव में सफाया तय है। उन्होंने कहा, भाजपावाले विधानसभा जीत का जो सपना देख रहे हैं, वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित होंगे। हेमंत ने कहा कि अपने पूर्वजों के सपने को पूरा करने का हम काम करेंगे। कई ऐसे वीर शहीद हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उनके जलाये लौ को हम कभी बुझने नहीं देंगे। संबोधन के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, सांसद कालीचरण मुंडा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, अनूप सिंह, राजेश कच्छप, सुप्रियो भप्ताचार्य, विनोद पांडेय समेत अन्य कई नेता मौजूद थे।

**धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण :** पूर्व सीएम अपने आवास के पास कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद करीब 3:25 में बिरसा चौक पहुंचे। यहां उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। करीब 10 मिनट तक बिरसा चौक में रहे। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं का हुजूम पहुंचा था। हेमंत के जेल से बाहर आने की खुशी सभी के चेहरे पर साफ झलक रही थी। क्योंकि पांच महीने बाद उनकी अगुवाई करने वाला फिर से उनके साथ खड़ा था।

### एलओसी पर टैंक ...

राजनाथ सिंह ने जताया दुख : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि लद्दाख में नदी पार कराते समय दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ जिसमें हमारे पांच बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान चली गयी। खबर सुनकर आहत हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

स्पीड न्यूज

### फिल्म बैड न्यूज का ट्रेलर हुआ रिलीज



मुंबई। विक्की कौशल और एम्मी विर्क स्टारर फिल्म बैड न्यूज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी वर्ष 2019 में प्रदर्शित फिल्म गुड न्यूजह्रमें अक्षय कुमार, करीना कपूर, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका निभायी थी। अब गुड न्यूज का सीक्वल बैड न्यूज आ रहा है। इस फिल्म में विक्की कौशल, एम्मी विर्क और तृप्ति डिमरी हैं। बैड न्यूज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आनंद तिवारी ने बैड न्यूज को निर्देशित किया है।बैड न्यूज के ट्रेलर की शुरूआत प्रेग्नेंट तृप्ति डिमरी के कंफ्यूजिंग फेस से होती है, जिसे यह नहीं पता होता कि उनके बच्चे का पिता कौन है. इसके बाद बैड न्यूज के ट्रेलर में विक्की कौशल और एम्मी विर्क की एंट्री होती है, जो तृप्ति डिमरी के बच्चे के दोनों पिता होते हैं। इसके बाद ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे दोनों अच्छा पिता बनने की कोशिश में लगे होते हैं। बैड न्यूज 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### विदेश मंत्री जयशंकर आज जाएंगे कतर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 30 जून को कतर का आधिकारिक दौरा करेंगे। यात्रा के दौरान, वह कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि विदेश मंत्री की यात्रा दोनों पक्षों को राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाएगी।

### ताइवान के समीप मंडरा रहे हैं चीन के विमान

ताइपेई। ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब मंडरा रहे चीन के पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 23 विमानों और पांच जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर कहा कि सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 23 विमान और पांच जहाजों का पता चला। बीस विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए।

### बीजापुर में 12 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सली दंपती सहित 12 माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक बीजापुर के सामने आत्मसमर्पण कर दिया । इन नक्सलियों पर कुल सात लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन नक्सलियों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत पांच लाख की इनामी पीपीसीएम और एक लाख की ईनामी सीएनएम अध्यक्ष पति-पत्नि शामिल हैं।

# न्यायाधीश खुद को देवता नही समझे : सीजेआइ

## जनता कहती है न्यायालय न्याय का मंदिर, संविधान के मुताबिक काम करें

एजेंसी

**कोलकाता।** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश की जनता न्यायालय को मंदिर समझती है। इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि इसमें बैठने वाले न्यायाधीश खुद को देवता समझने लगें। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को संवेदनशील और सहानुभूति रखने वाला बनना पड़ेगा।

सीजेआई ने कलकत्ता हाई कोर्ट के बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के दो सौ साल पूरे होने के मौके पर एक विशेष परिचर्चा कार्यक्रम में बोल रहे थे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता कहती है कि न्यायालय न्याय का मंदिर है। ऐसे में न्यायाधीश अगर खुद को देवता समझते हैं तो यह बहुत बड़ी भूल होगी। मुझे लगता है कि न्यायाधीश जनता के सेवक हैं। वे मामलों की सुनवाई

**▸▸ मामलों की सुनवाई करें, लेकिन अपराध के प्रति पहले से कोई धारणा तैयार नहीं करें : जस्टिस चंद्रचूड़**

करें लेकिन अपराध के प्रति पहले से कोई धारणा तैयार न करें। उन्हें सहानुभूति रखनी होगी। उन्हें इस बात का ख्याल रखना होगा कि हमारे सामने खड़ा हुआ शख्स मनुष्य है। न्यायाधीश भी सामाजिक रीति-रिवाजों के मुताबिक अपनी धारणा नहीं बना सकते। उन्हें संविधान के मुताबिक काम करना होगा। संवैधानिक नैतिकता कहती है कि एक भारतीय जो चाहे सोच सकता है, जो चाहे बोल सकता है। जिसकी चाहे पूजा कर सकता है, जिसका चाहे अनुसरण कर सकता है। किसी के साथ शादी कर सकता है और जो चाहे खा सकता है। संविधान में दी गई स्वतंत्रता का हमेशा ख्याल रखना होगा।

उन्होंने टेक्नोलॉजी का जिक्र करते हुए कहा कि इससे हमें बहुत सारे मौके मिले हैं। कोर्ट अपनी भाषा में जो फैसला सुनाता है उसे जिस भाषा में चाहें अनुवाद कर सकते हैं। हम लोगों (सुप्रीम कोर्ट) ने 51 हजार से अधिक आदेशों का कई भाषाओं में अनुवाद किया है। बंगाली और ओडिया सहित संविधान जिस किसी भी भाषा की स्वीकृति देता है, उन सभी भाषाओं में अनुवाद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं बंगाली और ओडिया भाषा का जिक्र कर रहा हूं, क्योंकि मेरी पत्नी ओड़िया को बहुत पसंद करती हैं और बंगाली भी बहुत करीब है।



**कलकत्ता हाई कोर्ट के बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी के दो सौ साल पूरे होने पर विशेष परिचर्चा मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, बंगाल के सीएम ममता बनर्जी व अन्य।**

### पूरे देश में 48 घंटे में मानसून के पहुंचने का पूर्वानुमान

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 48 घंटे में सारे देश में मानसून के पहुंचने का पूर्वानुमान जारी किया है। साथ ही चार-पांच दिन तक उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में भारी वर्षा होने के संकेत दिए हैं। पूर्वानुमान में कहा गया है कि पूर्वोत्तर भारत के ज्यादातर क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश होगी। मौसम एवं विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा के कुछ हिस्से, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ और इलाकों, मध्य प्रदेश के शेष भाग, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ और भाग और उत्तराखंड के शेष भाग तक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान दिल्ली-एनसीआर के अलावा, छत्तीसगढ़, पश्चिमी मध्य प्रदेश, ओडिशा, कोंकण और गोवा में अलग-अलग स्थानों पर ठीकठाक बारिश हुई है।

# संजय झा बने जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष

## एनडीए के साथ हमेशा रहेगा जदयू : त्यागी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य संजय झा को शनिवार को जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह निर्णय पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी ने बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की अपनी सालों पुरानी मांग भी दोहराई। जदयू नेता नीरज कुमार ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकारिणी में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गए। पहला, राजनीतिक और दूसरा संगठनात्मक।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री (नीतीश कुमार) ने राज्यसभा में पार्टी के संसदीय दल के नेता संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया। कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को एक विशेष पैकेज देने के विकल्प पर भी विचार कर सकती है। कार्यकारी अध्यक्ष पद पर अपनी नियुक्ति के बाद झा



ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार पर हमेशा ध्यान देते हैं और उम्मीद है कि विशेष दर्जे या पैकेज की (राज्य की) मांग पूरी होगी। बिहार सरकार में जल संसाधन मंत्री रह चुके झा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत भाजपा से की थी। बाद में, वह जेडीयू में शामिल हो गए। वह जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव और राज्य योजना परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं। नीरज कुमार ने कहा कि पार्टी ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने तथा परीक्षा में गड़बड़ी पर अंकुश लगाने के लिए संसद में कठोर कानून पारित करने की मांग की। झा को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें भाजपा नेतृत्व के साथ अच्छे समीकरण के लिए जाना जाता है। वह राज्यसभा में पार्टी के नेता भी हैं। कभी भाजपा के दिवंगत नेता अरुण जेटली के करीबी रहे झा को जेडीयू का

**▸▸ बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग भी दोहराई**
**▸▸ पीएम मोदी बिहार पर हमेशा ध्यान देते हैं और उम्मीद है कि विशेष दर्जे व पैकेज की मांग पूरी होगी : संजय झा**

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने के बाद उन अटकलों को भी विराम लगने की संभावना है, जिनमें अक्सर यह दावा किया जाता रहा है कि नीतीश कुमार कभी भी पाला बदल सकते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता के. सी. त्यागी ने पत्रकारों से कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार ने घोषणा की कि वह अब हमेशा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा बने रहेंगे और उनके कहीं इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं उठता। पार्टी सूत्रों ने कहा कि झा भाजपा से अच्छा तालमेल रखने और दोनों दलों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए उपयुक्त हैं। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और रामनाथ ठाकुर तथा देशभर के अन्य वरिष्ठ नेता दिल्ली में आयोजित बैठक में शामिल हुए।

### इडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर की छापेमारी

**कोलकाता।** इडी ने कोलकाता में कई जगहों पर शनिवार को 2021 के मनी लांड्रिंग मामले में छापेमारी की। पहले इस मामले की जांच सीबीआई कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि मनी लांड्रिंग से संबंधित मामले में जो छापेमारी की गई है, उसके तार विदेशों से भी जुड़े हैं। शहर में आठ अलग-अलग स्थानों पर समानांतर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें न्यू अलीपुर, जोधपुर पार्क स्थित साउथ सिटी आवासीय परिसर, लेक टाउन और जादवपुर भी शामिल है। ईडी की टीमों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान सुरक्षा दे रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मामले में मुख्य आरोप विभिन्न मल्टी-लेवल मार्केटिंग योजनाओं के तहत अवैध रूप से सार्वजनिक जमा राशि इकट्ठा करने से संबंधित है। सारदा समूह और रोज वैली समूह जैसे पोंजी घोटाले के मामलों में ऐसे ही मनी कलेक्शन कर विदेशों में ट्रांसफर किए गए थे। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के अलावा ओडिशा, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों में भी इस तरह से वसूली की गई है। इन राज्यों के विभिन्न शहरों में ऑपरेटरों के दफ्तरों और एजेंटों के नेटवर्क फैले हुए हैं। इस मामले में वित्तीय संलिप्तता हजारों करोड़ रुपये की है। निदेशालय के सूत्रों ने बताया कि जिन जगहों पर छापेमारी की गई है वहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

Er. Partha Pal



B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: **98351 29422**
**e-mail: palpartha078@gmail.com**
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# यूजीसी-नेट परीक्षा 21 अगस्त से

एजेंसी

**▸▸ अब 10 जुलाई को सीबीटी मोड में होगी एनसीइटी की परीक्षा**

**नयी दिल्ली ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) की परीक्षा 21 अगस्त से 04 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि 18 जून को आयोजित यूजीसी नेट की परीक्षा पेपर लीक होने की वजह से एक दिन बाद यानी 19 जून को रद्द कर दी गयी थी, जबकि चतुर्थ वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (एनसीईटी) की परीक्षा 12 जून का आयोजित हुई थी और उसी दिन शाम में रद्द कर दी गयी थी। वहीं, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (जॉइंट सीएसआईआर-यूजीसी नेट) की परीक्षा 25 जून से 27 जून के बीच आयोजित होने वाली थी, लेकिन एनटीए ने अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थगित कर दिया । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से शुक्रवार को यूजीसी-नेट सहित तीन परीक्षाओं की तिथि घोषित की गयी। एनटीए के मुताबिक एनसीईटी की परीक्षा अब 10 जुलाई को कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित होगी। वहीं, जॉइंट सीएसआईआर- यूजीसी- नेट की स्थगित परीक्षा अब 25 से 27 जुलाई के बीच सीबीटी मोड में आयोजित होगी, जबकि यूजीसी-नेट की परीक्षा 21 अगस्त से चार जुलाई के बीच सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी। यूजीसी इंडिया ने शनिवार को एक्स पर एनटीए की ओर से जारी अधिसूचना को पोस्ट करते हुए लिखा कि यूजीसी-नेट जून 2024 चक्र 21 अगस्त से 04 सितंबर 2024 के बीच आयोजित किया जाएगा। परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट और एनसीईटी 2024 की तिथियों की भी घोषणा की गई है। पूरी जानकारी एनटीए की वेबसाइट एचटीटीपीएः// एनटीए.एससी.इन पर प्राप्त करें।

### विशेष अदालत ने केजरीवाल को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत भेजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब घोटाले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआइ की ओर से दर्ज मुकदमे में शनिवार को 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने सीबीआई की ओर से केजरीवाल की हिरासत बढ़ाने की मांग नहीं करने और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के आग्रह के बाद यह आदेश पारित किया। सीबीआई की ओर से दलील दी गई कि केजरीवाल एक प्रभावशाली राजनेता हैं। वह हिरासत में नहीं रहने पर सबूतों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद श्री केजरीवाल तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद थे। सीबीआई ने श्री केजरीवाल से मंगलवार को पूछाताछ की थी।

SWARNREKHA COLLEGE OF NURSING
(Affiliated to JNRC & INC, New Delhi)

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| ANM | 10+2 (any Stream) | 2 Yrs. |
| GNM | 10+2 (any Stream with English) | 3 Yrs. |

SWARNREKHA COLLEGE OF PHARMACY
Recognised by: Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
Affiliated to: Jharkhand State Pharmacy Council

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| D.PHARMA | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Yrs. |

SWARNREKHA INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
Recognised by: Jharkhand State Para Medical Council

| COURSE | QUALIFICATION | DURATION |
|---|---|---|
| DMLT (PATHOLOGY) | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| DRT (X-RAY) | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| O.T. TECHNICIAN | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| OPTH. TECH. | 10+2 (Science) | 2 Yrs. |
| DRESSER | 10th | 1 Yr. |

SWARNREKHA SANSTHAN
Bargain, Bariatu Booti Road, Ranchi - 09
Mob: 8210772409, 7004418497

# अमेरिका के पर्ल हार्बर में शुरू हुआ रिमपैक

## दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास में भाग लेगा भारत का आइएनएस शिवालिक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दक्षिण चीन सागर और उत्तरी प्रशांत महासागर में तैनात भारतीय बहु-भूमिका वाला स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस शिवालिक अमेरिका के पर्ल हार्बर में चल रहे रिम ऑफ द पैसिफिक (रिमपैक) एक्सरसाइज में भाग ले रहा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास है। भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय अभ्यास जिमेक्स में भाग लेने के बाद आईएनएस शिवालिक अमेरिका के इस प्रसिद्ध बंदरगाह पर पहुंचा है। पर्ल बंदरगाह या पर्ल हार्बर हवाई द्वीप में होनोलूलू से दस किमी



उत्तर-पश्चिम, संयुक्त राज्य अमरीका का प्रसिद्ध बंदरगाह एवं गहरे जल का नौसैनिक अड्डा है। यह अमेरिकी प्रशांत बेड़े का मुख्यालय भी है। यहां 27 जून से शुरू हुआ अभ्यास 07 जुलाई तक चलेगा। अभ्यास के हार्बर चरण में कई संगोष्ठियों, अभ्यास योजना चर्चाओं खेल प्रतियोगिताओं और पारस्परिक डेक यात्राओं में भाग लिया जाएगा। रिमपैक के समुद्री चरण को तीन उप-चरणों में विभाजित किया गया है, जिसमें पहले दो उप-चरणों के दौरान जहाज बुनियादी और उन्नत स्तर के एकीकरण अभ्यास करेंगे। कार्यक्रम का समापन थिएटर स्तर के बड़े बल सामरिक अभ्यास के साथ होगा। इस अभ्यास में विमान वाहक युद्ध समूह, पनडुब्बियां, समुद्री टोही विमान, मानव रहित हवाई वाहन, दूर से संचालित सतही जहाज और बहुराष्ट्रीय नौसेनाओं के विशेष बलों के साथ संयुक्त संचालन सहित उभयचर बल लैंडिंग ऑपरेशन भी भाग लेंगे। इस अभ्यास का उद्देश्य मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना और विश्वास का निर्माण करना है। अमेरिकी नौसेना के नेतृत्व में लगभग 29 देश बहुआयामी अभ्यास के वर्तमान संस्करण में भाग ले रहे हैं। दुनिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास रिमपैक प्रतिभागियों के बीच सहकारी संबंधों को बढ़ावा देने और बनाए रखने के साथ-साथ एक अनूठा प्रशिक्षण अवसर प्रदान करता है, जो समुद्री मार्गों की सुरक्षा और दुनिया के महासागरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।